नई दिल्ली
शुक्रवार, 19 सितंबर 2025
अश्विन मास कृष्ण पक्ष,
त्रयोदशी वर्ष : 12, अंक : 156
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 36.0
न्यून. 26.0

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



9 सिंधू ने थाई शटलर के खिलाफ किया हेड टू हेड रिकॉर्ड 6-5, क्वार्टर फाइनल में पहुंची

Hero

VIDA




मना रहे हैं 125 मिलियन* ग्राहकों का जश्न

## आपका भरोसा.
## हमारे गौरव की पहचान.

हमारे लिए, 125 मिलियन कोई एक संख्या नहीं है.
यह हमारे भरोसे, गौरव और प्रगति का प्रतीक है
जिसे हम आपके साथ साझा करते हैं.
एक ऐसा मील का पत्थर जो जितना हमारा है,
उतना ही आपका भी है.
तो, हमारे हर ग्राहक, पार्टनर, हम पर भरोसा
करनेवालों और सहयोगियों को –
धन्यवाद, 125 मिलियन बार.



पेश हैं
हीरो पैशन+, विडा ईवूटर VX2 और
हीरो स्प्लेंडर+ स्पेशल एडिशन्स.

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. *As per cumulative dispatch numbers till August 2025. T&C Apply.

CALL TOLL-FREE
1800 266 0018

Authorised Dealers: South Delhi: Lajpat Nagar: Sapphire Hero- 9289923175, Pashupati Hero Adchini (Main Mehrauli Road)- 9289922381, Singla Hero Pul Prahladpur Badarpur- 9289922771, Okhla Phase II: ARC Hero- 9289922461, East Delhi: Durgapuri (Loni Road, Shahadra): Himgiri Hero- 9289922380, Pushta Kartar Nagar: Aman Hero- 9289922735, Dilshad Garden: RK Hero- 9289923010, Patparganj Pandav Nagar: Singla Autoneeds Hero- 9289923222, North Delhi: Azadpur: Shraman Hero- 9289923185, Rithala (Rohini): Metro Hero- 9289922597, Budh Vihar: JMD Autoworld Hero- 9289924188, Central Delhi: Karol Bagh (Faiz Road): EssAay Hero- 9289922382, Upper India Hero- 9289924343, West Delhi: Roshan Vihar (Najafgarh): Avni Hero- 9289922671, Paschim Vihar (Peeragarhi): Shivganga Hero - 9289922796, Palam Dabri Road (Dwarka): Singla Hero - 9289922530, Tilak Nagar: Khanna Hero- 9289922383, Bali Nagar: Khanna Hero- 9289924309, Nawada: Khanna Hero- 9289924310. Ghaziabad: Globe Hero- Meerut, Delhi Road- 9289922073, Aman Hero- Shiv Puri, Vijay Nagar- 9289232123; Sahibabad: Sahib Hero- 9289922486; Noida: Dhansri Hero, H-206A, Sector 63 - 9289923044, Uppal Hero (B 124, Sector-5)- 9289922462, Singla Hero (C-70, Sector-58)- 9289923059; BulandShahr: Shri Durga Hero, Delhi Road- 9289922504, Krishna Hero, RajeBabu Road- 9289922410, Hapur: Globe Hero- 9289923209, Gurugram: Globe Agencies, Sec–18, Noble Enclave - 9289233915, Himgiri Hero- 9289923046, Sharma Hero, Basai Road Sector 11 - 9289923221, Autoneeds Hero- 9289922051, Jasodha Hero - 9289922495, Himgiri Hero (Wazirabad)- 9289924247, Himgiri Hero (Railway Road) - 9289924248; Sohna: Auto Links Hero, No. 160/2 Delhi Road- 9289924089; Faridabad: Sehgal Hero- 9289922419, Sehgal Hero, NIT- 7217627327.

SAATCHI & SAATCHI

### गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार बदल रहा था ठिकाने

# हत्या के प्रयास मामले में वांछित अपराधी मुंबई से किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



जहांगीरपुरी पुलिस ने हत्या के प्रयास मामले में वांछित अपराधी प्रिंस उर्फ सुजल (22) को मुंबई से गिरफ्तार किया है। आरोपी अपराध करने के बाद फरवरी से फरार था और गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहा था।

डीसीपी भीष्म सिंह के अनुसार आदित्य नामक एक 16 वर्षीय किशोर की शिकायत पर इस साल तीन फरवरी को जहांगीरपुरी थाने में शिकायत दर्ज करवाई थी। उसने बताया कि लगभग 3:10 बजे, आरोपी हर्ष उर्फ अचू और प्रिंस उर्फ सुजल ने अपने साथियों के साथ मिलकर निजी रंजिश के कारण उस पर और उसके दोस्तों पर 3-4 राउंड फायरिंग की है। अगले दिन ही हर्ष को पकड़ लिया गया था। उसने खुलासा किया कि उसने प्रिंस द्वारा उपलब्ध कराई गई पिस्तौल से पीड़ितों पर गोलियां चलाई थी। 29 मार्च को आरोपी गिरीश और अंकित को भी गिरफ्तार किया गया, जिन्होंने हर्ष और प्रिंस की सक्रिय भूमिका की पुष्टि की। बार-बार तलाशी अभियान के बावजूद आरोपी प्रिंस फरार रहा और गिरफ्तारी से बचने के लिए कई बार स्थान बदलता रहा। तकनीकी निगरानी, मैनुअल इंटेलिजेंस और स्थानीय पूछताछ का उपयोग करके उसके संभावित ठिकानों पर गहन तलाशी अभियान चलाए गए। हाल ही में उसके मुंबई में होने का पता चला। स्थानीय पुलिस की सहायता से आरोपी को मुंबई के खार दांडा से पकड़ लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपराध में अपनी सक्रिय संलिप्तता स्वीकार की। उसने खुलासा किया कि उसने सह-आरोपी हर्ष के साथ मिलकर व्यक्तिगत दुश्मनी के कारण पीड़ित पर गोली चलाई थी। उसने यह भी बताया कि घटना में प्रयुक्त हथियार का प्रबंध और प्रावधान उसने ही किया था।

### सात साल से फरार हत्या का आरोपी दबोचा

नई दिल्ली। क्राइम ब्रांच की दक्षिणी रेंज ने इंदिरा कल्याण विहार, ओखला फेज-1 निवासी अर्जुन चौहान उर्फ बुलडॉग (30) को गिरफ्तार किया है। वह एक सनसनीखेज हत्या के मामले में सात साल से अधिक समय से फरार था। आरोपी को भगोड़ा घोषित किया जा चुका था। डीसीपी आदित्य गौतम ने बताया कि 13 अक्टूबर 2018 को ईएसआई अस्पताल से एक मृत व्यक्ति के बारे में पुलिस को सूचना मिली। मृतक की पहचान सईद अनवर के रूप में हुई, जिस पर आरोपियों ने कई बार चाकू से वार किया था। ओखला औद्योगिक क्षेत्र पुलिस स्टेशन में आईपीसी की धारा 302 के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी। जांच के दौरान तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। हालांकि, अर्जुन चौहान उर्फ बुलडॉग फरार होने में कामयाब हो रहा था। स्थानीय पुलिस के लगातार प्रयासों के बावजूद उसका पता नहीं चल सका। परिणामस्वरूप 11 फरवरी 2019 को उसे भगौड़ा अपराधी घोषित कर दिया गया था। हाल ही में विश्वसनीय सूचना मिली कि वांछित आरोपी बल्लभगढ़, हरियाणा में छिपा हुआ है। त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम ने जाल बिछाया और निरंतर तकनीकी और मानवीय निगरानी के बाद, सेक्टर-57, फरीदाबाद, बल्लभगढ़, हरियाणा से अर्जुन चौहान को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी पहचान बदलकर ड्राइवर का काम कर रहा था।

### 21 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला आज

# डूसू चुनाव के लिए मतदान संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू)चुनाव में सेंट्रल पैनल के चार पदों के लिए गुरुवार को मतदान संपन्न हो गया। शाम की शिफ्ट वाले कॉलेज के लिए शाम 7.30 बजे तक वोटिंग का समय था। आज शुक्रवार (19 सितंबर) को चार पदों पर कौन काबिज होगा इसका फैसला होगा। इन चार पदों के लिए कुल 21 उम्मीदवारों ने अपनी किस्मत आजमाई। मुख्य मुकाबला एनएसयूआई और एबीवीपी के बीच ही माना जा रहा है। डूसू चुनाव में शाम पांच बजे तक 39.45 प्रतिशत मतदान रिकॉर्ड किया गया। चुनाव दो चरणों में हुए। सुबह की कक्षाओं के लिए साढ़े 8 बजे से 1 बजे तक और शाम की कक्षाओं के लिए 3 बजे से साढ़े 7 बजे तक वोटिंग हुई। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) चुनाव में बृहस्पतिवार को दोपहर ढाई बजे तक लगभग 35 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। इस दौरान प्रमुख छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) और भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ (एनएसयूआई) ने एक-दूसरे पर मतदाताओं को प्रभावित करने और धांधली के आरोप लगाए है। मुख्य चुनाव अधिकारी राज किशोर शर्मा ने बताया कि मिरांडा हाउस कॉलेज में लोकतांत्रिक भागीदारी का उत्साहजनक प्रदर्शन देखने को मिला, जहां पांच हजार में से 60 प्रतिशत से अधिक छात्राओं ने मतदान किया। चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए दिल्ली पुलिस ने 600 से अधिक कर्मी तैनात किए हैं, जिनमें 160 कर्मी बॉडी कैमरों से लैस हैं। साथ ही सीसीटीवी और ड्रोन निगरानी भी की जा रही है। लिंगदोह समिति के दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करते हुए इस बार कैंपस में पोस्टर-बैनर नहीं दिखाई दिए। एबीवीपी समर्थकों ने यह भी आरोप लगाया कि वर्तमान डूसू अध्यक्ष और एनएसयूआई नेता रौनक खत्री बाहरी लोगों के साथ किरोड़ीमल कॉलेज में घुस आए और हंगामा किया। हालांकि, खत्री ने कॉलेज के बाहर 'एक्स' पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने कहा कि एबीवीपी छात्रों पर वोट डालने के लिए दबाव डाल रही है और सुबह से ही परिसर में वोट चोरी होने का आरोप लगाया।



### एनएसयूआई ने लगाए धांधली के आरोप

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के केंद्रीय छात्र संगठन के चुनाव के लिए हुए मतदान के दिन गुरूवार को जहां एक तरफ नेशनल स्टूडेंट यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) ने प्रशासन की मिलीभगत से एबीवीपी के समर्थन में वोट डाले जाने के आरोप लगाए। वहीं दूसरी तरफ एनएसयूआई के समर्थन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव खुद कइर कॉलेजों में गए और छात्रों से समर्थन की अपील की। वहीं यादव के दिया निर्देश पर अलग अलग कॉलेजों में कांग्रेसी नेता भी मौजूद रहे। एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरूण चौधरी ने आरोप लगाए कि पुलिस प्रशासन मिलकर एबीवीपी के समर्थन में मतदान करने में जुटे रहे। उन्होंने आरोप लगाए कि मिलीभगत के चलते कुछ ईवीएम मशीनों पर नीले रंग की स्याही लगाकर छात्रों को भ्रमित कर वोट डलवाए गए। उन्होंने कहा कि छात्रों को धमकाया व परेशान किया गया, बावजूद हमें उम्मीद है कि बिना डरे छात्र 17 साल बाद बदलाव लाने जा रहे है। चौधरी ने कहा कि एनएसयूआई के उम्मीदवारों को मिल रहे समर्थन से विपक्षी संगठन बुरी तरह परेशान हो गया है। इसके अलावा एनएसयूआई की तरफ से अध्यक्ष के लिए चुनाव लड़ रही जेसलिन नंदिता चौधरी ने कहा कि मैंने ईवीएम से छेड़छाड़ के मामले को लेकर खुद प्रशासन से शिकायत की लेकिन कोई असर नहीं हुआ।

### दिल्ली में प्रस्तावित एसआईआर भाजपा को वोट चोरी करने में मदद करने वाला साबित न होः यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

चुनाव आयोग का दिल्ली में विशेष गहन पुन परीक्षण (एस.आई.आर) 2025 पर बोलते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि यह भाजपा को वोट चोरी करने में मदद करने वाली प्रक्रिया न हो। यादव ने आरोप लगाए कि दिल्ली में चुनाव आयोग द्वारा एस.आई.आर. करना भाजपा के वोट चोरी के षडयंत्र को दबाने और गरीबों, झुग्गी झौपड़ीवालों और दूसरे शहरों से बसे प्रवासियों को दिल्ली से खदेड़ने की साजिश है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम काटने और शामिल करने के लिए भाजपा जिम्मेदार है, क्योंकि 2014 से केंद्र में भाजपा सत्ता में है कांग्रेस नहीं। यादव ने कहा कि मैं चुनाव आयोग से पूछना चाहता हूं कि 2002 में दिल्ली की जनसंख्या सिर्फ 1.39 करोड़ थी और 2025 में दिल्ली में मतदाताओं की संख्या 1.55 करोड़ है। दिल्ली चुनाव आयोग के पास ऐसा कौन सा फार्मूला है जिससे वो 2002 की मतदाता सूची के साथ 2025 की मतदाता सूची के साथ मिलान करके एस.आई.आर. को अंजाम देंगे। यादव ने दिल्ली भाजपा पर निशाना लगाते हुए कहा कि प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा पहले अपने गिरेबान में झांके फिर कोई बयानबाजी करें। दिल्ली सहित देश भर में वोट चोरी के प्रकरण की महारथी भाजपा का वोट चोरी का खेल पूरे देश के सामने उजागर हो चुका है। उन्होंने कहा कि 2014 से केन्द्र में भाजपा की सरकार है और दिल्ली की पुलिस केन्द्रीय गृह मंत्रालय के हाथ में है। वीरेन्द्र सचदेवा कांग्रेस को कोस कर सिर्फ अपनी मौलिक जिम्मेदारी निभाने का काम कर रहे है।

### संगठित अपराध पर अंकुश के लिए पुलिस ने की छापेमारी

नई दिल्ली।

दिल्ली पुलिस ने संगठित अपराध पर अंकुश लगाने के लिये एनसीआर क्षेत्र में विभिन्न गिरोहों के सदस्यों और सहयोगियों को निशाना बनाकर छापेमारी की है। इसके पीछे मकसद है अपराधियों को हथियार और फंड समेत अन्य सुविधाएं मुहैया करवाने वालों की कड़ी को चेन से बाहर निकालना, ताकि अपराधियों की कमर टूट सकें। बाहरी उत्तर जिला पुलिस की करीब 40 टीमों ने बुधवार रात टिल्लू ताजपुरिया, नीरज बवाना, राजेश बवाना, जितेंद्र उर्फ गोगी और काला जठेड़ी गिरोहों के खिलाफ एक साथ अभियान चलाया। पुलिस के अनुसार अपराधियों को हथियार और पैसों की आपूर्ति करने वालों पर भी छापे मारे गए हैं। इस दौरान पुलिस ने नकदी और कई हथियार भी बरामद किये हैं। इससे पहले द्वारका पुलिस भी इसी तरह का अभियान चला चुकी है। नंदू गिरोह के छिकानों पर छापेमारी की गई थी। उसके फाइनेंसर भी पकड़े गये थे। करोड़ों की जूलरी, कैश और कारें जब्त की गई थी।

### डीटीसी की यू स्पेशल बस में संगीत के साथ सफर

**नई दिल्ली।** दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की नई शुरुआत के दूसरे शुक्रवार को यू स्पेशल बस में अर्जुन भौमिक स्वर लहरियां बिखेरेंगे। यह डीटीसी के नए प्रयोग संगीत के साथ सफर के रूप में किया जा रहा है। डीटीसी के अनुसार शुक्रवार को यू स्पेशल बस में इस बार गूंजेगी भजनों की मधुर आवाज। हमारे विशेष कलाकार, अर्जुन भौमिक अपनी मधुर आवाज से यू स्पेशल बस के सफर को भक्ति से भर देंगे। डीटीसी ने आह्वान किया कि आओ तो, इस शुक्रवार, यू स्पेशल -1 बस पर जरूर सवार हों और इस आध्यात्मिक अनुभव का आनंद लें। समय दोपहर 3 बजे से पटेल चेस्ट से नरेला के बीच का सफर भक्ति भाव भरे भजनों के साथ। डीटीसी ने युवा कलाकारों को अपनी कला दिखाने के लिए आमंत्रित करते हुए कहा है कि अगर आप भी टीजीआईएफ में अपनी एंट्री भेजना चाहते हैं तो मेल करें।

### बाढ़ बाद यमुना किनारे बने अनेक दार्शनिक स्थलों का हुआ बुरा हाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बेशक यमुना नदी में आई बाढ़ उतर गई हो लेकिन आम लोगों के साथ साथ यमुना किनारे बने प्रसिद्ध व दार्शनिक स्थलों को बहुत नुकसान पहुंचा है। कई खूबसूरत पार्कों को बहुत बुरी तरह प्रभावित किया है। इनमें यमुना किनारे बने डीडीए के करोड़ों रुपए से बने वासुदेव घाट तथा यहां बने सुंदर व विशाल वासुदेव पार्क को नुकसान पहुंचा है। इसी प्रकार असिता ईस्ट पार्क (यमुना रिवर फ्रंट) भी बाढ़ की चपेट में आने से बदहाल हा चुका है। डीडीए के एक अधिकारी के अनुसार करोड़ों की लागत से तैयार हुए वासुदेव पार्क में बाढ़ के बाद लगभग 2-3 फुट तक मिट्टी व गाद जमा हो गई है। जिससे लगभग छोटे पेड़ पौधे, घास आदि खत्म हो गए है। अधिकारी ने बताया कि डीडीए ने इसकी साफ सफाई कार्य शुरू कर दिया है। जेसीबी मशीनों की मदद से मिट्टी, रेत व गाद को हटाकर दूसरी जगह भेजा जा रहा है। अधिकारी की माने तो अगले 20 दिनों के करीब उसको साफ करने में लग जाएगें। अधिकारी ने बताया कि इसी प्रकार असिता ईस्ट पार्क यमुना रिवर फ्रंट का भी बुरा हाल हो चुका है। अस्ति पार्क में बाढ़ उतरने के बावजूद अभी भी लबालब पी भरा पड़ा है।

# पूर्वी दिल्ली में फ्लाईओवर से गिरकर व्यक्ति की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली के पांडव नगर इलाके में गुरुवार तड़के 49 वर्षीय एक व्यक्ति की फ्लाईओवर से गिरते ही वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। यह घटना राष्ट्रीय राजमार्ग-24 पर मंगलम कट फ्लाईओवर के पास रात करीब 12 बजे हुई। यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया कि वह व्यक्ति पैदल यात्री था या वाहन पर सवार था। पुलिस उपायुक्त अभिषेक धानिया ने बताया कि घटनास्थल पर एक कार और एक स्कूटी क्षतिग्रस्त हालत में मिले, लेकिन जब तक पुलिस वहां पहुंची, तब तक घायल व्यक्ति को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में भर्ती कराया जा चुका था। अस्पताल में डॉक्टरों ने पीड़ित को मृत घोषित कर दिया। अधिकारी ने बताया कि बाद में व्यक्ति की पहचान गाजियाबाद के इंदिरापुरम निवासी राकेश कुमार अग्रवाल (49) के रूप में हुई। शिकायतकर्ता ऑटो चालक अमित कुमार के अनुसार, वह गाजीपुर की ओर जा रहा था, तभी उसने एक व्यक्ति को फ्लाईओवर से सर्विस रोड पर गिरते देखा। डीसीपी ने बताया कि गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को कुछ राहगीरों की मदद से अमित कुमार के ऑटो से अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि फ्लाईओवर पर किसी अज्ञात भारी वाहन ने पीड़ित को टक्कर मारी, जिसके कारण वह नीचे गिर गया। पांडव नगर पुलिस थाने में बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 (2)(ii)Cr. P. C. देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नीरज पुत्र रमेश** निवासी : आई–758 मंगोलपुरी, दिल्ली ने **Case/FIR No. 1125/19 u/s 25 Arms Act** के अंतर्गत **थाना : मंगोलपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **नीरज** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **नीरज** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **Case/FIR No. 1125/19 u/s 25 Arms Act थाना : मंगोलपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **नीरज** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 29.10.2025 को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
रीतिका जैन, जेएमएफसी
कमरा नं. 105, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/11881/OD/2025
(court matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 (2) (ii) Cr. Pc. देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **निर्मल उर्फ लकी उर्फ विक्की, पिता रणवीर,** निवासी C-234/235, जे.जे. कॉलोनी, कैंप नंबर 2, नांगलोई, दिल्ली ने **FIR No. 438/21 U/S 25/54/59 IPC.** के अंतर्गत **पी.एस. नांगलोई, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **निर्मल उर्फ लकी उर्फ विक्की** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **निर्मल उर्फ लकी उर्फ विक्की** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 438/21 U/S 25/54/59 IPC. पी.एस. नांगलोई, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **निर्मल उर्फ लकी उर्फ विक्की,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **12.12.2025** के या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
विजयश्री राठौर
जेएमएफसी–10, वेस्ट, कमरा नंबर 345,
तिस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/12436/OD/2025
Court Matter


### सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत तुगलकाबाद गांव में रक्तदान शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिवस 17 सितंबर से प्रारंभ सेवा पखवाड़ा के तहत दूसरे दिन दक्षिणी दिल्ली लोक सभा के पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी ने जिला स्तर पर तुगलकाबाद गांव स्थित प्राचीन शिव मन्दिर में रक्तदान शिविर का आयोजन करवाया। जिसमें दक्षिणी दिल्ली लोक सभा क्षेत्र की 6 विधान सभाओं बदरपुर, तुगलकाबाद, कालकाजी, संगम विहार, देवली व अम्बेड़कर नगर क्षेत्र से लगभग 300 युवा रक्तदाताओं ने भागीदारी की। इस अवसर पर भाजपा दिल्ली प्रदेश प्रवक्ता विक्रम बिधूड़ी, दक्षिण जिला महामंत्री बलबीर सिंह, निगम पार्षद रविन्द्र गुड्डी चौधरी, पूर्व निगम पार्षद नीरज गुप्ता, राजपाल पोसवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष श्री मनीष बिधूड़ी सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के सम्मानित निवासी मौजूद रहे।

# घरेलू सहायिका ने तीसरी मंजिल से लगाई छलांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



पूर्वी जिले के आईपी एक्सटेंशन में गुरुवार शाम एक घरेलू सहायिका ने मालकिन के घर की तीसरी मंजिल से नीचे छलांग लगा दी। पुलिस को शाम करीब 5:15 बजे एलबीएस अस्पताल से इस संबंध में कॉल प्राप्त हुई। शुरुआती तौर पर कहा जा रहा है कि चोरी करते पकड़े जाने पर घरेलू सहायिका ने छत से छलांग लगाई है। फिलहाल वह अस्पताल में भर्ती है और बयान देने की स्थिति में नहीं है। पुलिस उसके बयान का इंतजार कर रही है। मिली सूचना के अनुसार आशा (18) पुत्री स्वर्गीय राकेश, निवासी झुग्गी संख्या 265, गली संख्या 6 अल्लाह कॉलोनी, स्थायी पता ग्राम जिगमन, जिला छतरपुर, मध्य प्रदेश, वर्धन अपार्टमेंट की तीसरी मंजिल से गिरने के बाद अस्पताल में भर्ती करवाई गई थी। उक्त फ्लैट अशोक करनानी (49) का है। घटनास्थल की जांच की गई और करनानी परिवार के सदस्यों के बयान दर्ज किए गए। पता चला कि पीड़िता पिछले एक साल से फ्लैट में घरेलू सहायिका के रूप में काम कर रही थी। घटना के दिन उसे कथित तौर पर मालकिन श्वेता करनानी (49) ने तीन हजार रुपये चुराते समय पकड़ लिया था। इसके बाद आशा रसोई में गई और वहां स्थित एक छोटी खिड़की से बाहर कूद गई। घटना के समय करनानी परिवार की चार महिलाएं घर में मौजूद थी। घायल महिला को जीटीबी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका वर्तमान में आईसीयू में इलाज चल रहा है और उसे बयान देने के लिए अयोग्य घोषित किया गया है। आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# दिल्ली में पुलिस की गाड़ी चाय के खोखे से टकराई, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



मंदिर मार्ग इलाके में गुरुवार सुबह पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) की एक वैन सड़क किनारे चाय के खोखे में जा घुसी। इस हादसे में 55 वर्षीय एक दिव्यांग चाय वाले की मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने दावा किया कि पुलिसकर्मी नशे में लग रहे थे और उनकी गाड़ी में शराब की बोतलें थीं। हालांकि, इस पर अफसरों का कहना है कि चिकित्सीय जांच में पुलिसकर्मियों के शराब के नशे में होने की पुष्टि नहीं हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार यह हादसा सुबह करीब पांच बजे तब हुआ जब गंगाराम तिवारी (55) अपने चाय के खोखे में सो रहे थे। पीसीआर वैन के चालक कांस्टेबल खिमलेश को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि एएसआई को निलंबित कर दिया गया है। पीसीआर वैन के चालक ने पुलिस को बताया कि उसने गलती से ब्रेक के बजाय एक्सीलेटर दबा दिया, जिससे यह हादसा हुआ। घटना के बारे में विवरण देते हुए एक स्थानीय निवासी ने बताया कि हम यहां पिछले दस साल से रह रहे हैं और मूलरूप से गोंडा (उत्तर प्रदेश) के रहने वाले हैं। जब हादसे के बाद हम अपने तंबू से बाहर निकले तो देखा कि एक पीसीआर वैन ने गंगाराम को कुचल दिया था। हमने पुलिसकर्मियों को भागने से रोकने का प्रयास किया और उनकी वैन में शराब की बोतलें भी देखीं। उन्होंने आरोप लगाया कि जब स्थानीय लोगों ने पुलिसकर्मियों को रोकने की कोशिश की तो एक पुलिसकर्मी ने अपनी पिस्तौल निकालकर एक व्यक्ति के सिर पर तान दी। यह भी आरोप लगाया कि पुलिसकर्मियों ने वीडियो रिकॉर्ड कर रहे एक व्यक्ति का मोबाइल फोन फेंक दिया। अक्सर चाय की दुकान पर आने वाले एक अन्य शख्स ने कहा कि सुबह करीब पांच बजे वैन तेज गति से आई और चायवाले को कुचल दिया। आमतौर पर वह साढ़े चार बजे तक जाग जाता था, लेकिन आज वह देर तक सो रहा था। उन्होंने बताया कि पुलिसकर्मी अक्सर चाय की दुकान पर आते थे। तिवारी के परिवार में उनकी पत्नी और छह बच्चे हैं, जिनमें से एक 22 वर्षीय बेटा दिल्ली में रहता है। उनकी पत्नी और अन्य बच्चे गोंडा में रहते हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।


**The Sonipat Coop. Sugar Mills Ltd; Sonipat**

**Tender Notice**

Sealed tenders in one way systems are invited, from the reputed manufacturer/ distributor/firm/individual registered/qualified supplier for the supply of following items/job work/contracts:-

| Sr. No. | Item |
|---|---|
| 1. | Rate Contractor for one year of hiring J.C.B. machine. |
| 2. | Rate Contractor for one year of hydraulic crane. |
| 3. | Overhauling, Servicing of air blowers 2 nos, and spares |
| 4. | Servicing and AMC of air compressor and driers |
| 5. | Checking and refilling of gas hydraulic accumulators. |
| 6. | Repairing and replacement of butterfly valves rubbers seat, driving gear, pin, flap etc. |
| 7. | Centrifuging filtration on 3 MW power turbine and mill turbine oil |
| 8. | Rate contract of Submersible motor pump set for one year. |
| 9. | Regarding servicing of 250 KVA DG set. (Kirlcaskar make) |
| 10. | Regarding repair of the instrument items/equipment from the outside experts. |
| 11. | AMC and Overhauling of vertical injection pump. |
| 12. | Repairing and Calibration of all chain blocks, slings, wire ropes, EOT cranes of mill house and power house etc. |
| 13. | Purchase of all factory lubricants, Grease.<br>1. Grease BRB-30<br>2. Oil E-10 |
| 14. | Purchase of Computer & networking spares |
| 15. | Installation of Weighbridge at out cane purchasing center, dismantling and arrival at sugar mill from out cane purchasing centre. |
| 16. | A.M.C. of Mill gate weighbridges. |
| 17. | Lifting the Joon from donga for the crushing season 2025-26 (till the end of crushing season). |
| 18. | AMC of Bag stitching Machines with Spares during Season 2025-26. |
| 19. | Complete dismantling of the Old unused juice heater near mounted of body 600 $m^2$ and shifting to scrap yard along with its all valves, pipe lines, connections etc. and dismantling of all old tubes. |
| 20. | Complete dismantling of the old drive system of Dorr with its accessories i.e. old sprocket, base fitting, fitting with shaft etc. and fitting of new drive system with its all accessories i.e. big sprocket,base fitting with shaft etc, along with trial. |
| 21. | Purchase of Spary Pond (PVC Culster). |
| 22. | Purchase of Hydraluic Bucket. |
| 23. | Replacement of Damages Motor Connection Leads in Various House approval requested. |
| 24. | Regarding white wash and painting work in the power house. |
| 25. | A.M.C. and repairing of the planetary gear boxes along with spares. Per visit basis. |
| 26. | Purchase of Rubber Plugged. |
| 27. | Purchase of Welding set |
| 28. | Purchase of S.S. stuffing box plate |
| 29. | Purchase of Sub-Mersible Motor pump set |

The tender documents containing the detail of specifications quality of items, term and conditions governing the submission of tenders will be available at the office of the undersigned or detail of tender documents also available at our website **"sugarmillsonipat.in"** till 18.09.2025 at cost of Rs.100/- to be paid in cash or by depositing in our Bank Account No. **01911450000424** with H.D.F.C., Main Branch, Subhash Chowk, Sonipat RTGS/IFSC code No. **HDFC0000191.** Tender form complete in all respects accompanied in favour of "The Sonipat Coop. Sugar Mills Ltd., Sonipat" must reach the office of undersigned latest by **26.09.2025 hour of 10:00 A.M.** and tender will be opened on **26.09.2025 at 10:30 A.M.** in the office of undersigned and negotiation dated **27.09.2025 at 11:00 A.M.**

This notice is being issued only for informational purpose and shall not be deemed to vary, alter or modify the terms of tender documents in any manner whatsoever.

**Sd/- Managing Director,**
**The Sonipat Coop: Sugar Mills Ltd; Sonipat.**

नई दिल्ली
शुक्रवार, 19 सितंबर 2025
अश्विन मास कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी वर्ष : 12, अंक : 156
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 36.0
न्यून. 26.0

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | उछाल |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 83,013.96 | 320.25 ▲ |
| निफ्टी | 25,423.60 | 93.35 ▲ |

| धातु | कीमत | नीचे/ऊपर |
|---|---|---|
| सोना | 1,13,200/- | 600/- ▼ |
| चांदी | 1,31,500/- | 300/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | गिरावट |
|---|---|---|
| रुपया | 88.13 | 28 पैसे ▼ |
| क्रूड ऑयल | 67.66 बैरल | 0.43% ▼ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

# टैरिफ में कोई कटौती नहीं लेकिन भारत और पीएम मोदी को ट्रंप ने बताया अपना करीबी

बोले अमेरिकी राष्ट्रपति, तेल की कीमतें घटाने पर है मेरा पूरा जोर, जिससे यूक्रेन संघर्ष का समाधान निकालने पर मजबूर होगा रूस

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

रूस से जारी कच्चे तेल की खरीद पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ में बिना किसी कटौती के अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का गुरुवार को भारत को लेकर बने हुए उनके मौजूदा रुख में नरमी का संकेत देने वाला एक और बयान सामने आया है। जिसमें उन्होंने भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपने निकट संबंधों पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि मैं भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बेहद करीब हूं। हमारे बीच बहुत अच्छा संबंध है। ट्रंप फिलहाल ब्रिटेन में हैं और उन्होंने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के साथ हुई अपनी द्विपक्षीय बैठक के बाद आयोजित की गई मीडिया ब्रीफिंग में यह जानकारी दी है।

**जन्मदिन की बधाई के बाद आया बयान**



यहां बता दें कि बीते मंगलवार को पीएम मोदी के 75वें जन्मदिन की पूर्व संध्या पर किए गए राष्ट्रपति ट्रंप के फोन कॉल के करीब 48 घंटे में भारत और उसके शीर्ष नेता के बारे में की गई ये उनकी दूसरी महत्वपूर्ण प्रतिक्रिया है। जिसे लेकर ट्रंप ने कहा कि उन्होंने हाल ही में भारतीय प्रधानमंत्री से फोन पर बात की और उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है। जिस पर मोदी ने प्रतिक्रिया देते हुए एक अच्छा बयान जारी किया है। अमेरिका के राष्ट्रपति का ये बयान हालांकि एक ऐसे समय में भी आया है। जब उन्होंने यूरोपीय देशों द्वारा रूस से की जा तेल की खरीद को लेकर उनकी आलोचना की है। जिसमें ट्रंप ने इस बात पर जोर दिया है कि इससे यूक्रेन संघर्ष के दौर में मॉस्को को अलग-थलग करने के उनके प्रयासों को झटका लगता है। उन्होंने सुझाव दिया कि तेल की वैश्विक कीमतों में कमी ही रूस को इस संघर्ष का समाधान निकालने के लिए मजबूर करने की चाबी बन सकती है।

टैरिफ संकट के बीच अमेरिका ने फिर दिया भारत को जोर का झटका...

## रद्द किया प्रतिबंधित दवा 'फेंटेनाइल प्रीकर्सर' की तस्करी में शामिल भारतीय व्यापारियों और कॉर्पोरेट नेतृत्व का वीजा





**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** 50 फीसदी टैरिफ को लेकर उपजे तनाव का अभी पूरी तरह से समाधान भी नहीं हुआ था कि अब अमेरिका ने भारत को एक और झटका दे दिया है। जिसमें नई दिल्ली में मौजूद अमेरिका के दूतावास ने प्रतिबंधित दवा 'फेंटेनाइल प्रीकर्सर' की तस्करी में शामिल भारतीय व्यापारियों और कॉर्पोरेट नेतृत्व का वीजा रद्द कर दिया है। गुरुवार को एक्स पोस्ट के जरिए इसकी घोषणा करते हुए दूतावास ने बताया कि अमेरिका में फेंटेनाइल और उसके पूर्ववर्ती पदार्थों के प्रवाह को रोकना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। इसी दृष्टिकोण पर ध्यान केंद्रित करते हुए हमने फेंटेनाइल प्रीकर्सर के साथ ही नियंत्रित पदार्थों की तस्करी में अवैध रूप से शामिल होने के कारण कंपनी के अधिकारियों और उनके परिवारों के वीजा रद्द कर दिए हैं। ये वो लोग हैं, जो हमारे देश में अवैध दवाओं के प्रवाह में मदद करते हैं। दूतावास ने अपनी पोस्ट में हालांकि इस अंतरराष्ट्रीय खतरे से निपटने में भारत सरकार के अपने समकक्षों के निरंतर सहयोग के लिए उनका आभार भी व्यक्त किया है। ▸▸ शेष पेज 5 पर

### ट्रंप की चेतावनी बनी आधार

*भारत दुनिया के उन करीब दो दर्जन देशों में शामिल रहा है। जिन्हें लेकर अमेरिका ने यह कहा था कि वो फेंटेनाइल दवा से जुड़े इस मामले को लेकर इन सभी देशों पर कड़ी नजर रख रहा है। वहीं, भारत में अमेरिका के दूतावास ने भारतीयों का वीजा रद्द करने का यह कदम राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा दवाओं की बड़े पैमाने पर तस्करी और नशीले पदार्थों के उत्पादन वाले देशों को दी गई चेतावनी के कुछ घंटों के अंदर उठाया है।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

**खबर संक्षेप**

### वैष्णो देवी यात्रा रोके जाने के बाद फिर शुरू



**जम्मू।** माता वैष्णो देवी यात्रा के लिए पंजीकरण शुरू हुआ। खराब मौसम के कारण कुछ समय तक यात्रा स्थगित रही तीर्थयात्रा को प्राधिकारियों ने फिर से शुरू करने का फैसला किया है। जम्मू कश्मीर के रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित मंदिर के लिए तीर्थयात्रा भूस्खलन और भारी बारिश के कारण 22 दिन तक स्थगित रही थी और इसे गुरुवार को बहाल किया।

### 12 करोड़ का ड्रग्स जब्त, तस्कर गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** पुलिस ने कछार जिले में 12 करोड़ रुपए मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए हैं और एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि पुलिस ने जिले के कथलबस्ती इलाके में एक बड़े मादक पदार्थ रोधी अभियान में 40,000 याबा टैबलेट जब्त किए। 12 करोड़ रुपए के मादक पदार्थ जब्त। कथल बाईपास के पास कथलबस्ती में मादक पदार्थ रोधी अभियान में पुलिस पकड़ा।

### लापता नौसेना अधिकारी का खाई में मिला शव

**मुंबई।** मुंबई के पास माथेरान हिल स्टेशन पर ट्रेकिंग के दौरान लापता हुए नौसेना के 33 वर्षीय अधिकारी का शव सड़ी-गली हालत में एक खाई में मिला। मृतक की पहचान सूरजसिंह अमरपालसिंह चौहान के रूप में हुई है, जो दक्षिण मुंबई के कोलाबा में मास्टर चीफ, क्लास-द्वितीय के पद पर कार्यरत थे और चार महीने पहले ही ड्यूटी पर आए थे। चौहान सात सितंबर को माथेरान में ट्रेकिंग के लिए भीवपुरी-गारबेट मार्ग के रास्ते गए थे और बाद में उनका कुछ पता नहीं चला।

सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच हुए रक्षा समझौते पर भारत की पैनी नजर...

# बोले-प्रवक्ता जायसवाल, भारत के राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा के लिए सरकार प्रतिबद्ध

- राष्ट्रीय सुरक्षा और क्षेत्रीय व वैश्विक स्थिरता पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन करेगा भारत
- विशेषज्ञ बोले, भारत पर इस समझौते का गंभीर प्रभाव पड़ने का है अंदेशा

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

सऊदी अरब और पाकिस्तान ने बीते बुधवार को एक साझा रणनीतिक रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। जिसका पश्चिम-एशिया से लेकर दक्षिण-एशिया तक गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। मामले की इसी संवेदनशीलता को भांपते हुए विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान जारी कर समझौते से जुड़े हुए इस महत्वपूर्ण घटनाक्रम को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है।

जिसमें मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमने सऊदी अरब और पाकिस्तान के मध्य साझा रणनीतिक रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर से जुड़ी खबरें मीडिया में देखी हैं। इस घटनाक्रम के हमारे देश की राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ-साथ क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्थिरता पर पड़ने वाले प्रभावों का हम अध्ययन करेंगे। भारत सरकार देश के राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा के अलावा सभी क्षेत्रों में राष्ट्रीय सुरक्षा को व्यापक बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने ये भी कहा कि सरकार को इस बात की जानकारी है कि ये घटनाक्रम जिसके जरिए दोनों देशों के बीच एक दीर्घकालिक व्यवस्था बनी है। उस पर हम विचार कर रहे हैं।



**पाक सेना को मजबूती देगा सऊदी का फंड**

*वहीं, इस समझौते को लेकर भारत की विदेश नीति से लेकर रणनीतिक मामलों के विशेषज्ञों ने सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। भारत के पूर्व विदेश सचिव कंवल सिब्बल ने एक्स पोस्ट में इस समझौते को एक गंभीर घटनाक्रम बताते हुए इसके कई प्रभाव पड़ने का उल्लेख किया है। उन्होंने कहा कि समझौते से यह साफ हो जाता है कि अब सऊदी अरब का फंड पाकिस्तान की सेना को मजबूत बनाने में इस्तेमाल किया जाएगा। इजरायल के खिलाफ पाकिस्तान प्रत्यक्ष रूप से अरब देशों को परमाणु सुरक्षा देने पर जोर दे रहा है। पाकिस्तान और सऊदी अरब की साझेदारी नई नहीं है। लेकिन वर्तमान समझौते से हुई कवायद भारत को ज्यादा परेशान कर सकती है। सिब्बल के मुताबिक, एक राजनीतिक रूप से अस्थिर और आर्थिक रूप से टूटे हुए पाकिस्तान का पश्चिम-एशिया में सुरक्षा प्रदाता की स्थिति में आना खतरनाक स्थिति की ओर इशारा करता है। सऊदी अरब भी जानता है कि भारत इस समझौते को अपनी सुरक्षा पर एक खतरे के रूप में लेगा।*

### हमले की स्थिति में साथ खड़े होंगे दोनों

*रणनीतिक मामलों के विशेषज्ञ ब्रह्मा चेलानी ने एक्स पोस्ट में कहा कि यह समझौता पाकिस्तान की मजबूती को नहीं बल्कि सऊदी अरब की महत्वाकांक्षाओं को दर्शाता है। क्योंकि पाकिस्तान अभी भी दिवालिया होने की कगार पर है। समूचे परिप्रेक्ष्य और ये जानने के बावजूद कि इस रक्षा समझौते को भारत अपनी सुरक्षा के लिए सीधा खतरा समझेगा। सऊदी अरब ने इस पर हस्ताक्षर किए हैं। पीएम मोदी के जन्मदिन के मौके पर हुई यह घटना भारत की संवेदनशीलता को लेकर रियाद की उदासीनता को रेखांकित करती है। साथ ही जब भारत अरब देश के साथ सैन्य आदान-प्रदान, संयुक्त अभ्यास और इसी साल अप्रैल में रक्षा सहयोग पर मंत्रिस्तरीय समिति की स्थापना के जरिए सऊदी अरब के साथ अपनी रक्षा साझेदारी बढ़ाने का इच्छुक था। तब ये समझौता होना हकीकत में चिंता का सबब है। अब इसके जरिए किसी भी एक देश पर हमले को दोनों अपने ऊपर किए गए हमले के रूप में लेंगे। यानी भविष्य में अगर भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कोई सैन्य कार्रवाई की तो हो सकता है कि उसे चीन, तुर्किये की तर्ज पर सऊदी अरब का भी साथ मिले। भले ही सऊदी अरब पाकिस्तान के साथ भारत के खिलाफ लड़ने के लिए सीधे तौर पर अपनी सेना न भेजे। लेकिन वह आर्थिक रूप से पाकिस्तान का हाथ मजबूत करने की पूरी क्षमता रखता है।*

### पाकिस्तान से हासिल किया परमाणु बीमा

*चेलानी ने अपनी पोस्ट में ये भी बताया कि इस समझौते से सऊदी अरब ने लंबे समय से निर्भर पाकिस्तान को और करीब लाकर सैन्य जनशक्ति और परमाणु बीमा हासिल कर लिया है। साथ ही इससे उसने नई दिल्ली, अमेरिका और अन्य देशों को भी ये संकेत दे दिया है कि वह अपना रास्ता खुद तय करेगा। यह समझौता सऊदी अरब की पाकिस्तान की कमजोरियों को हथियार बनाकर अपना प्रभाव दिखाने की इच्छा को भी साफ तौर पर दर्शाता है।*

नेपाल की अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की से फोन पर हुई बातचीत में बोले पीएम मोदी

## प्रदर्शनों में मारे गए लोगों के प्रति संवेदनाओं के साथ नेपाल संग मजबूती से खड़ा भारत: प्रधानमंत्री



हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

भारत के पड़ोसी हिमालयी देश नेपाल की अंतरिम सरकार के प्रधानमंत्री के रूप में बीते सप्ताह कार्यभार संभालने वाली सुशीला कार्की के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को टेलीफोन पर बातचीत की है। जिसमें एक ओर पीएम ने भारत की सरकार और देश की आम-जनता की तरफ से कार्की को कार्यभार संभालने की बधाई दी। वहीं, दूसरी ओर भ्रष्टाचार और सोशल मीडिया पर लगी सरकारी रोक की वजह से 'जेन-Z' के नेतृत्व में नेपाल में हालिया हुए खूनी हिंसक विरोध-प्रदर्शनों में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति हार्दिक संवेदनाएं प्रकट की हैं। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। गौरतलब है कि यह पहला मौका नहीं है जब भारत और नेपाल के शीर्ष नेताओं के बीच संवाद हुआ है। इससे पहले भी दोनों आपस में चर्चा कर चुके हैं। नेपाल के सर्वोच्च न्यायालय की पूर्व मुख्य न्यायाधीश ▸▸ शेष पेज 5 पर

### सहयोग के लिए कार्की ने जताया आभार

*विदेश मंत्रालय ने बताया कि पीएम मोदी और कार्की के बीच हुई इस चर्चा के दौरान नेपाल की प्रधानमंत्री ने उनके देश को दिए गए मजबूत सहयोग के लिए भारत के प्रधानमंत्री का धन्यवाद के साथ आभार व्यक्त किया और दोनों देशों के संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने के लिए प्रदर्शित की गई प्रधानमंत्री मोदी की इच्छा को स्वीकार करते हुए उसे समान रूप से अपना समर्थन प्रदान किया है।*

### दर्जनों लोग हुए मौत का शिकार

*अनुमानित आंकड़ों के हिसाब से 8 सितंबर को शुरू हुए प्रदर्शनों के दौरान हुई पुलिसिया कार्रवाई में नेपाल में कुल करीब 72 लोग मारे गए और सैकड़ों घायल हुए। प्रदर्शनकारियों ने नेपाल के संसद भवन, सरकारी कार्यालयों और राजनेताओं के घरों पर हमला कर आगजनी की थी। जिससे नेपाल की राजधानी काठमांडू के साथ ही कई अन्य शहरों में अराजकता के साथ ही गंभीर तनाव की स्थिति बन गई थी। संकट के बीच* ▸▸ शेष पेज 5 पर

खामियां छोड़कर कार्य आवंटित करने वाले अधिकारियों पर होगी सख्त कार्रवाई

## भवनों और सड़कों के निर्माण में गुणवत्ता से समझौता नहीं होगा: नायब

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि भवनों व सड़कों के निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या खामी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि ड्राइंग और निविदा दस्तावेजों में जानबूझकर त्रुटियां छोड़कर कार्य आवंटित करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्माण सामग्री की गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बृहस्पतिवार को लोकनिर्माण विभाग की बुलाई गई कैबिनेट सब–कमेटी की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा भी उपस्थित रहे। बैठक में मुख्यमंत्री ने नाहर सिंह स्टेडियम, फरीदाबाद के निकट बन रहे पैरा ओलंपिक भवन, महेंद्रगढ़ ▸▸ शेष पेज 5 पर

## अनिल अंबानी समूह और यस बैंक घोटाले में दायर हुई चार्जशीट

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

सीबीआई ने आज अनिल अंबानी समूह की कंपनियों और यस बैंक के बीच कथित धोखाधड़ीपूर्ण वित्तीय लेन-देन से जुड़े दो मामलों में चार्जशीट दाखिल कर दी है। सीबीआई की जांच के अनुसार, वर्ष 2017 में उस समय के यस बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ राणा कपूर ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए, अनिल अंबानी की समूह कंपनियों रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड (आरसीएफएल ) और रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफ़एल) में करीब 5,010 करोड़ का निवेश कराया। यह निवेश केयर रेटिंग्स द्वारा एडीए समूह की ▸▸ शेष पेज 5 पर

### यस बैंक से एडीए समूह की संकटग्रस्त कंपनियों को पूंजी दिलाई गई

*बदले में, अंबानी समूह की कंपनियों ने राणा कपूर की पत्नी बिंदु कपूर और बेटियों राधा एवं रोशनी कपूर की कंपनियों को रियायती दरों पर ऋण और निवेश उपलब्ध कराए इस व्यवस्था से यस बैंक को लगभग 2,796.77 करोड़ का नुकसान हुआ, जबकि एडीए समूह और कपूर परिवार की कंपनियों को अनुचित लाभ मिला।*

## कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक : बिहार चुनावी रणनीति एसआईआर और 'वोट चोरी' मुख्य एजेंडे पर

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस पार्टी ने 24 सितंबर को पटना में अपनी विस्तारित कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक बुलाने का ऐलान किया है। इस बैठक में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, प्रदेश कांग्रेस कमेटियों और विधायक दलों के नेता, साथ ही कार्यसमिति के स्थायी व आमंत्रित सदस्य शामिल होंगे। बैठक का मुख्य एजेंडा बिहार में पार्टी की चुनावी रणनीति तैयार करना, सीट-बंटवारे पर चर्चा करना और चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसईआर) की प्रक्रिया पर सवाल उठाना होगा। कांग्रेस का आरोप है कि एसईआर के बहाने बड़े पैमाने पर दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों और गरीब वर्गों के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं ने कई जगहों पर मृत या डुप्लीकेट नाम जोड़े जाने और जीवित मतदाताओं के नाम काटे जाने की शिकायतें भी दर्ज कराई हैं। बैठक में 'वोट चोरी' का मुद्दा भी जोरदार ढंग से उठने की उम्मीद है। राहुल गांधी ने हाल में अपनी सभाओं में इस आरोप को लगातार दोहराते हुए कहा है कि जनता के अधिकारों से खिलवाड़ हो रहा है और मतदाता सूचियों में हेरफेर किया जा रहा है। इधर बिहार में महागठबंधन के सहयोगी दलों के बीच सीट बंटवारे पर मतभेद बने हुए हैं। कांग्रेस चाहती है कि उसे पर्याप्त सीटें दी जाएँ, जबकि अन्य दल पिछले नतीजों के आधार पर कम सीटें देने के पक्ष में हैं। इसी बीच कांग्रेस ने प्रदेश चुनाव समिति का गठन कर संभावित उम्मीदवारों और सीट वितरण की रूपरेखा तैयार करने का काम ▸▸ शेष पेज 5 पर

राजधानी में आयोजित किए गए भारतीय रक्षा संपदा सेवा अधिकारियों के सम्मेलन 'मंथन-25' को संबोधित करते हुए बोले रक्षा मंत्री

## छावनी बोर्ड को स्मार्ट, ग्रीन और सतत इकोसिस्टम में बदलने की आवश्यकता: राजनाथ सिंह

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को राजधानी में आयोजित किए गए भारतीय रक्षा संपदा सेवा अधिकारियों (आईडीईएस) के दो दिवसीय सम्मेलन 'मंथन-2025' को संबोधित किया। जिसमें उन्होंने केंद्र सरकार के विकसित भारत अभियान (2047 तक) के साथ सामंजस्य बिठाते हुए देश के अलग-अलग भागों में मौजूद छावनी बोर्ड को एक स्मार्ट, ग्रीन और सतत इकोसिस्टम के रूप में तब्दील करने की जरूरत बताई। साथ ही विभागीय अधिकारियों को आगामी एक दशक यानी 2035 तक इस लक्ष्य को प्राप्त करने का आह्वान करते हुए कहा कि इसके जरिए भारत को एक विकसित देश बनाने में मदद मिलेगी। रक्षा मंत्री के मुताबिक, भविष्य में छावनियां स्मार्ट पावर सिस्टम सहित नवीकरणीय ऊर्जा ग्रिड, ईवी चार्जिंग हब, स्मार्ट वेस्ट टू एनर्जी प्लांट और एआई आधारित निगरानी सिस्टम से लैस होनी चाहिए। उक्त विजन को पूरा करने के लिए उन्होंने आईडीईएस और छावनी बोर्ड को एक रूपरेखा तैयार करने के लिए भी कहा। इस सम्मेलन की थीम 'स्ट्रेटजिक रोडमैप टू विकसित भारत <\@> 2047' रखी गई है। ▸▸ शेष पेज 5 पर

**आरोप: मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे**

## मतदाता सूची से नाम हटाने का विवाद, राहुल गांधी के आरोप, चुनाव आयोग का पलटवार

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



लोकसभा में विपक्ष के नेता कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने दावा किया कि देशभर में बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं। कर्नाटक के अलंद विधानसभा क्षेत्र का उदाहरण देते हुए राहुल ने कहा कि यहाँ 6,018 नामों को वोटर लिस्ट से हटा दिया गया। डिलीशन की कोशिश हुई और यह एक "सॉफ्टवेयर-संचालित, केंद्रीकृत प्रक्रिया" का हिस्सा है। अपने आरोप के सुबूत के तौर पर स्थानीय उन वोटर्स को राहुल गांधी के मीडिया के समक्ष पेश किया जिन के वोट कटे या जिन पर वोट काटने के आरोप लगे। सभी ने एक सुर में ये कहा की उनकी जानकारी के बिना उनके नाम पर वोट काट दिए गए। किसने काटे नहीं पता । राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस और कर्नाटक सीआईडी ने पिछले 18 महीनों में चुनाव आयोग को 18 पत्र लिखे, लेकिन आयोग ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। उन्होंने इसे लोकतंत्र और संविधान पर हमला बताते हुए कहा कि यह तो "हाइड्रोजन बम" का सिर्फ शुरुआती खुलासा है, आगे और बड़े सबूत सामने लाए जाएंगे। 6 सितम्बर 2023 को सीईओ कर्नाटक ने सारी जानकारी राज्य सीआईडी और पुलिस ▸▸ शेष पेज 5 पर

### चुनाव आयोग का पलटवार

*राहुल गांधी के आरोपों पर चुनाव आयोग ने कड़ी प्रतिक्रिया दी और उन्हें "गलत और निराधार" बताया। आयोग ने स्पष्ट किया कि ऑनलाइन किसी भी नागरिक द्वारा सीधे मतदाता का नाम हटाना संभव नहीं है। नाम हटाने से पहले प्रभावित व्यक्ति को सुनवाई का अवसर दिया जाता है। चुनाव आयोग ने कर्नाटक सीआईडी के पूछे गए सवालों के जवाब दो साल पहले हो सीआईडी को भेजे जाने की जानकारी भी विस्तार से साझा की।*

### राजनीतिक तकरार

*कांग्रेस ने इसे "लोकतंत्र पर हमला" बताते हुए आयोग से पारदर्शिता की मांग की है। भाजपा ने पलटवार करते हुए कहा कि राहुल गांधी बिना प्रमाण के आरोप लगाकर जनता को गुमराह कर रहे हैं। राहुल गांधी के आरोपों और चुनाव आयोग के आधिकारिक स्पष्टीकरण ने राजनीति को गरमा दिया है। अब यह विवाद सिर्फ तकनीकी गड़बड़ी तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह आगामी चुनावों की पारदर्शिता और चुनाव आयोग की साख से जुड़ा बड़ा मुद्दा बन गया है। यही वजह है चुनाव आयोग हर आरोपों का जवाब समय रहते तय नियमों , विधानों के अनुकूल साझा कर रहा है।*

**खबर संक्षेप**

## 58 लाख 41 हजार रुपए की ठगी, आरोपी धराया



**फरीदाबाद।** शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 58,41,000 रुपए की ठगी के मामले का आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। साइबर थाना एनआईटी में झाडसैतली फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने दी शिकायत में आरोप लगाया कि ठगों द्वारा उसे एक व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़ा गया जहां उसे बताया गया वो मोतीलाल ओसवाल और कैपिटल मार्केट्स कंपनी से जुड़े हुए है।

## ठगी करने वाला खाताधारक पकड़ाया



**फरीदाबाद।** पार्ट टाइम जॉब के नाम पर 80201 रुपए की ठगी के मामले में साइबर थाना एनआईटी की टीम ने खाताधारक गिरफ्तार को गिरफ्तार किया है। एनआईटी-3 निवासी एक महिला ने साइबर थाना एनआईटी में दी शिकायत में आरोप लगाया कि 4 मार्च 2024 को उसने इंस्टाग्राम पर पार्ट टाइम जॉब से संबंधित एक विज्ञापन देखा, दिए गए लिंक पर उसने पार्ट टाइम जॉब के लिए अप्लाई किया था।

## शिव कालेज में नए शिक्षा सत्र का शुभारंभ




**फरीदाबाद।** ग्रेटर फरीदाबाद के सेक्टर-105 तिगांव स्थित शिव कॉलेज ऑफ एजुकेशन में गुरुवार को एमएड, बीएड, बीबीए और बीसीए के नए शिक्षा सत्र का आरंभ हो गया। सत्र आरंभ होने पर कॉलेज के टीचिंग स्टाफ ने स्टूडेंट्स के साथ मिलकर केक काटते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। सोसायटी के चेयरमैन विनोद नागर और प्रिंसिपल डॉ. जयमाला यादव ने दीप प्रज्वलन कर मां सरस्वती की वंदना की। विनोद नागर ने स्टूडेंटस को स्वामी विवेकानंद के कहे हुए शब्दों को दोहराते हुए कहा कि जितना बड़ा संघर्ष होगा। जीत उतनी ही शानदार होगी।

# आर्टेमिस हॉस्पिटल का उत्तर भारत का प्रीमियर हार्ट एंड लंग ट्रांसप्लांट सेंटर शुरु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

आर्टेमिस हॉस्पिटल ने गुरुवार को अपने आधुनिक हार्ट एंड लंग ट्रांसप्लांट सेंटर (हृदय एवं फेफड़ा प्रत्यारोपण केंद्र) का उद्घाटन किया। हैदराबाद के केआईएमएस हॉस्पिटल्स में थोरेसिक ऑर्गन ट्रांसप्लांट्स एंड मैकेनिकल सर्कुलेटरी सपोर्ट के फाउंडर-डायरेक्टर एवं चेयरपर्सन डॉ. संदीप अतवार इस सेंटर की जिम्मेदारी संभालेंगे। इस सेंटर के माध्यम से उत्तर भारत में थोरेसिक ट्रांसप्लांट और मैकेनिकल सपोर्ट की पूरी रेंज उपलब्ध कराई जाएगी। इससे गुरुग्राम और आसपास के लोगों को दक्षिण भारत तक जाए बिना ही हाई क्वालिटी ट्रांसप्लांट केयर मिल पाएगी।

**चेयरपर्सन डॉ. संदीप अतवार ने सेंटर की जिम्मेदारी संभाली**

इस सेंटर के माध्यम से आर्टेमिस का लक्ष्य हरियाणा, दिल्ली एनसीआर, पंजाब, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के ऐसे मरीजों को जांच से लेकर लॉन्ग-टर्म रिकवरी तक के पूरे एडवांस्ड केयर का सिंगल पॉइंट विकल्प देना है, जिन्हें ट्रांसप्लांट की जरूरत है। आर्टेमिस हॉस्पिटल्स के चेयरमैन ओंकार



एस. कंवर ने कहा, 'आर्टेमिस ने हमेशा से इस बात में विश्वास किया है कि एडवांस्ड हेल्थकेयर को सभी मरीजों की पहुंच में और सार्थक होना चाहिए। गुरुग्राम में हार्ट एंड लंग ट्रांसप्लांट सेंटर की स्थापना करते हुए हम सुनिश्चित कर रहे हैं कि उत्तर भारत के परिवारों को ट्रांसप्लांट के लिए लंबे सफर की परेशानियों का सामना न करना पड़े। सबसे अहम बात, हमारा लक्ष्य केवल सर्वाइवल तक सीमित नहीं है, हम सम्मान, उम्मीद और जीवन की गुणवत्ता के लिए प्रयास करते हैं।' सेंटर के उद्घाटन के दौरान उपस्थित आर्टेमिस हॉस्पिटल्स की मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. देवलीना चक्रवर्ती ने कहा, 'उत्तर भारत में ट्रांसप्लांट के मामले में इस स्तर की विशेषज्ञता की पेशकश करते हुए आर्टेमिस हॉस्पिटल को खुशी हो रही है। हमें भरोसा है कि यह केंद्र हरियाणा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली एनसीआर और आसपास के राज्यों के लोगों के लिए जीवनरक्षक बनकर सामने आएगा। अभी ऐसे मरीजों को हार्ट एवं लंग ट्रांसप्लांट केयर के लिए बहुत दूर जाना पड़ता है। डॉ. संदीप अतवार ने कहा, 'अब तक एंड स्टेज हार्ट या लंग डिसीज का सामना कर रहे उत्तर भारत के बहुत से मरीजों के पास स्थानीय स्तर पर बहुत कम विकल्प थे। आर्टेमिस हॉस्पिटल में हम दिल्ली से गुरुग्राम की नजदीकी और यहां के इन्फ्रास्ट्रक्चर के लॉजिस्टिकल, जियोग्राफिकल और इंस्टीट्यूशनल एडवांटेज के साथ फुल ट्रांसप्लांट प्रोग्राम उपलब्ध कराएंगे, जिससे देरी नहीं होगी, ट्रैवल का दबाव कम होगा और नतीजे बेहतर होंगे।

### उपायुक्त ने एनकॉर्ड मामलों की समीक्षा बैठक में दिए अधिकारियों को निर्देश

# अब अवैध नशा मुक्ति केंद्रों पर होगी त्वरित छापेमारी और कानूनी कार्रवाई : एडीसी मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर मान की अध्यक्षता में अवैध खनन और एनकॉर्ड मामलों की समीक्षा बैठक गुरुवार को एडीसी कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुए एडीसी ने कहा कि नशा तस्करी और अवैध खनन पर सख्ती से कार्रवाई की जाए। एडीसी सतबीर मान ने जिला अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुलिस द्वारा की जाने वाली चेकिंग की रिपोर्ट अनिवार्य रूप से संलग्न कर प्रस्तुत की जाए। उन्होंने कहा कि अवैध नशे के व्यापार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए और किसी भी



स्तर पर ढिलाई मिलने पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी। एडीसी ने कहा कि नशा तस्करी रोकने के लिए सभी विभाग समन्वय से कार्य करें, गुप्त सूचना पर संयुक्त कार्रवाई करें और युवाओं को बचाने हेतु स्कूल-कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएं। साथ ही अवैध नशा मुक्ति केंद्रों की पहचान कर त्वरित छापेमारी व कानूनी कार्रवाई की जाए तथा उपचार प्राप्त व्यक्तियों की समय-समय पर समीक्षा कर यह सुनिश्चित किया जाए कि वे पुनः नशे की गिरफ्त में न आएं। एडीसी सतबीर मान ने जिला अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिले में कहीं भी निर्माण सामग्री के लिए अवैध खनन की गतिविधि पाई जाने पर दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए। उन्होंने कहा कि अवैध माइनिंग न केवल प्राकृतिक संसाधनों का दोहन है बल्कि पर्यावरण और जनहित के लिए भी गंभीर खतरा है। ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**पत्थर की अवैध खुदाई पर रोक लगे**

*एडीसी ने स्पष्ट किया कि खनन विभाग को अवैध खनन की सूचना मिलते ही तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करते हुए उस गतिविधि को बंद करवाना होगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन पूरी तरह से सतर्क रहे और समय-समय पर विभिन्न स्थानों पर निरीक्षण भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को विशेष रूप से निर्देश दिए कि अरावली की पहाड़ियों और यमुना नदी के किनारे लगातार निगरानी रखी जाए, ताकि पत्थर की अवैध खुदाई या अन्य अवैध खनन गतिविधियों पर तुरंत रोक लगाई जा सके। एडीसी ने कहा कि प्राकृतिक धरोहरों की सुरक्षा प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है और अवैध खनन करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। इस अवसर पर एसडीएम बडख़ल त्रिलोक चंद, एसडीएम बल्लभगढ़ मयंक भारद्वाज, सीएमओ डॉ जयंत आहूजा, डॉ मान सिंह, जिला न्यायवादी एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।*

### भारत की बढ़ती उपलब्धियों को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया

# सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत लगी प्रदर्शनी कैबिनेट मंत्री ने किया शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

भारतीय जनता पार्टी महानगर गाजियाबाद ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत प्रदर्शनी कलक्ट्रेट सभागार में लगाई गई। जिसके उद्घाटन कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने किया। इस प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन सफर, उनके राष्ट्र निर्माण में योगदान, देश के विकास में किए गए ऐतिहासिक कार्यों तथा विश्व पटल पर भारत की बढ़ती उपलब्धियों को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि मोदी जी ने राजनीति को सेवा, समर्पण और राष्ट्रहित की साधना बना दिया है।

**युवाओं को समाज के प्रति कार्य करने की प्रेरणा दी**

*इस प्रदर्शनी में उनके जीवन और कार्यों का अद्भुत चित्रण है, जो युवाओं को समाज और देश के लिए कार्य करने की प्रेरणा देगा। भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल एवं विधायक अजीत पाल त्यागी, पूर्व विधायक कृष्णवीर सिरोही, पूर्व महापौर आशु वर्मा, पूर्व महापौर आशा शर्मा, महामंत्री सुशील गौतम, पप्पू पहलवान, सुशासन प्रमुख तरुण शर्मा, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, पार्षद सुरेंद्र नागर, गौरव चोपड़ा,पार्षद कपिल वशिष्ठ, विनोद कसाना, कृष्ण त्यागी, नीरज त्यागी, विनीत शर्मा, ऋचा भदौरिया, प्रीति चंद्रा, रेणु चंदेला, अंजना त्यागी, सिमी त्यागी उपस्थित रहे। यह प्रदर्शनी आने वाले दिनों तक आम जनता के लिए खुली रहेगी, ताकि लोग प्रधानमंत्री मोदी जी के जीवन, कार्यों और राष्ट्रहित में उनके योगदान को नजदीक से देख व समझ सकें।*

# फरीदाबाद में निगमायुक्त व कर्मचारी संघ के बीच बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पिछले 30 वर्षों से नगर निगम की सेवाओं में लगे माली, बेलदार, मैसन, ट्यूबवैल हेल्पर, इलेक्ट्रिशियन हेल्पर, सफाई कर्मचारी व अन्य पदों पर लगे लगभग 164 दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को अब नौकरी पक्की होने की संभावनाएं प्रवल होने लगी है। कल देर सायं निगम आयुक्त व नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के बीच लगभग दो घंटे की बैठक के बाद निगम आयुक्त व संघ के बीच यह फैसला हुआ है कि माननीय हाईकोर्ट एवं अन्य न्यायालयों में नौकरी नियमित करवाने के लिए कर्मचारियों द्वारा



दायर की गई विचाराधीन याचिकाओं पर विचार करते कर्मचारियों को वर्ष 2003 की रेगुलराइजेशन नीति के तहत नियमित करने के लिए सरकार को आयु, शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य नियम एवं शर्तों में रिलैक्सेशन के लिए कैस सरकार को भेजने पर सहमति बनी है। गौरतलब है कि नगर निगम द्वारा वर्ष 2017 में 103 कर्मचारी व वर्ष 2024 में 26 दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को भी वर्ष 2003 की नियमिकर्ण की नीति के अनुसार नियमित किया था। विगत कल 17 सितंबर को देर सायं संपन्न हुई बैठक में निगम आयुक्त धीरेंद्र प्रताप खड़गटा, संयुक्त आयुक्त मुख्यालय गजेंद्र सिंह, वित्त नियंत्रक प्रदीप पुनिया, स्थापना अधिकारी सुमन मल्होत्रा, लेखा शाखा के अधीक्षक कुलदीप सिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे।

### शिकायतकर्ता बोले- समय से कब्जा मिले तो मामला वापस लेने को तैयार

# जीडीए का रेरा समाधान दिवस: 29 समझौते, 9 प्रकरणों का समाधान अंतिम चरण में 24 शिकायतकर्ता आए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा रेरा से जुड़ी समस्याओं के निस्तारण के लिए आरंभ किए गए रेरा समाधान दिवस सफलता की दिशा में बढ़ रहा है। गुरुवार को कुल 29 समझौता पत्र प्राप्त हुए , इनमें से 9 प्रकरण समझौते दिए गए। रेरा समाधान दिवस के दौरान कुल 24 शिकायतकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान सभी शिकायतों को रेरा सेल के अभिलेखों में दर्ज कराकर निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को भेजा गया। प्राधिकरण स्तर पर रेरा सेल का भी ई-मेल एड्रेस बनाया गया।

प्रथम रेरा दिवस के दौरान कुछ शिकायतकर्ताओं का तर्क था कि यदि उनकी शिकायतों का समय रहते निस्तारण कर दिया जाता है, तो वह केस वापस लेने के लिए हलफनामा प्रस्तुत करने के लिए सहमत है। उदाहरण स्वरूप इंद्रप्रस्थ योजना से जुड़े आवंटी राजेंद्र सिंह, चंद्र शिला अपार्टमेंट से जुड़ी-आवंटी श्रीमती खुशबू सिंघल, ऋचा सिंघल का तर्क था कि उनके प्रकरणों में रेरा से जारी आरसी का पेमेंट यदि कर दिया जाता है तो वह केस समाप्त करने के लिए सहमत हैं। इसी तरह पंकज गोयल की इंद्रप्रस्थ योजना में भवन पर कब्जा दिए जाने से जुड़ी शिकायत थीं, उनका तर्क था कि प्राधिकरण उन्हें यदि समय




रहते कब्जा उपलब्ध करा दिया जाता है तो वह मामले को वापस लेने को तैयार है। इसी तरह से जयवीर सिंह का मधुबन बापू धाम योजना में कब्जा और रजिस्ट्री से जुड़ी शिकायत थीं, जयवीर सिंह के द्वारा भी समय से कब्जा दिए जाने के साथ रजिस्ट्री कराए जाने की स्थिति मे केस वापस लेने की सहमति दी।


प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने लंबित कार्रवाई के लिए अधीनस्थ अधिकारियों को फटकार लगाते हुए निर्देश दिए थे कि अगले समाधान दिवस के आयोजन से पूर्व ही इन सभी प्रकरणों का निस्तारण नियमतः करा दिया जाए। इस दौरान यह भी सामने आया कि यदि आवंटियों को मूलभूत सुविधाएं तथा उनकी समस्याओं को ध्यान दिया जाए, तो उन्हे रेरा मे केस करने की जरूरत ही ना हो। प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने निर्देश दिए कि इंद्रप्रस्थ आदि योजनाओं में कैंप लगाते हुए न केवल आवंटियों की समस्याओं को सुना जाए, बल्कि उनका प्राथमिकता के साथ निस्तारण किया जाए। कैंप की व्यवस्था से आवंटियों से तालमेल भी बना रहेगा, साथ ही वाटशॉप ग्रुप बनाकर सभी से तालमेल रखा जाए। रेरा से जुड़े मामले रखने के लिए सुबह 10 से दो बजे तक का समय रखा गया था। इसी तरह हर माह के तीसरे वृहस्पतिवार को रेरा समाधान दिवस का आयोजन किया जाता रहेगा। उक्त बैठक मे सभी संयुक्त सचिव, अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता, विधि अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों की मौजूदगी रही।

### 6.5 एकड़ में लगभग 45 करोड़ की लागत से विकसित होगा पार्क

# मधुबन बापू धाम योजना में विकसित होगा 'विकसित भारत' थीम पर आधारित पार्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

पूरे देश में विकसित भारत की परिकल्पना को धरातल पर साकार करने की चल रही मुहिम के बीच देश की राजधानी दिल्ली सीमा से लगे उत्तर प्रदेश के प्रवेश द्वार गाजियाबाद में जीडीए द्वारा विकसित मधुबन बापूधाम योजना की लगभग 6. 5 एकड़ में एक ऐसा अदभुत विकसित भारत पार्क बनाएगा। जिसमें पांच नवोन्मेषी जोन भविष्य भारत पैवेलियन को प्रदर्शित करेगा, भारत 2047 डोम यात्रा का भविष्य, डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर, वर्ष 2070 तक नेट कार्बन जीरो और चंद्रमा लैंडिंग की झलक मिलेगी। पूरा पार्क विकसित भारत की थीम पर आधारित होगा । लगभग 45 करोड़ रुपए की लागत से



विकसित किए जाने वाले इस पार्क में एंट्री प्लाजा, सिंथेटिक ट्रेक, शौचालय , पेयजल बिंदु और स्मार्ट सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके साथ साथ वॉकिंग/ साइकिल ट्रेल्स , बच्चों के खेलने के लिए क्षेत्र, जल संरचनाएं और थींम आधारित इंस्टॉलेशन आगुंतकों के अनुभव को ओर बेहतर बनाएंगे। जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने उम्मीद जताई कि पूरे एनसीआर में प्राधिकरण के द्वारा विकसित मधुबन बापूधाम योजना में विकसित होने वाला ये अनूठा विकसित भारत पार्क होगा। विकसित भारत थींम पर विकसित किए जाने वाले पार्क में क्या कुछ अलग किया जा सकता है, इसके लिए अलग अलग स्थान की जानक़ारी हासिल की जा रही है। कंसलटेंट की भी सलाह प्राप्त की जा रही है। इस पार्क के विकसित होने के बाद न केवल एनसीआर में बनी रहने वाली वायु प्रदूषण की समस्या से निजात मिलेगा , बल्कि एरिया के परिवारों को एक नई संजीवनी देने का काम करेगा। लोगों को घूमने फिरने व बच्चो को भारत के विकास की यात्रा खेल खेल मे जानने का मौका मिलेगा।

### 4 गिरफ्तार, मोबाइल फोन चेकबुक, एटीएम कार्ड, कूटरचित गैस एजेंसी आवंटन लेटर बरामद

# गैस एजेंसी व नौकरी दिलाने के नाम पर साइबर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, 7 राज्यों में 11 केस में ठगे 30 लाख रुपए का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

थाना साइबर क्राइम पुलिस ने रिलायंस गैस, इंडियन ऑयल, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम तथा भारत पेट्रोलियम गैस कंपनियों के प्रतिनिधि के रूप में लोगों को कॉल कर गैस एजेंसी देने , नोकरी दिलवाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। उनके क़ब्जे से 11 मोबाइल फोन, 6 चेकबुक, 1 पासबुक, 8 एटीएम कार्ड, कूटरचित 337 गैस एजेंसी आवंटन लेटर, होंडा अमेज कार बरामद की गई।

पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ के आधार पर कुल 30 लाख रुपये की साइबर ठगी की घटनाओं से संबंधित 7 राज्यों की 11 घटनाओं का अनावरण किया है। एडीसीपी (अपराध) पीयूष सिंह ने गुरुवार को बताया कि आरोपियों में राहुल यादव, शुभम सिंह चौहान, रविन्द्र कुमार और हेमेन्द्र हैं। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने चंडीगढ़ के विश्वानंद, राजस्थान के राजकुमार मीणा, केरल के फाजिल करीम, अनूप केवी, तमिलनाडु के विबिन देवा, बालासुब्रमण्यम आर और आदिल,



तेलंगाना के गुंटुका रघुवीर, हनुमंत राव, महाराष्ट्र के प्रभाकर भीमराव इंगल तथा गुजरात के महेरा के साथ साइबर ठगी की घटना को अंजाम दिया है। आरोपियों ने पूछताछ पर बताया कि वो लोग प्राइवेट जॉब करते थे तथा अधिक पैसा कमाना चाहते थे, इसलिए ये लोग लोगों को कॉल कर उनके साथ साइबर धोखाधड़ी करने लगे। ये कस्टमर का डाटा प्राप्त कर फर्जी आईडी की सिम से लोगों को कॉल कर उन्हें जॉब दिलाने तथा विभिन्न गैस कंपनियों के प्रतिनिधि बनकर उन्हें कॉल कर गैस एजेंसी दिलाने के नाम पर साइबर धोखाधड़ी करते थे। राहुल यादव और शुभम सिंह चौहान ने मिलकर हेमेन्द्र और रविन्द्र को काफी पैसा मिलने का लालच देकर अपने साथ शामिल किया था। रविन्द्र का काम इस साइबर धोखाधड़ी के लिए बैंक खाते उपलब्ध कराना था। रविन्द्र धोखाधड़ी करने के लिए फर्जी आइडी की सिम की व्यवस्था करता था। क्विकर के माध्यम से प्राप्त डाटा से लोगों के नंबर निकाल कर उन्हें जॉब दिलाने के लिए उनसे पैसे लेते थे। ये लोग दक्षिण भारत के लोगों को खास तौर से टार्गेट करते थे। पूछने पर बताया कि उत्तरी भारत के लोग कॉल करने पर पैसे नहीं जमा कराते थे जबकि दक्षिण भारत के लोग आसानी से ठगी का शिकार हो जाते थे। शुभम चौहान ने बताया कि वो कस्टमर का डाटा क्विकर के माध्यम से लेता था। सोशल मीडिया से प्रोफेशनल लोगों की फोटो डाउनलोड कर अपने व्हाट्सएप पर उन की फोटो डीपी में लगाकर लोगों को विश्वास में लेते थे।

## पत्नी की हत्या कर चौकीदार ने किया आत्महत्या का प्रयास

**गाजियाबाद।** थाना इंदिरापुरम इलाके में एक कहासुनी होने पर एक चौकीदार ने पत्नी की गला दबाकर हत्या करने के बाद आत्महत्या करने का प्रयास किया। एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस को एक सूचना प्राप्त हुई कि शक्ति खण्ड-4 में निर्माणधीन बिल्डिंग में एक महिला का शव पड़ा हुआ है। सूचना पर तत्काल थाना पुलिस मौके पर पहुँची एवं शव को कब्जे में लेकर अग्रिम विधिक कार्यवाही शुरु की गई। आसपास पूछताछ करने तथा जांच से यह तथ्य सामने आये कि महिला मूल रुप से जिला दमोह मध्यप्रदेश की रहने वाली है।

ये अपने पति सुनील रजक के साथ एक वर्ष पूर्व शादी करके यहीं पर रह रही थी तथा इनके पति सुनील रजक इस बिल्डिंग में चौकीदार का कार्य करते है।

### पुलिस मामले की जांच में जुटी

# इंस्टाग्राम दोस्तों ने छात्रा का किडनेप कर किया गैंगरेप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

शिवाजी नगर थाना एरिया में इंस्टाग्राम दोस्तों द्वारा छात्रा का किडनेप कर उसके साथ गैंगरेप करने का मामला सामने आया है। इंस्टाग्राम से बने दो दोस्त 11वीं कक्षा की नाबालिग छात्रा का कार में अपहरण कर जंगल में ले गए।

जहां उसके साथ रेप करने के बाद वापस उसके घर के पास छोड़कर फरार हो गए। छात्रा जब घर पहुंची तो घबराई हुई थी। माता-पिता ने जब उससे पूछताछ की तो वह रोने लगी और बेहोश हो गई। होश में आने के बाद उसने आपबीती बताई। शिवाजी नगर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिवाजी नगर थाना पुलिस को दी शिकायत में एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी बेटी 11वीं कक्षा की छात्रा है। वह घर के पास ही रोजाना शाम को दो घंटे के लिए ट्यूशन जाती है। उसकी दोस्ती कुछ दिन पहले दो युवकों से इंस्टाग्राम पर हुई थी। कल जब वह अपने ट्यूशन जा रही थी तो उसके दोनों इंस्टाग्राम दोस्त गाड़ी लेकर आए और उसे जबरन अपने साथ चलने के लिए कहने लगे। मना करने पर वह उसे जबरन अपने साथ जंगल में ले गए जहां उसके साथ रेप किया। पीड़ित छात्रा के पिता ने पुलिस को बताया कि वह ट्यूशन से रोजाना शाम को साढ़े छह बजे तक वापस आ जाती थी, लेकिन कल वापस नहीं लौटी।




### ‘पालना-आंगनबाड़ी को बच्चों की देखभाल का ‘वन-स्टॉप सेंटर’ बनाएगी दिल्ली सरकार’

# सेवा पखवाड़े के तहत रेखा गुप्ता ने विभिन्न योजनाओं का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर को शुरू किए गए ‘सेवा पखवाड़ा’ के अंतर्गत गुरुवार को दिल्ली सरकार द्वारा कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इनमें कई योजनाओं का शुभारंभ भी शामिल था। इसी कड़ी में गुरुवार को सबसे पहले दिल्ली के न्यू अशोक नगर स्थित दिल्ली नगर निगम प्राथमिक विद्यालय में एक कार्यक्रम के अंतर्गत केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 502 पालना घर सह क्रेच केंद्रों का वर्चुअल शुभारंभ किया। इस अवसर पर ‘स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार’ प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया गया। वहीं दिल्ली के भारत मंडपम में छात्रों के लिए तीन नए पाठ्यक्रमों का शुभारंभ किया। इसके अलावा गुरुवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विभिन्न देशों के 75 राजदूत और हाई कमिशनर्स ने 75 पौधे लगाए। इस दौरान एक राजदूत बहुत ही भावुक हो गईं। जिस मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने उन्हें ढाढस बंधाया। मुख्यमंत्री ने 502 पालना घरों का उद्घाटन करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार पालना को देश के सामने मॉडल के रूप में पेश करेगी। कार्यक्रम में केंद्रीय कॉरपोरेट मामलों एवं सड़क परिवहन राज्य मंत्री व पूर्वी दिल्ली के सांसद हर्ष मल्होत्रा, विधायक रविकांत, रवि नेगी, दिल्ली सरकार की महिला एवं बाल विकास विभाग की सचिव रश्मि सिंह व गणमान्यजन आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कार्यान्वित की जा रही सभी महत्वपूर्ण योजनाओं की एक प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें बाजरा और पोषण तथा प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया। वहां हस्तशिल्प और हथकरघा पर एक खंड प्रदर्शित किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री के वोकल फॉर लोकल विजन पर जोर दिया गया।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यह 502 केंद्र कामकाजी और मजदूर माताओं को वह सहारा देंगे, जिसकी उन्हें सबसे अधिक आवश्यकता है। यहां उनके बच्चों को पौष्टिक भोजन, देखभाल और प्रारंभिक शिक्षा की सुविधा मिलेगी, जिससे माताएं निश्चित होकर अपने रोजगार और जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकेंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार इस पहल को मॉडल के रूप में पूरे देश के सामने प्रस्तुत करेगी और हर पालना-आंगनबाड़ी को बच्चों की देखभाल का ‘वन-स्टॉप सेंटर’ बनाएगी। उन्होंने विशेष रूप से घोषणा की कि अब से आंगनवाड़ी और क्रेच कार्यकर्ताओं को ‘मौसी’ कहा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मौसी का अर्थ है मां जैसा प्यार देने वाली। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि कोई भी बच्चा असुरक्षित न रहे और हर मां अपने रोजगार व जिम्मेदारियों को बिना किसी फिक्र के निभा सके। मुख्यमंत्री ने महिलाओं के लिए स्वरोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा देने की घोषणा की और कहा कि सरकार बिना गारंटी 10 करोड़ रुपए तक का एमएसएमई लोन (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम ऋण) महिलाओं को उपलब्ध कराएगी, जिससे वे छोटे और मझोले उद्योग स्थापित कर सकें।




### दिल्ली का क्रेच मॉडल देश के लिए बनेगा प्रेरणा



इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा शुरू किए गए पालना घर आंगनबाड़ी सह क्रेच केंद्रों ने कामकाजी माताओं को बड़ा सहारा दिया है। दिल्ली का क्रेच मॉडल देश के लिए प्रेरणा बनेगा। यहां बच्चों को पौष्टिक आहार, खिलौनों और विविध गतिविधियों के माध्यम से बेहतर देखभाल और सीखने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने विशेष रूप से मिलेट्स से बनी स्थानीय रेसिपियों और पोषण चौपाल की सराहना की और विश्वास जताया कि बच्चों को बेहतर पोषण और सुरक्षित माहौल मिलेगा।

### तीन नए शैक्षिक पाठ्यक्रमों की शुरूआत

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को तीन नए शैक्षणिक पाठ्यक्रमों नव उद्यम और उद्यमिता विकास योजना, जीवन का विज्ञान तथा राष्ट्रीय नीति का औपचारिक शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री का कहना है कि यह कार्यक्रम शिक्षा के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी कदम है, जो छात्रों को न केवल शैक्षणिक ज्ञान प्रदान करेगा, बल्कि उन्हें जीवन कौशल, उद्यमिता, भावनात्मक बुद्धिमत्ता और जिम्मेदार नागरिकता के साथ सशक्त बनाएगा। भारत मंडपम में आयोजित इस कार्यक्रम में दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद, सम्बंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और अन्य गणमान्य मौजूद थे।

### छह माह से छह वर्ष तक के बच्चों के लिए सुरक्षित देखभाल

पालना, हर मां का सहारा, हर बच्चे की सुरक्षा के उद्देश्य से शुरू की इस योजना के तहत दिल्ली में 502 पालना आंगनवाड़ी सह क्रेच केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें 6 माह से 6 वर्ष तक के बच्चों के लिए सुरक्षित देखभाल, पौष्टिक आहार और नियमित स्वास्थ्य जांच जैसी सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। यह पहल कामकाजी माताओं को निश्चिंत होकर अपने रोजगार और दायित्व निभाने में सहारा और सुकून प्रदान करेगी। दिल्ली सरकार का विश्वास है कि विकसित दिल्ली का सपना तभी साकार होगा जब हमारे बच्चे स्वस्थ और मुस्कुराते हुए बड़े होंगे और हमारी महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी। पालना योजना मिशन शक्ति और मिशन पोषण की ताकत के साथ हर घर तक विश्वास और सुरक्षा पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनेगी।

### दिल्ली का ग्रीन कवर 25 प्रतिशत बढ़ा : सीएम

सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली का ग्रीन कवर 25 प्रतिशत बढ़ा है, जो अन्य सभी प्रदेशों में सबसे ज़्यादा है। एक पेड़ मां के नाम सिर्फ कैंपेन नहीं बल्कि एक जन आंदोलन है। आपके द्वारा लगाया हुआ हर पेड़ मां के प्यार और संवेदना का प्रतीक है। क्लाइमेट चेंज, बायोडायवर्सिटी लॉस और एयर पॉल्यूशन की चुनौतियां किसी बॉर्डर को नहीं मानती, इसलिए हमें ग्लोबल लेवल पर साथ मिलकर काम करना होगा। आज का प्लांटेशन ड्राइव दिल्ली के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होगा। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम का संकल्प ने वैश्विक स्तर पर ख्याति हासिल की है। 72 से अधिक देशों के 75 एम्बेसडर्स और हाई कमिश्नर्स ने उनके 75वें बर्थडे पर पौधे लगाए।

## मां के नाम पेड़ लगाकर रो पड़ीं कैमरून की राजदूत



इस कार्यक्रम में भावुक अवसर तब देखने को मिला, जब ‘मां के नाम पेड़’ लगाकर भारत में कैमरून की राजदूत रोने लगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने उनकी आंखों में आंसू देख लिए और पास जाकर उन्हें ढांढस बंधाने लगी। मुख्यमंत्री को अपने पास देख राजदूत की आंखे और भीगने लगीं। मुख्यमंत्री ने उन्हें गले लगाया तो राजदूत ने भरे गले से बताया कि 15 दिन पहले ही उनकी मां की मृत्यु हो गई थी। भारत में मां के नाम पेड़ लगाते हुए उन्हें मां की याद आ गई थी। राजदूत ने कहा कि भारत की इस परंपरा ने उन्हें भाव-विह्वल कर दिया और उनकी आंखों में आंसू आ गए। मुख्यमंत्री काफी देर तक राजदूत के करीब रहीं। मुख्यमंत्री ने उनसे देर तक बातचीत की और उनके मन को हलका किया। विशेष बात यह रही कि ‘एक पेड़ मां के नाम’ के इस आयोजन में खाड़ी देशों के राजदूतों ने भी काफी रुचि दिखाई।

## सरकारी शिक्षा को अब किया जा रहा है पुनः प्रतिष्ठित : सूद




दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने बताया कि पिछले वर्षों में सरकारी शिक्षा पिछड़ गई थी, लेकिन प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के मार्गदर्शन में अब इसे पुनः प्रतिष्ठित किया जा रहा है। उन्होंने सभी शिक्षकों से आग्रह किया कि वे मिलकर ऐसा समय लौटाएं जब लोग अपने बच्चों का दाखिला सरकारी स्कूलों में कराने के लिए उत्साहित हों। सूद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर 15 दिवसीय सेवा पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने शिक्षकों को इस पहल के प्रभावी क्रियान्वयन में सहयोग देने और संदेश को पूरे शिक्षक समुदाय तक पहुंचाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि हर विद्यार्थी केवल छात्र नहीं, बल्कि भावी प्रधानमंत्री, वैज्ञानिक, उद्यमी, न्यायाधीश, सैनिक, कलाकार, शिक्षक और नेता हैं। एक राष्ट्र की ताकत उसकी इमारतों या सेना में नहीं, बल्कि उसके नागरिकों के चरित्र, मूल्य और जिम्मेदारी की भावना में निहित है।

## मंत्री रविंद्र इंद्राज ने रोहिणी सेक्टर-24 में चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सेवा पखवाड़े के तहत दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री रविंद्र इन्द्राज सिंह ने गुरूवार को रोहिणी सेक्टर-24 में स्थानीय निवासियों, स्वयंसेवी संगठनों, आरडब्लूए, युवाओं और स्वच्छता दूतों के साथ व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया और पौधारोपण कर स्थानीय निवासियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। मंत्री इंद्राज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चले स्वच्छ भारत अभियान ने दुनिया में भारत की तस्वीर बदल दी। इस अभियान से पहले ज्यादातर ग्रामीण और शहरी ग्रामीण आबादी खुले में शौच जाने के लिए मजबूर थी, देश में इस अभियान के जरिये करीब 12 करोड़ शौचालय बने। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को गरिमामय और सुरक्षित जीवन मिला। उन्होंने स्थानीय निवासियों से आग्रह किया कि सफाई कर्मी जो हमारे स्वच्छता दूत हैं, उनका सहयोग करें सेवा पखवाड़े में नियमित स्वच्छता कार्य कर इसके उद्देश्य को सफल बनायें।



### लगातार दूसरे दिन दिल्ली के कई क्षेत्रों में हुई बारिश

**नई दिल्ली।** लंबे समय बाद मौसम की मेरबानी लगातार दूसरे भी बनी रही जिसके चलते गुरुवार को दिल्ली के कई क्षेत्रों में बारिश दर्ज हुई। मौसम विभाग की भविष्यवाणी के अनुसार कहीं कहीं बारिश हुई है। बारिश के चलते लोगों मामूली राहत मिली है, लेकिन उमस व गर्मी अभी परेशान कर रही है। भारतीय मौसम विज्ञान केंद्र (आईएमडी) के अनुसार बुधवार की तरह गुरुवार को भी कई क्षेत्रों में बारिश देखने को मिली है। आईएमडी ने बताया कि सुबह साढ़े आठ बजे से शाम पांच बजे के बीच सफदरजंग व पालम वेधशाला ने दोनों जगह 6.6 मिमी बारिश दर्ज की है। जबकि सबसे ज्यादा 12.5 मिमी बारिश आया नगर में दर्ज हुई। आईएमडी के अनुसार सुबह साढ़े आठ बजे से पहले के 24 घंटों में सफदरजंग ने 45.2 मिमी बारिश दर्ज की जबकि लोधी रोड में 25 मिमी बारिश दर्ज की गई। मयूर विहार में 17 मिमी, जबकि रिज एरिया में 4.2 आया नगर में 0.7 और राजघाट में 0.2 मिमी बारिश रिकॉर्ड हुई। वहीं दूसरी तरफ निजी मौसम विज्ञान अनुमान कंपनी स्काईमेट वेदर ने बताया कि दिल्ली-एनसीआर में बीते दिन रिट्रीटिंग मानसून जैसी गतिविधि देखने को मिली।

## दिल्ली को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए ई-वाहनों को अपनाना जरूरी : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली को प्रदूषण मुक्त करने के लिए ई वाहनों को अपनाना जरूरी है। यह बात गुरुवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भारत मंडपम में सोसायटी ऑफ ऑटोमोटिव फिटनेस एंड एनवायरनमेंट (सेफ) के 26 वें वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर उन्होंने सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के द्वारा आयोजित ग्रीन प्लेट ईवी रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि सुरक्षित यातायात केवल नियमों और दंड से संभव नहीं है, बल्कि यह हर नागरिक की जिम्मेदारी और जीवनशैली का हिस्सा होना चाहिए। उन्होंने ईवी रैली में लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की शपथ भी दिलाई।




### शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने किया लोकार्पण

# सरकारी स्कूल में पहली निपुण शाला का शुभारंभ, हर बच्चा बनेगा एआई एम्बेसडर : सूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे सेवा पखवाड़े के अवसर पर सर्वोदय कन्या विद्यालय, सी-3 नंबर 1 में दिल्ली सरकार की शिक्षा नीति निपुण संकल्प योजना के तहत पहली निपुण शाला का लोकार्पण किया गया। यह निपुण शाला बच्चों की आधारभूत साक्षरता को सुदृढ़ बनाने की दिशा में दिल्ली सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है। दिल्ली सरकार ने कक्षाओं 1 से 8 के विद्यार्थियों के लिए प्रारंभिक साक्षरता और संख्यात्मक कौशल को सशक्त बनाने हेतु निपुण संकल्प योजना की शुरुआत की है। रोटरी क्लब के सहयोग से स्थापित यह निपुण शाला बच्चों के सीखने के स्तर में सुधार और सर्वेक्षण के परिणामों को बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होगी।

इस अवसर पर विशेष रूप से जनकपुरी क्षेत्र के कई ब्लॉकों के आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधि भी बुलाये गए थे। इसके साथ ही मंत्री सूद ने नमो सुगम्य रथ एवं सुगम्य दिल्ली यात्रा (पश्चिमी क्षेत्र) का शुभारंभ भी किया। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विजन को साकार करने में दिल्ली लगातार अग्रणी भूमिका निभा रही है। दिल्ली सरकार का लक्ष्य है कि आने वाले तीन वर्षों में राजधानी का प्रत्येक विद्यालय निपुण सर्टिफाइड स्कूल बने। निपुण शाला की यह पहल शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता सुधार के साथ-साथ सेवा पखवाड़े की भावना को और मजबूत करती है। शिक्षा मंत्री ने यह भी कहा की सरकारी स्कूलों के लर्निंग आउटकम्स को सुधारने के लिए निपुण शाला जैसी पहल की गई है। हमारा लक्ष्य है कि हर कक्षा स्मार्ट क्लासरूम बने, बच्चे तकनीक और एआई की समझ के साथ आगे बढ़ें। आने वाले समय में दिल्ली के बच्चे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर एआई एम्बेसडर बनकर देश का प्रतिनिधित्व करें यह हमारी कल्पना है। नमो सुगम्य रथ एवं सुगम्य दिल्ली यात्रा के शुभारंभ पर सूद ने कहा कि दिल्ली सरकार राजधानी के सभी दिव्यांगजनों और बुजुर्गों की सुलभता के लिए अनेक ठोस कदम उठा रही है।



## दिल्ली विधानसभा के हरित क्षेत्र को 20 प्रतिशत बढ़ाया जाएगा : गुप्ता



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा के हरित क्षेत्र को 20 प्रतिशत बढ़ाया जाएगा। इस बात की घोषणा गुरुवार को दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने विधानसभा परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान की। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। प्रधानमंत्री के ‘एक पेड़ माँ के नाम’ अभियान से प्रेरित इस कार्यक्रम में उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट एवं विधानसभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारीगण भी शामिल थे। गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सदैव माँ पृथ्वी से गहरे जुड़े रहे हैं और उनका ‘एक पेड़ माँ के नाम’ अभियान प्रकृति के प्रति उनके स्नेह और दायित्व का प्रतीक है।

स्पेशल: बैटमैन-डे, 20 सितंबर

बच्चो, तुमने बैटमैन की कॉमिक्स पढ़ी होंगी या फिर उसकी फिल्में जरूर देखी होंगी। तुममें से कई बच्चों का तो फेवरेट कॉमिक सुपर हीरो बैटमैन होगा। दुनिया के सबसे फेमस फिक्शनल कैरेक्टर्स में से एक बैटमैन से जुड़ी कुछ अमेजिंग और इंटरेस्टिंग बातें यहां बता रहे हैं।

# इंटेलिजेंट-टेक्नोस्मार्ट वॉरियर कॉमिक सुपर हीरो बैटमैन



फिक्शनल कैरेक्टर
शिखर चंद जैन



बच्चो, तुम बैटमैन के कॉमिक्स खूब चाव से पढ़ते होगे। टीवी पर उसके कार्टून फिल्म्स या बैटमैन सीरीज की मूवीज भी देखी होंगी। तुम्हें पता है, इस सुपरहीरो कार्टून कैरेक्टर बैटमैन को याद करने के लिए एक खास दिन निश्चित किया गया है? हर साल सितंबर महीने के तीसरे शनिवार को बैटमैन-डे मनाया जाता है। इस बार बैटमैन-डे कल यानी 20 सितंबर को मनाया जाएगा। इस मौके पर जानो, बैटमैन से जुड़ी कुछ अमेजिंग-इंटरेस्टिंग बातें।

**साहसी-चतुर और टेक्नो एक्सपर्ट:** जहां अधिकतर कॉमिक सुपरहीरोज अपनी आलौकिक शक्तियों यानी सुपर नेचुरल पॉवर्स के लिए जाने जाते हैं। अपनी इन्हीं शक्तियों के दम पर वे विलेन पर जीत हासिल करते हैं। वहीं बैटमैन के पास कोई सुपर नेचुरल पॉवर नहीं है। उसका साहस, स्ट्रेटजी बनाने की स्किल, हार्ड ट्रेनिंग, बुद्धिमत्ता और टेक्नोलॉजी यूज करने की काबिलियत उसे उसके लक्ष्य तक पहुंचाती हैं और जीत दिलाती है। वह 127 मार्शल आर्ट फॉर्म्स में एक्सपर्ट है।

**86 साल पुराना कैरेक्टर:** बैटमैन को पहली बार अब से 86 साल पहले मई 1939 में डिटेक्टिव कॉमिक्स के 27वें अंक में पेश किया गया था। इसमें बैटमैन की इमेज क्रिएट की थी आर्टिस्ट बॉब केन ने और इसके लेखक थे, बिल फिंगर।

**छा गया हर ओर:** शुरुआती दिनों में तो बैटमैन को स्टोरी कॉमिक्स कैरेक्टर के रूप में पढ़ा जाता था। लेकिन कुछ ही समय में बैटमैन का कैरेक्टर इतना फेमस हुआ कि यह कॉमिक्स से आगे बढ़कर फिल्मों, टीवी शोज, वीडियो गेम्स और यहां तक कि कई सारे प्रोडक्ट्स के ब्रांड के रूप में भी दिखाई देने लगा।

**बहुत अमीर है बैटमैन:** बैटमैन का मूल नाम ब्रूस वेन है। सामान्य अवस्था में वह इसी रूप में रहता है। ब्रूस वेन को अकसर कॉमिक बुक के इतिहास में सबसे धनी पात्रों में से एक के रूप में चित्रित किया जाता है, जिसकी अनुमानित संपत्ति अरबों में है। ब्रूस वेन के इनकम का मुख्य सोर्स उसके परिवार की कंपनी वेन एंटरप्राइजेज है।

**जानता है कई भाषाएं:** बैटमैन कुल दस भाषाओं में बात कर सकता है। इनमें से सात भाषाएं वह धाराप्रवाह बोलता है। ये भाषाएं हैं- कैंटोनीज स्वाहिली, जापानी, स्पेनिश, फ्रेंच, अंग्रेजी, रूसी और इतालवी। साथ ही जर्मन और वियतनामी दो भाषाएं ठीक-ठाक और एक भाषा क्रिप्टोनियन अटक कर कामचलाऊ बोलता है।

**बैटमैन की हेल्प करते हैं रॉबिंस:** बैटमैन के कई सहायक पात्र भी हुए हैं, जिन्होंने रॉबिन की भूमिका निभाई है। जिनमें डिक ग्रेसन, जेसन टोड, टिम ड्रेक और डेमियन वेन शामिल हैं। हर रॉबिन की अपनी अनूठी कहानी है और विशेषताएं हैं।

**सीक्रेट हेडक्वार्टर है बैटकेव:** बैटमैन का गुप्त मुख्यालय यानी सीक्रेट हेडक्वार्टर बैटकेव है। यह कई तरह की सुविधाओं से युक्त है, जिसमें बैटकंप्यूटर और बैटमोबाइल जैसे कई सुपर पॉवरफुल चीजों का संग्रह शामिल है।

**बैटमैन का शहर गोथम सिटी:** उत्तरपूर्वी संयुक्त राज्य अमेरिका का एक काल्पनिक शहर है गोथम सिटी, जो डीसी कॉमिक्स द्वारा प्रकाशित अमेरिकी कॉमिक बुक्स में प्रदर्शित होने वाला प्रमुख शहर है। गोथम सिटी सुपरहीरो बैटमैन, उसके सहयोगियों और दुश्मनों के घर के रूप में जाना जाता है। गोथम को अकसर एक अंधकारमय और अपराध-ग्रस्त शहर के रूप में दर्शाया जाता है। यहां अपराध और भ्रष्टाचार होते रहते हैं।

**बैट-सिग्नल से बुलाते हैं बैटमैन को:** बैट-सिग्नल को पहली बार 1940 के दशक में गोथम सिटी पुलिस द्वारा बैटमैन को बुलाने के एक तरीके के रूप में पेश किया गया था। यह गोथम के नागरिकों के लिए आशा का प्रतीक है। जब भी बैटमैन को बुलाना होता है, बैट सिग्नल भेजा जाता है। *



## बैटमैन से जुड़ी कुछ और रोचक बातें

- बैटमैन के एक चाचा हैं, जिनका नाम फिलिप है।
- उसकी मां का नाम मार्था वेन है। इसे केन के नाम जाना जाता है।
- बैटमैन ने एक निजी जासूस हार्वे हैरिस के मार्गदर्शन में जासूस बनना सीखा।
- बैटमैन ने टेड ग्रांट (वाइल्डकैट) से मुक्केबाजी सीखी।
- बैटमैन के सूट पर कई बार इंद्रधनुषी पैटर्न बना हुआ दिखाया जाता है।
- बैटमैन का पसंदीदा व्यंजन मुलिगाटावनी सूप है।
- बैटमैन का एक 'दत्तक पुत्र' है, जिसका नाम जारो है। जारो एक जार में स्टारो (विशाल मानसिक तारामछली) का एक टुकड़ा है।

विशेष: रेड पांडा-दिवस, 20 सितंबर

बेहद क्यूट-सा दिखने वाला रेड पांडा दुनिया में कुछ ही इलाकों में पाया जाता है। इसको बचाए रखने को लेकर जागरूकता फैलाने के लिए हर साल रेड पांडा दिवस मनाया जाता है। इस दिन के महत्व और इस जंतु की विशेषताओं के बारे में जानो।

# ताकि बचा रहे प्यारा अनोखा रेड पांडा

अनोखा जंतु / के.पी. सिंह



बच्चो, रेड पांडा दुनिया के सबसे खूबसूरत जंतु प्रजातियों में से एक है। इसे लेसर पांडा, फायरफॉक्स जैसे नामों से भी जाना जाता है। वनों की अंधाधुंध कटाई, अवैध शिकार करने, इनके आवास के खात्मे और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों के चलते यह प्यारा-सा जंतु प्रजाति लुप्त होने के कगार पर पहुंच गया है। रेड पांडा की तेजी से कम होती संख्या को देखते हुए 'रेड पांडा नेटवर्क' संस्था द्वारा 18 सितंबर 2010 को पहली बार अंतरराष्ट्रीय रेड पांडा दिवस का आयोजन किया गया। तब से प्रत्येक वर्ष सितंबर माह के तीसरे शनिवार को अंतरराष्ट्रीय रेड पांडा दिवस मनाया जाता है।

**क्यों मनाते हैं रेड पांडा दिवस:** दुनिया भर के लोगों को रेड पांडा को बचाने का संदेश देने के लिए यह विशेष दिवस मनाया जाता है। रेड पांडा का दुनिया में अस्तित्व इसलिए जरूरी है, क्योंकि अपने पारिवारिक वर्ग में यह एकमात्र बची जीव प्रजाति है, जो जैव विविधता में इसकी अनोखी भूमिका और महत्व को दर्शाती है।




**होते हैं कई आयोजन:** रेड पांडा दिवस मनाने के लिए दुनियाभर के ऐसे चिड़ियाघरों में जहां रेड पांडा मौजूद हैं, विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस दिन रेड पांडा की देख-रेख करने वाले केयरटेकर, चिड़ियाघर घूमने आने वाले लोगों से इनके लुप्तप्राय होने के बारे में बताते हैं। लोगों को इनके महत्व को समझाते हैं कि किस तरह इनके बचाने से हमारी विविध पारिस्थितिकी तंत्र का बचाव संभव है। सोशल मीडिया में इस दिन कई तरह के अभियान चलाए जाते हैं, जैसे- हैश टैग सेव रेड पांडा, हैश टैग इंटरनेशनल रेड पांडा डे और हैश टैग आईआरपीडी आदि। पर्यावरण-जैव विविधता संरक्षण से जुड़े लोगों और संगठनों द्वारा आम लोगों को धरती पर रेड पांडा के अस्तित्व को बनाए रखने में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इस मासूम जंतु प्रजाति को कैसे अवैध शिकार और व्यापार से बचाया जाए, इस बारे में भी विचार किया जाता है।

**कहां पाया जाता है रेड पांडा:** रेड पांडा मुख्य रूप से पूर्वी हिमालय के ऊंचे-घने बांस के जंगलों में पाया जाता है। यह भारत, नेपाल, चीन, म्यांमार और भूटान में खासतौर से पाया जाता है। जहां तक अपने देश में रेड पांडा की मौजूदगी का सवाल है तो ये मुख्यतः पूर्वोत्तर के हिमालयी क्षेत्रों में खासकर सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग क्षेत्र में पाया जाता है। देश में करीब 10 ऐसे नेशनल पार्क और सैंचुरी हैं, जहां रेड पांडा को संरक्षित किया गया है। इसके अलावा, दार्जिलिंग के 'फ्रोजन जू' की पहल पर रेड पांडा का डीएनए संरक्षित किया जा रहा है। इस तकनीकी पहल से भारत में रेड पांडा प्रजाति का संरक्षण लंबे समय तक के लिए किया जा सकता है। *

मजेदार किताब / चंद्रप्रकाश

# खेलगीतों का अनूठा संकलन



बच्चो, तुम कोई-न-कोई ऐसा खेल जरूर खेलते होगे, जिसे खेलते हुए गीत या जिंगल्स गाए जाते हैं। रंग-बिरंगे चित्रों से सजी-संवरी यह किताब 'गुमनाम खेलगीत' ऐसे ही खेलगीतों का अनूठा संकलन है। इस किताब में खेल-खेल में गाए जाने वाले अड़तीस छोटे-छोटे गीतों को संग्रहित किया गया है। इनमें से कई गीतों से तुम पहले से भी परिचित होगे क्योंकि तुमने भी खेलते हुए इन गीतों को कभी-न-कभी जरूर गाया होगा या गाते हुए खेल जरूर खेला होगा। कुछ तुक वाले तो कुछ बेतुके से लगने वाले, कुछ जाने-पहचाने, कुछ बिल्कुल नए-से ये खेलगीत तुम्हें खूब पसंद आएंगे। इस किताब की खास बात यह है कि इसमें संकलित इन गीतों को तुम्हारी ही उम्र के, छठी से लेकर नवीं कक्षा में पढ़ने वाले कई बच्चों ने मिलकर कलमबद्ध किया है। किताब के अंत में एक जगह उन खेलों को खेलने का तरीका भी बताया गया है, जिनके साथ ये खेलगीत गाए जाते हैं। *

**किताब:** गुमनाम खेलगीत, **लेखक:** अंकुर लेखक समूह, **चित्र:** पूजा के मेनन, **मूल्य:** 80 रुपए, **प्रकाशक:** एकलव्य फाउंडेशन, भोपाल और अंकुर सोसाइटी, दिल्ली

## हंसगुल्ले




**नैंसी:** मिनी की मम्मी को सब क्या कहकर बुलाते हैं?
**नव्या:** ये तो मुझे नहीं पता, तुम बताओ।
**नैंसी:** मिनीमम (मिनी-मम)।
**-खुशबू, ईमेल से**

**पापा:** गाड़ी का पेट्रोल खत्म हो गया है, अब आगे नहीं जा सकते।
**मीकू:** कोई बात नहीं पापा ! गाड़ी को रिवर्स कर लीजिए, वापस घर चलते हैं।
**-कमल, रायपुर**

**सोनू:** ऐसा कौन-सा सेंटेंस है, जो हम बच्चे क्लास में सबसे ज्यादा बोलते हैं?
**मोनू:** 'मुझे नहीं पता।'
**सोनू (हंसते हुए):** हां-हां, बिल्कुल सही।
**-साकेत, बिलासपुर**

## जीके क्विज-171

1. एशिया कप वूमेन हॉकी 2025 का खिताब किस देश ने जीता?
2. हाल में ही नियुक्त किए गए फ्रांस के नए प्रधानमंत्री का क्या नाम है?
3. देश के वर्तमान रेलमंत्री कौन हैं?
4. भारत का सर्वाधिक साक्षर राज्य कौन सा है?
5. भारत के 'मिसाइल मैन' के नाम से किसे जाना जाता है?
6. किस पठार को 'संसार की छत' कहा जाता है?
7. कौन-से दो विटामिन जल में घुलनशील होते हैं?
8. नाखून में कौन सा प्रोटीन पाया जाता है?
9. भारत के किस शहर को 'ब्लू सिटी' के नाम से जाना जाता है?
10. नीली क्रांति का संबंध किस क्षेत्र से है?



बच्चो, जीके क्विज-171 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-170 का उत्तर:** 1.दूसरा, 2.टीसीए कल्याणी, 3.सी.पी. राधाकृष्णन, 4. 14 सितंबर 1949, 5. 22 भाषाओं को, 6.सिक्किम, 7.न्यूटन, 8.सिद्धार्थ, 9.शेरशाह सूरी, 10.श्रीलाल शुक्ल

**जीके क्विज-170 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, आलोक-रायपुर, आद्या परी-मानपुर, रमेश-बैकुंठपुर,अश्विनी-राजनांदगांव, माधुरी-ईमेल से, भीमशंकर-डिंडौरी, नैतिक-मानपुर, ज्योति-बैकुंठपुर, आकाश-बिलासपुर



कहानी
विमला रस्तोगी

सामने शेर आ जाए तो बड़े-बड़े डर से कांप जाते हैं, लेकिन नन्ही चैताली के घर में जब शेर आ गया, वह डरी नहीं। उसने बहुत ही साहस और समझदारी से काम लिया। खूंखार शेर पकड़ा गया। चैताली ने यह कमाल कैसे कर दिखाया?

# साहसी चैताली



कक्षा आठ में पढ़ती है चैताली। पढ़ने में अच्छी है। उसकी दो छोटी बहने हैं- मनसा और विद्या। चैताली के पिता खेत पर काम करते हैं। मां भी साथ चली जाती हैं। समय मिलने पर चैताली भी खेतों पर चली जाती है। दिन छिपे भी खेत से अकेली लौट आती है। उसे जरा भी डर नहीं लगता। चैताली के पिता ने उसे साइकिल दिला दी है। वह पास की तहसील के बाजार में साइकिल से जाकर घर की जरूरत का सामान ले आती है। आस-पड़ोस वालों का भी सामान ला देती है।

चैताली अपनी पढ़ाई करने के साथ, अपनी दोनों छोटी बहनों को भी पढ़ाती है। आस-पास के घरों के बच्चों को भी होम वर्क करा देती है। गांव में सब उसको बहुत मानते हैं। वह सबकी मदद करने को तैयार रहती है।

चैताली के गांव में कच्चे-पक्के दोनों तरह के घर हैं। चैताली के घर के दो कमरे पक्के (सीमेंट-ईटों से) बने हैं। खाना बरामदे में बनता है। आगे सब खुला है। बस छोटी-छोटी लकड़ियों के सहारे पौधे लगाकर चार दीवारी-सी बना ली है। एक दिन शाम होने को थी। चैताली अपनी सहेली सोनिया के साथ कमरे में बैठी बातें कर रही थी। दोनों छोटी बहनें पड़ोस में गई थीं। तभी चैताली को शेर के गुर्राने की आवाज सुनाई दी। वह एकदम चौकन्नी हो गई। सहेली को मुंह पर अंगुली रखकर चुप रहने का इशारा किया। दबे पांव बाहर आई। देखा दूसरे कमरे में शेर आ गया है। शेर का मुंह दीवार की तरफ था। चैताली ने हिम्मत से काम लिया। उसने सावधानी से कमरे की दोनों कुंडी झट से बंद कर दी। लंबी सांस ली और तुरंत वन विभाग के दफ्तर में फोन कर दिया। चैताली को पता था कि शेर आदमी से ज्यादा होशियार नहीं होता।

सोनिया को किसी से भी शेर के बारे में कुछ बताने से मना किया, लेकिन वह चैताली के घर से बाहर निकली और बाहर आकर उसने अपने घर वालों को शेर के बारे में बता दिया। सोनिया के घर वालों ने पास-पड़ोस में कह दिया। चैताली भी अपने घर के बराबर वाले मकान में आ गई। उधर गांव वाले लाठी-डंडे लेकर आ गए। चैताली ने सबके सामने आकर सबको रोका, 'आप लोग बिल्कुल शोर मत करें। पिछली बार गांव में जब शेर आया था, सबने उसका पीछा कर उसे जख्मी कर दिया। शेर खेतों में छिप गया, वन विभाग वालों को भी नहीं मिला। डर के मारे बच्चे कई दिनों तक स्कूल पढ़ने नहीं गए। बड़ी मुश्किल से वन विभाग वालों ने शेर पकड़ा।' चैताली ने आगे बताया, 'मैंने फोन कर दिया है, वन विभाग वाले आते ही होंगे।'

तभी चैताली के माता-पिता भी वहां आ गए। कभी शेर की आवाज आती, सब डर जाते लेकिन चैताली नहीं डरती। जल्द ही वन विभाग वाले आ गए। साथ में शेर को बंद करने वाला कटघरा भी लाए थे। आते ही सारे कर्मचारियों ने अपनी पोजीशन ले ली और बहुत ही सतर्कता से शेर को पिंजरे में ले लिया। पिंजरे में आकर शेर जोर-जोर दहाड़ा। अब गांव वाले नहीं डरे।

वन विभाग के अफसर ने चैताली के साहस की खूब प्रशंसा की। उन्होंने कहा, 'चैताली के साहस की जितनी प्रशंसा की जाए, कम है। अगर शेर को देखकर चैताली बस्ती में भागती, शेर उसके पीछे भागता, चैताली घायल होती या कोई गांव वाला या फिर शेर ही घायल हो जाता। पता नहीं शेर कब पकड़ा जाता। इस संकट की घड़ी में भी चैताली ने जिस धीरज, समझदारी और साहस का परिचय दिया। वह अपने आप में एक मिसाल बन गया है।'

सबने ताली बजाकर चैताली को शाबाशी दी। वह भी बहुत खुश थी। कुछ दिनों बाद तहसील में हुए कार्यक्रम में प्रशासन ने चैताली को मेडल देकर सम्मानित किया। चैताली के माता-पिता और गांव वाले सब बहुत खुश थे। *

कविता
सुरेंद्र विक्रम



# पापाजी लाए गुब्बारे

रंग-बिरंगे सजे-धजे, आंखों के लगते सचमुच तारे
जितने सुंदर, उतने प्यारे, पापाजी लाए गुब्बारे।
ये अपनी धुन के पक्के हैं
कभी नहीं घबराते जी।
गैस भरी तो थोड़ी भी तो
सरपट दौड़ लगाते जी।
सचमुच कभी नहीं थकते, ये चलते पांव-पसारे
जितने सुंदर, उतने प्यारे, पापाजी लाए गुब्बारे।
सीधे-सच्चे, मन के अच्छे
जन्मदिवस पर सजते जी।
बिल्कुल केक नहीं खाते
बस फट-फटकर बजते जी।
इतने खुश रहते मानो, बढ़कर छू लेंगे चांद-सितारे
जितने सुंदर, उतने प्यारे, पापाजी लाए गुब्बारे।

## रंग भरो-185

रंग भरो-185 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




आशना, जांजगीर


वेदिका, बालोद


इज्यान, सूरजपुर


लक्षिका, कोरबा


अदिति, बंजारी



रेयांश, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

अतुल-कवर्धा, डिंपल-दुर्ग, रवि-बिलासपुर, सानवी-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, कविता-कटनी, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, विनोद-बिलासपुर, खुशी-कोरबा

## रंग भरो 186

बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में चिंटू और मिंकी स्लाइड पर फिसल रहे हैं। इस चित्र को तुम मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



## खबर संक्षेप

### जतरा मेले में चाउमीन खाने से 35 बच्चे बीमार



**रांची।** लातेहार जिले के सदर थाना क्षेत्र के टेमकी गांव में बुधवार को आयोजित जतरा मेले में अचानक अफरातफरी मच गई, जब मेले में बिक रही चाउमीन खाने से लगभग 35 बच्चे बीमार पड़ गए। बच्चों को अचानक पेट दर्द, उल्टी और सिर चकराने जैसी समस्याएं होने लगीं। देखते ही देखते स्थिति गंभीर हो गई और मौके पर मौजूद लोग घबरा उठे। स्थानीय लोगों ने तुरंत पूर्व मुखिया राजेश उरांव और जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव को इसकी सूचना दी।

### सड़क हादसों में वृद्ध महिला और मासूम की मौत



**वाराणसी।** वाराणसी जिले में सड़क हादसों में एक वृद्ध महिला व मासूम बच्चे की मौत हो गई। पहली घटना में बस की टक्कर में घायल मासूम की इलाज के दौरान बीएचयू में मौत हुई, जबकि भाई-बहन की हालत नाजुक बताई जा रही है। वहीं दूसरी घटना में वृद्ध महिला की ट्रक की चपेट में आने से जान चली गई और उसकी नातिन व नाती घायल हैं। रोहनिया पहाड़ी निवासी चमेला देवी (75) अपने नाती संतोष कुमार, नातिन सृष्टि (05) के साथ बाइक से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिसिरपुर दवा के लिए जा रही थी।

### विवाद में सब्जी विक्रेता की पीट-पीटकर हत्या



**जहानाबाद ।** जहानाबाद जिले के काको थाना क्षेत्र के काको बाजार में महज 5 रुपए को लेकर हुए विवाद ने एक सब्जी विक्रेता की जान ले ली। मृतक की पहचान पखनपुरा गांव निवासी मो. मोसिन के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, नगर पंचायत के चुंगी वसूलने वाले ठेकेदार विक्की पटेल ने सब्जी विक्रेता से 20 रुपए की मांग की। मोसिन ने 15 रुपए देने की बात कही और बाकी 5 रुपए सब्जी बेचने के बाद देने का आश्वासन दिया। ठेकेदार ने सब्जी तौलने वाले बटखारे से मोसिन के सीने पर जोरदार वार कर दिया।

# नवरात्र से अयोध्या की सड़कों पर दौड़ेंगी लंदन की डबल डेकर बसें

*नवरात्र से लंदन से मंगाई गई डबल डेकर बसें अयोध्या की सड़कों पर दिखेंगी। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि इन बसों की कीमत करीब तीन करोड़ है। अयोध्या का बस अड्डा एयरपोर्ट जैसी आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा।*

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

नवरात्र के मौके पर रामनगरी की सड़कों पर एक नया नजारा देखने को मिलेगा। लंदन से प्रेरित डबल डेकर बसें अयोध्या में दौड़ने लगेंगी। उत्तर प्रदेश परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने अपने अयोध्या दौरे के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन डबल डेकर बसों की कीमत करीब तीन करोड़ रुपए है। यह न सिर्फ शहर की पहचान को नया आयाम देंगी, बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा देंगी। बता दे कि एयरपोर्ट की तर्ज पर अयोध्या का बस अड्डा बनाया जाएगा।

**23 बस अड्डे एयरपोर्ट की तर्ज पर बनेंगे**



### परिवहन निगम के पास 14500 बसें

*दयाशंकर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के 23 बस अड्डों को एयरपोर्ट की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। अयोध्या का बस अड्डा भी इन्हीं में शामिल है। जल्द ही यहां यात्रियों को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस नई सौगात मिलेगी। वर्तमान में उत्तर प्रदेश परिवहन निगम का बेड़ा 14,500 बसों का है। इनकी औसत आयु केवल 5.5 साल है। यह देश का सबसे आधुनिक बेड़ा माना जा सकता है।*

### अटल सेवा सर्किट पर इलेक्ट्रिक बसें

*इलेक्ट्रिक बसों को लेकर उन्होंने कहा कि अब ये सिर्फ शहरों तक सीमित नहीं रहेंगी। जल्द ही ये लखनऊ-अयोध्या, अयोध्या-गोरखपुर, अयोध्या-काशी और काशी–प्रयागराज रूट पर 'अटल सेवा सर्किट' के तहत चलाई जाएंगी। मुख्यमंत्री ग्राम जोड़ो योजना के अंतर्गत 1,540 नई बसें चलाई जाएंगी। इससे 7,000 गांवों को जिला मुख्यालय से जोड़ा जाएगा। बच्चों और यात्रियों को समय पर यात्रा की सुविधा मिलेगी।*

### बस अड्डा भी होगा आधुनिक

*परिवहन मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग के पास 14,500 से अधिक सरकारी बसें हैं। योगी सरकार के निर्देश पर प्रदेश के सभी प्रमुख बस अड्डों को एयरपोर्ट की तर्ज पर आधुनिक बनाया जा रहा है। अयोध्या धाम का बस अड्डा भी इस योजना में शामिल है। इसके साथ ही राज्य में पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए इलेक्ट्रिक बसों का संचालन भी शुरू किया गया है।*

### सेवा पखवाड़ा में चल रहे कार्यक्रम

*सेवा पखवाड़ा के दौरान अयोध्या सहित पूरे प्रदेश में अलग-अलग जनकल्याणकारी गतिविधियां हो रही हैं। इनमें स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य शिविर और रक्तदान शिविर शामिल हैं। अयोध्या जिले में श्रीराम अस्पताल, महिला अस्पताल, जिला अस्पताल और महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर भी स्वास्थ्य और रक्तदान शिविर लगाए गए। यह अभियान 2 अक्टूबर तक जारी रहेगा।*

## सीएम योगी के आश्वासन से उम्मीदें बढ़ी

# दीपावली से पहले बढ़ेगा शिक्षामित्रों का मानदेय! 6000 से अधिक को होगा लाभ

- महंगाई के अनुसार मानदेय बढ़ने की आस में शिक्षामित्र व अनुदेशक
- इस समय शिक्षामित्रों को 10 व अनुदेशकों मिल रहा नौ हजार मानदेय

*बांदा में शिक्षामित्रों और अनुदेशकों का मानदेय बढ़ने की उम्मीद जगी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिक्षक दिवस पर मानदेय बढ़ाने के लिए गठित उच्चस्तरीय कमेटी की रिपोर्ट के बाद सकारात्मक फैसले का आश्वासन दिया है। मंडल के 4789 शिक्षामित्र और 1405 अनुदेशक महंगाई को देखते हुए मानदेय में वृद्धि की आस लगाए हैं। दीपावली पर तोहफे के रूप में मानदेय बढ़ने की उम्मीद है*

एजेंसी ▶▶ बांदा

मंडल के शिक्षामित्रों और अनुदेशकों की उम्मीद बढ़ गई है। इनका मानदेय बढ़ाने के लिए उच्चस्तरीय कमेटी गठित की गई है। शिक्षक दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आश्वस्त किया कि रिपोर्ट आने के बाद प्रदेश सरकार सकारात्मक फैसला लेगी। अब कमेटी की रिपोर्ट का सभी उत्सुकता से इंतजार कर रहे हैं। कई वर्षों से शिक्षामित्र व अनुदेशक मानदेय बढ़ाने को लेकर मांग कर रहे हैं। मुख्यमंत्री के आश्वासन से उम्मीदें बढ़ गई हैं।

**कमेटी की रिपोर्ट का उत्सुकता से इंतजार**




### मानदेय बढ़कर मिलने की आस

*तोहफे के रूप में दीपावली के मौके पर शिक्षामित्र व अनुदेशकों को मानदेय बढ़कर मिलने की आस है। वहीं शिक्षामित्र व अनुदेशकों ने महंगाई को लेकर मानदेय बढ़ाने की सरकार से उम्मीद जताई है। मंडल के चारों जिलों में 4789 शिक्षामित्र व 1405 अनुदेशक कार्यरत हैं। शिक्षामित्रों को 10 हजार रुपए और अनुदेशकों को नौ हजार रुपए मासिक मानदेय दिया जाता है। इनमें से करीब डेढ़ हजार से अधिक शिक्षामित्र टीईटी शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं।*

### शिक्षा की गुणवत्ता भी सुदृढ़ होगी

*इन शिक्षामित्रों को उम्मीद है कि उनकी योग्यता और मेहनत को देखते हुए सरकार मानदेय बढ़ाने का बड़ा निर्णय करेगी। हालांकि इस बीच सुप्रीम कोर्ट ने देशभर के बेसिक स्कूलों में शिक्षक बनने के लिए टीईटी की अनिवार्यता कर दी है। इस आदेश से बगैर टीईटी वाले शिक्षकों की चिंता बढ़ गई है। वे अपनी नौकरी और भविष्य को लेकर असमंजस में हैं। वह लगातार सरकार से मांग कर रहे हैं। वहीं, टीईटी पास शिक्षामित्रों को भरोसा है कि योग्यता आधारित नीति के तहत उन्हें वरीयता और बेहतर मानदेय मिलेगा। सभी का मानना है कि सरकार कमेटी की रिपोर्ट के बाद जल्द ही ठोस निर्णय लेगी। इससे न केवल शिक्षकों का मनोबल बढ़ेगा बल्कि विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता भी सुदृढ़ होगी। विभागीय सूत्रों का कहना है कि जल्द ही सरकार मानदेय में बढ़ोतरी कर शिक्षामित्रों और अनुदेशकों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करने की दिशा में कदम बढ़ा सकती है। वहीं शिक्षामित्र व अनुदेशक दीपावली पर इसे तोहफा के रूप में सरकार के देने का कयास लगा रहे हैं।*

## छोटा सिलेंडर भी धमाके के साथ फटा

# विश्वकर्मा पूजा की रात फर्नीचर की दुकान में लगी आग, 35 लाख से अधिक का सामान जलकर खाक



- नालंदा जिले के बिहार शरीफ स्थित लहेरी थाना क्षेत्र के बड़ी पहाड़ी मोहल्ले में विश्वकर्मा पूजा की देर रात आमस फर्नीचर की दुकान में भीषण आग लग गई। घटना में करीब 35 लाख रुपए से अधिक की संपत्ति नष्ट हो गई।

एजेंसी ▶▶ नालंदा

नालंदा में जिला मुख्यालय बिहार शरीफ के लहेरी थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ी पहाड़ी मोहल्ले में विश्वकर्मा पूजा की देर रात फर्नीचर की दुकान में भीषण आग लग गई। इस घटना में लाखों रुपए की संपत्ति जलकर खाक हो गई। आग लगने की घटना संतोष कुमार की आमस फर्नीचर दुकान में हुई। फर्नीचर दुकानदार संतोष कुमार ने बताया कि विश्वकर्मा पूजा के बाद वे स्टाफ के साथ घर लौट गए थे। आधी रात लगभग 12 बजे स्थानीय लोगों ने फोन कर सूचना दी कि दुकान में आग लग गई है। जब वे अपने स्टाफ के साथ दुकान पहुंचे तो अंदर से लपटें और धुआं निकल रहा था। आशंका जताई जा रही है कि हवन सामग्री की वजह से आग फैल गई, जिससे पूरी दुकान जल उठी। इस हादसे में करीब 35 लाख रुपए से अधिक की संपत्ति का नुकसान हुआ।

### चार दमकल की गाड़ियों ने पाया काबू

*आग की सूचना पर स्थानीय पुलिस और दमकल विभाग की चार छोटी-बड़ी गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। कड़ी मशक्कत के बाद करीब दो घंटे में आग पर काबू पाया गया। तब तक दुकान में रखा पूरा फर्नीचर और एक चारपहिया वाहन जलकर खाक हो गया। वहीं, चाय बनाने के लिए रखा छोटा गैस सिलेंडर भी धमाके के साथ फट गया, जिससे आग और तेजी से फैल गई।*

### आसपास की दुकान और मकान भी प्रभावित

*आग की तेज लपटों से आसपास की दुकानें और मकान भी क्षतिग्रस्त हो गए। फर्नीचर दुकान के पास स्थित एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र, जहां वर्तमान में एसबीआई का लाइफ ऑफिस संचालित था, उसे भी नुकसान पहुंचा।*

### थाना अध्यक्ष ने दी जानकारी

*लहेरी थाना अध्यक्ष रंजीत कुमार रजक ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम दमकल विभाग के साथ मौके पर पहुंची और काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया। फिलहाल पीड़ित दुकानदार नुकसान का आकलन कर रहे हैं। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। शुरुआती जांच में पूजन सामग्री से आग लगने की आशंका जताई जा रही है।*

## पेज एक का शेष

### रद्द किया प्रतिबंधित दवा ...

**48 हजार अमेरिकियों की मौत का अंदेशा :** गौरतलब है कि फेंटेनाइल (एफईएन-टीआईएच-एनआईएल) रसायनों के मिश्रण से तैयार की जाने वाली एक सिथेंटिक ओपिओइड दवा है। जो या तो प्रयोगशाला में बनाई जाती है या फिर कृत्रिम रूप से इसे तैयार किया जाता है। डॉक्टरों की भाषा में इसे दर्द निवारक दवा के रूप में जाना जाता है। लेकिन फेंटेनाइल को अवैध रूप से बनाकर बाजार में बेचा भी जाता है। जिसमें अक्सर ये देखा गया है कि इसे जाइलाजिन, हेरोइन या कोकीन के साथ मिलाकर उनके प्रभाव को बढ़ाने में इस्तेमाल किया जाता है। जिससे इसे लेने वाले को एक प्रकार से इसकी लत लग जाती है। वर्तमान में यह तरल और पाउडर दोनों रूपों में उपलब्ध है। अमेरिका ने 1960 के दशक में इसे दर्द निवारक दवा के रूप में अपनी मंजूरी प्रदान की थी। लेकिन तब से यह अमेरिका में ओपिओइड ओवरडोज से होने वाली मौतों के लिए जिम्मेदार मुख्य दवा बन गई है। अमेरिकी रोग नियंत्रण केंद्र ने पिछले साल फेंटेनाइल युक्त दवा मिश्रण लेने से 48 हजार से अधिक अमेरिकी लोगों की मौत होने का अनुमान लगाया है। चीन फेंटेनाइल के उत्पादन में प्रयुक्त होने वाले पूर्ववर्ती रसायनों का प्राथमिक स्रोत है।

### प्रदर्शनों में मारे गए लोगों...

सुशीला कार्की द्वारा 12 सितंबर को पदभार ग्रहण करने के ठीक अगले दिन 13 सितंबर को पीएम मोदी ने उन्हें बधाई संदेश भेजा था।

**नेपाल में शांति-स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध भारत :** मंत्रालय ने बताया कि बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने भारत और नेपाल के विशेष संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने के लिए लगातार निकटता से काम करने की इच्छा जताई है। साथ ही पड़ोसी देश में शांति-स्थिरता कायम करने और आमजन की प्रगति के लिए जारी प्रयासों को लेकर अपना पूर्ण समर्थन प्रदान करने पर भी जोर दिया। उन्होंने शुक्रवार को नेपाल के राष्ट्रीय दिवस को लेकर भी प्रधानमंत्री सुशीला कार्की और नेपाल के लोगों को बधाई दी है। दोनों नेताओं ने भविष्य में भी एक-दूसरे के संपर्क में बने रहने की सहमति प्रदान की है।

**बातचीत को पीएम ने एक्स पर साझा किया :** नेपाल की नवनियुक्त प्रधानमंत्री के साथ हुई बातचीत को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट भी की। जिसमें उन्होंने बताया कि नेपाल की अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री श्रीमती सुशीला कार्की के साथ गर्मजोशी से बातचीत हुई। जिसमें बीते समय में हुई दुखद जनहानि पर हार्दिक संवेदना जताई और शांति व स्थिरता कायम करने के उनके प्रयासों को लेकर भारत के दृढ़ समर्थन की पुष्टि की। पीएम ने यह भी कहा मैंने प्रधानमंत्री कार्की और नेपाल की आम-जनता को 19 सितंबर को उनके राष्ट्रीय दिवस की भी शुभकामनाएं दीं।

### दर्जनों लोग हुए ...

नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी.शर्मा ओली ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। जिसके बाद जेन-Z से सलाह मशविरा कर नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने 12 सितंबर को सर्वोच्च न्यायालय की पूर्व मुख्य न्यायाधीश को अंतरिम प्रधानमंत्री के रूप में शपथ दिलाई।

### भवनों और सड़कों के निर्माण...

में न्यायिक परिसर में सिविल जज (जूनियर व सीनियर) के पांच आवासीय परिसरों, तथा चरखी दादरी के ढिगावा जाटान में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के भवन निर्माण कार्य की इन्हांसमेंट को स्वीकृति प्रदान की।

**खेल विश्वविद्यालय राई के लिए दो माह में डीपीआर तैयार करने के निर्देश :** मुख्यमंत्री ने हरियाणा खेल विश्वविद्यालय, राई (सोनीपत) के प्रशासनिक भवन, शैक्षणिक भवन, हॉस्टल, स्पोर्ट्स इन्फ्रास्ट्रक्चर भवन और पूरे विश्वविद्यालय परिसर के कार्यों की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) दो महीने के भीतर तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खेलों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय का डिजाइन तैयार किया जाए ताकि यह खिलाड़ियों के लिए विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त हो। बैठक में लोक निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग अग्रवाल, माध्यमिक शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विनीत गर्ग, खेल विभाग के प्रधान सचिव नवदीप विर्क सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### अनिल अंबानी...

वित्तीय स्थिति पर निगरानी रखने की चेतावनी के बावजूद किया गया था। जांच से पता चला है यस बैंक द्वारा निवेश की गई यह राशि बहुस्तरीय लेन-देन के जरिये बाहर निकाल दी गई और बड़े पैमाने पर सार्वजनिक धन का दुरुपयोग हुआ।

**राणा कपूर और अनिल अंबानी के बीच सांठगांठ :** सीबीआई के अनुसार, इस षड्यंत्र में राणा कपूर और अनिल अंबानी ने एक-दूसरे को फायदा पहुंचाने के लिए सांठगांठ की

**अन्य निवेश और लेन-देन :** रिलायंस निप्पॉन म्यूचुअल फंड्स ने राणा कपूर परिवार की कंपनी मॉर्गन क्रेडिट्स प्राइवेट लिमिटेड में 1,160 करोड़ का निवेश किया

**यस बैंक से एडीए समूह के डिबेंचर 249.80 करोड़ में खरीदे गए :** इसके अलावा, यस बैंक के उच्च जोखिम वाले एटी-1 बॉन्ड्स में भी 1,750 करोड़ का निवेश किया गया

**शामिल कंपनियां और धाराएं :** सीबीआई की चार्जशीट में अनिल अंबानी, राणा कपूर, बिंदु कपूर, राधा कपूर, रोशनी कपूर समेत कई कंपनियों को आरोपी बनाया गया है। इनमें आरसीएफएल, आरएचएफ़एल (अब ऑथम इंवेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड), मॉर्गन क्रेडिट्स प्रा. लि., आरएबी एंटरप्राइजेज प्रा. लि., इमैजिन एस्टेट प्रा. लि. सहित अन्य कंपनियां शामिल हैं।

### कांग्रेस कार्यसमिति की...

शुरू कर दिया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि पटना में बैठक कर कांग्रेस पार्टी न सिर्फ अपने कार्यकर्ताओं को संदेश देना चाहती है कि केंद्रीय नेतृत्व राज्य की लड़ाई में पूरी ताकत से उतरेगा, बल्कि यह भी दर्शाना चाहती है कि पार्टी चुनाव से पहले पारदर्शिता, मतदाता अधिकार और गठबंधन की मजबूती जैसे अहम मुद्दों पर गंभीर है।

### छावनी बोर्ड को स्मार्ट...

**आमजन का हो कल्याण :** उन्होंने अधिकारियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आपने सफलतापूर्वक दोहरी जिम्मेदारी का निर्वहन किया है। जिसमें 18 लाख एकड़ से अधिक की रक्षा भूमि को संभालना और भारत में मौजूद 61 छावनियों में रहने वाले लोगों के कल्याण को सुनिश्चित बनाए रखा गया है। राजनाथ ने हालांकि छावनियों को आधुनिक शहरों की तरह विकसित करने की आवश्यकता जताते हुए कहा कि इसके माध्यम से लगातार सिस्टम को अपग्रेड किया जाना चाहिए। जिससे सेवाओं की डिलीवरी सरलता, पारदर्शिता के साथ आम नागरिकों के लिए सरल-सुलभ बन जाए।

**पारदर्शिता से बढ़ाएं डिजिटल सेवाएं :** डिजिटल सेवाओं (ई-छावनी 2.0) को बढ़ाने पर भी राजनाथ सिंह ने जोर दिया। उन्होंने कहा कि इसकी मदद से लोगों को पारदर्शिता के साथ ही समय पर अपने घर पर ही चीजें मिल जाएंगी। साथ ही हमें लोगों की भागीदारी बढ़ाने पर भी ध्यान केंद्रित करना चाहिए। जिससे छावनी के इलाकों में रहने वाले लोग उनसे जुड़ी हुई भविष्य की योजना में भागीदार बन सकेंगे। हमें छावनी बोर्ड को आधुनिक, पारदर्शी और जवाबदेह संस्थान के रूप में परिवर्तित करना चाहिए। जिससे ये जरूरतों को समयबद्ध ढंग से पूरा कर सकें।

**गरीबों और विकलांगों पर दें ध्यान :** रक्षा मंत्री ने कहा कि यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि छावनी बोर्ड में रहने वाले नागरिकों को बेहतरीन जन-सुविधाओं प्रदान करने के साथ ही उनके लिए एआई युक्त शिकायतों के तत्काल निवारण का एक तंत्र भी बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि छावनियों में रहने वाले गरीब लोगों, विकलांगों, वरिष्ठ नागरिकों और विशेष बच्चों के कल्याण पर भी ध्यान केंद्रित करना चाहिए। भविष्य की छावनियां स्मार्ट पावर सिस्टम से लेकर नवीकरणीय ऊर्जा ग्रिड, ईवी चार्जिंग हब, स्मार्ट वेस्ट टू एनर्जी प्लांट और एआई आधारित निगरानी सिस्टम से लैस होनी चाहिए। सम्मेलन में वायुसेनाप्रमुख एयरचीफ मार्शल ए.पी.सिंह, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह, रक्षा संपदा महानिदेशक शैलेंद्र नाथ गुप्ता समेत अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

### मतदाता सूची से नाम हटाने...

को सौंप दी, जिसमें ऑब्जेक्शनर का नाम, फॉर्म नंबर, एपिक नंबर, मोबाइल नंबर, आईपी एड्रेस, एप्लीकेशन माध्यम और अन्य तकनीकी विवरण शामिल थे। आयोग का कहना है कि वह लगातार जांच एजेंसी को दस्तावेज़ व जानकारी उपलब्ध कराता रहा है।

▶▶ अलंद केस 2023 : आयोग का दस्तावेज़ी जवाब

▶▶ केंद्रीय चुनाव आयोग ने कर्नाटक इलेक्शन कमीशन के सीईओ के माध्यम से बताया कि-

▶▶ दिसंबर 2022 में 6,018 आवेदन (फॉर्म 7) आए थे

▶▶ जांच में केवल 24 आवेदन सही पाए गए, जबकि 5,994 आवेदन अप्रमाणिक पाए गए और खारिज कर दिए गए

▶▶ किसी भी मतदाता का नाम बिना उचित प्रक्रिया हटाया नहीं गया

▶▶ 21 फरवरी 2023 को ही अलंद पुलिस स्टेशन, कलबुर्गी में एफ़आईआर (26/2023) दर्ज कराई गई




# श्राद्ध के बावजूद नेत्र और चिकित्सा शिविर में उमड़े मरीज

## सिंघानिया परिवार ने कायम की मिसाल: राजेश चेतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर भारत की प्रमुख सामाजिक संस्था भिवानी परिवार मैत्री संघ (बीपीएमएस) ने एक बार फिर साबित कर दिखाया कि गरीबों,जरूरतमंदों की तत्काल मदद में वह सबसे आगे है। नौरंग राय सिंघानिया एवं सरबती देवी सिंघानिया जी की पुण्य स्मृति में आयोजित निःशुल्क 31वें मोतियाबिंद ऑपरेशन (लेंस वाला) एवं मेडिकल कैम्प में आज 160 मरीजों की ओपीडी हुई जिसमें चिकित्सकों ने 40 मरीजों के नेत्र आपरेशन की सिफारिश की। 43 मरीजों की ओरल जांच की गई। भिवानी परिवार मैत्री संघ के अध्यक्ष एवं अंतर्राष्ट्रीय कवि राजेश चेतन ने बताया कि श्राद्ध पक्ष के बावजूद इतनी बड़ी संख्या में मरीजों का शिविर में उमड़ना यह साबित करता है कि बीपीएमएस के प्रयासों से लोगों में अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता आई है। उन्होंने बताया कि आज के नेत्र एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन सिंघानिया परिवार की ओर से बीपीएमएस के सान्निध्य में श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर में सुबह नौ से दोपहर एक बजे तक हुआ। शिविर में दिल्ली और गुरुग्राम के वरिष्ठ चिकित्सकों ने मरीजों की जांच की। उल्लेखनीय है कि बीपीएमएस द्वारा हर माह के तीसरे बुधवार को भिवानी के श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर में निःशुल्क नेत्र एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है। राजेश चेतन ने बताया कि छोटी काशी दानवीरों और धर्म परायण लोगों की नगरी भी है। सिंघानिया परिवार ने श्राद्ध पक्ष में अपने पूर्वजों के नाम पर गरीब व जरूरतमंद मरीजों के निःशुल्क इलाज की व्यवस्था करके मिसाल कायम की है। उन्होंने बताया कि समाज सेवा को अखंड पाठ-अखंड जोत जैसा पवित्र मानने वाले भिवानी के दानवीरों की लंबी सूची चिकित्सा शिविरों के आयोजन के लिए बीपीएमएस के पास आ चुकी है। यह गर्व का विषय है और भिवानी की पवित्र माटी के गौरव का भी परिचायक है।

### पूर्व आईजी से 4.32 लाख की साइबर ठगी


**प्रयागराज।** राधा बनकर पूरे देश में चर्चा में आए पूर्व आईजी डीके पंडा से 4.32 लाख रुपए की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। डीके पंडा ने घटना की रिपोर्ट धूमनगंज थाने में दर्ज करा दी है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। मूल रूप से उड़ीसा के रहने वाले डीके पंडा 1971 बैच के आईपीएस अफसर रहे हैं। 2015 में दूसरी राधा का रूप त्याग कर कृष्णानंद बन गए थे।

## चिंतन

# पाकिस्तान को लेकर हमेशा सतर्क रहने की जरूरत

पाकिस्तान हर संभव प्रयास कर रहा है कि किसी भी ढंग से भारत को घेरा जा सके। ऑपरेशन सिंदूर में बुरी गत बनने के बाद उसकी सक्रियता और ज्यादा बढ़ गई है। वो कभी अमेरिका की जी हुजूरी करता है तो कभी बांग्लादेश को अपने पक्ष में करने की जुगत भिड़ाता है। महज कुछ ही दिन पहले मुस्लिम देशों को नाटो जैसा संगठन बनाने की वकालत करने वाले पाकिस्तान ने अब सऊदी अरब के साथ रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत किसी एक पर कोई भी हमला दोनों पर हमला माना जाएगा। इस समझौते के तहत दोनों देशों के बीच डिफेंस कॉर्पोरेशन भी डेवलप किया जाएगा। समझौते के तहत मिलिट्री सहयोग किया जाएगा। इसमें जरूरत पड़ने पर पाकिस्तान के परमाणु हथियारों का इस्तेमाल भी शामिल है। वैसे तो सऊदी अरब और पाकिस्तान पुराने दोस्त हैं। सऊदी अरब को पाकिस्तान का एटीएम भी कहा जाता है। पाक जब भी कंगाली की हालत में होता है, सबसे पहले सऊदी अरब के सामने ही हाथ फैलाता है। यह रक्षा समझौता ऐसे समय हुआ है, जब खाड़ी के अरब देश लंबे समय के सुरक्षा गारंटर के रूप में अमेरिका की विश्वनीयता पर संदेह जता रहे हैं। पिछले हफ्ते कतर पर इजरायली हमले ने इन देशों की चिंताओं को और बढ़ा दिया है। जिस वक्त इस रक्षा समझौते पर साइन किए जा रहे थे, तब पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसीम मुनीर भी वहां मौजूद थे। आपरेशन सिंदूर के बाद मुनीर को पाकिस्तान का सबसे शक्तिशाली इंसान माना जा रहा है और वो लगातार इस समझौते को करवाने की कोशिशों में जुटे थे। क्योंकि वह जानते हैं कि भारत को उनकी सेना अकेले दम पर हराना तो बहुत दूर की बात है, मुकाबले में खड़ी भी नहीं हो सकती। आपरेशन सिंदूर के दौरान महज 48 घंटे में ही उसे युद्ध रोकने की गुहार लगानी पड़ी थी। इसीलिए वो एक ऐसे मजबूत कंधे की तलाश में थे, जिसके सहारे भारत के कोप से बचा जा सके। भारत के साथ-साथ इस समझौते को कतर में किए गए इजरायली हमले को भी कारण माना जा रहा है। 14 सितंबर को दोहा में मुस्लिम देशों के कई नेता इजरायल के खिलाफ एक खास बैठक के लिए इकट्ठा हुए थे। यहां पाकिस्तान ने सभी इस्लामी देशों को नाटो जैसी जॉइंट फोर्स बनाने का सुझाव दिया था। पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री मोहम्मद इशाक डार ने एक जॉइंट डिफेंस फोर्स बनाने की संभावना का जिक्र करते हुए कहा था कि न्यूक्लियर पावर पाकिस्तान इस्लामिक समुदाय के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाएगा। सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच हुए इस समझौते के पीछे तात्कालिक क्षेत्रीय तनाव तो हैं ही, इसके साथ ही मुख्य प्रावधान किसी एक पर हमले को दोनों पर हमला मानना, औपचारिक गठबंधन संधियों में दी जाने वाली सुरक्षा गारंटी जैसा है। सऊदी अरब के लिए, यह अपनी सुरक्षा को मजबूत करने के एक कदम का संकेत है। वहीं, पाकिस्तान को डर है कि भारत आतंकवाद के पोषक पाकिस्तान को सबक सिखाने से चूकने वाला नहीं है। पाक अब सऊदी को ढाल के रूप में इस्तेमाल भी करेगा। महत्वपूर्ण बात यह है कि पाक परमाणु शक्ति भी है, जिसकी विदेश नीति दबाव में तुरंत पलट सकती है। क्योंकि उसकी माली हालत अच्छी नहीं है। वो आर्थिक सहायता के बदले कुछ भी कर सकता है। हालांकि, पाकिस्तान सीधे तौर पर इजरायल या भारत पर हमले की हिमाकत शायद ही करे, क्योंकि वो अच्छी तरह से जानता है कि उसका परिणाम क्या होने वाला है। फिर भी भारत को हमेशा सतर्क रहना होगा। क्योंकि पाक एक जहरीले सांप की तरह है, जिस पर कतई भरोसा नहीं किया जा सकता।

## सारा संसार




लवासा में देवकुंड झरना एक छिपा हुआ रत्न है। 20 फिट की ऊंचाई से गिरते हुए पानी को देख यात्री तरोताजा महसूस करते हैं। यहां पहुंचने के बाद देवकुंड पर्यटन टीम आपको कैंपिंग, ट्रेकिंग जैसी एडवेंचर एक्टिविटी के बारे में पूरी जानकारी देती है।

## आस्था

बाल मुकुन्द ओझा



# शक्ति भक्ति, मेलों-ठेलों और खुशियों के त्योहार

भारत त्योहारों का देश है। त्योहार देश की सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक बुनियाद को मजबूत बनाने और समाज को जोड़ने का काम करते हैं। त्योहार जीवन में खुशियां लेकर आते हैं। विशेषकर सितम्बर और अक्टूबर का त्योहारी महीना अपने साथ कई सौगातें लेकर आता है। इस दौरान बारिश विदाई ले चुकी होती है और मौसम में बदलाव की आहट लोग महसूस करते है। इस मौसम में प्राकृतिक सौंदर्य अपने चरम पर होता है। सबसे बड़ी बात यह है कि सितम्बर माह से देश में त्योहारी मौसम की शुरुआत हो जाती है। नवरात्रि से दीपावली तक दो माह इस बार कई महत्वपूर्ण धार्मिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय पर्वों की सौगात लेकर आ रहा है। ये माह आस्था, परंपरा और भक्ति से जुड़ी अनेक शुभ तिथियों को अपने साथ लेकर आया है। यह एक के बाद एक व्रत और त्योहारों से सजा हुआ है। श्राद्ध पक्ष की समाप्ति के साथ ही 22 सितम्बर से विधिवत त्योहारी सीजन की शुरुआत हो जाएगी। इस दौरान शारदीय नवरात्रि, विजयदशमी, करवा चौथ, दीपावली, प्रदोष व्रत, शरद पूर्णिमा जैसे बड़े व्रत, त्योहार और मेले ठेले हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाये जायेंगे। दीपावली तक त्योहारी खरीदारी का माहौल रहेगा और उसके बाद शादियों का दौर बाजारों को नई रफ्तार देगा। बहरहाल यहां हम त्योहारी सीज़न की चर्चा कर रहे हैं। इस त्योहारी सीजन में एक दर्जन बड़े त्योहार और व्रत आते हैं जिसमें देशवासी उमंग और उत्साह के साथ शामिल होकर अपनी खुशियों का इजहार करते हैं। लोकमंगल के इस सीजन में बच्चे से बुजुर्ग तक खुशियां बांटते हैं और खुशहाली की कामना करते हैं। त्योहारी सीज़न की शुरुआत शारदीय नवरात्रि से हो रही है। 22 सितम्बर से शुरू हो रहे नवरात्रि के पावन अवसर पर मां दुर्गा के लाखों भक्त उनकी तन मन से पूजा-आराधना करते हैं ताकि उन्हें उनकी श्रद्धा का फल मां के आशीर्वाद के रूप में मिल सके। धनतेरस का पर्व शनिवार, 18 अक्टूबर 2025 को है। इस दिन भगवान धन्वंतरि और मां लक्ष्मी की पूजा होती है। इसे स्वास्थ्य और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। नरक चतुर्दशी का पर्व रविवार, 19 अक्टूबर को मनाया जाएगा। मान्यता है कि इस दिन भगवान कृष्ण ने नरकासुर राक्षस का वध किया था। इसे छोटी दिवाली भी कहते हैं। दिवाली सोमवार, 20 अक्टूबर को मनाई जाएगी। इस दिन मां लक्ष्मी, भगवान गणेश और भगवान कुबेर की पूजा की जाती है। शाम को घरों में दीपक जलाकर अंधकार पर प्रकाश और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक मनाया जाता है। गोवर्धन पूजा मंगलवार, 21 अक्टूबर को है। लोग तरह-तरह के व्यंजन बनाकर भगवान को भोग लगाते हैं। भाई दूज गुरुवार, 23 अक्टूबर को है। यह दिन भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को समर्पित है। बहनें अपने भाइयों को तिलक करती हैं और लंबी उम्र की कामना करती हैं। त्योहारों में लोग अपनी सामर्थ्य के मुताबिक नए कपड़े, जमीन जायदाद सोने-चांदी के सामान सहित घरेलू जरूरत के सामान खरीदते हैं। तन-मन को प्रफुल्लित करने वाला ये पर्व हमारे जीवन में हजारों खुशियां प्रदान करते हैं। त्योहार जीवन को प्रेम, बन्धुत्व और शुद्धता से जीने की सीख देता है और बुराइयों को अन्तर्मन से बाहर निकाल कर अच्छाइयों को ग्रहण करने की ताकत प्रदान करता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



विश्लेषण
राज कुमार सिंह

ब्रिटेन के लाखों मूल निवासी पिछले दिनों 'यूनाइट द किंगडम' के नारों के साथ प्रवासियों के विरुद्ध रैली निकालते नजर आए तो संदेश साफ है कि विश्व को एक गांव के रूप में देखने-दिखाने के सपने बिखरने लगे हैं। पिछली शताब्दी के अंतिम दशक में आर्थिक उदारीकरण के नाम पर वैश्विक गांव का नारा दिया गया था। तमाम देशों ने अर्थव्यवस्था ही नहीं, सोच-समझ की दृष्टि से भी अपने खिड़की-दरवाजे पूरी दुनिया के लिए खोल दिए। सत्ता राजनीति अपनी सुविधा के लिए इस तथ्य को छिपा जाती है कि कम वेतन पर स्थानीय पेशेवर न मिलने अथवा उतने कुशल स्थानीय पेशेवर न मिलने से ही प्रवासी पेशेवरों को इन देशों की कंपनियां नौकरी देती हैं, न कि धर्मार्थ भाव से।

# 'वैश्विक गांव' का बिखरता सपना

कहावत है कि एक समय ब्रिटिश सत्ता में सूरज कभी नहीं डूबता था, अब उसी ब्रिटेन के लाखों मूल निवासी पिछले दिनों 'यूनाइट द किंगडम' के नारों के साथ प्रवासियों के विरुद्ध रैली निकालते नजर आए तो संदेश साफ है कि विश्व को एक गांव के रूप में देखने-दिखाने के सपने बिखरने लगे हैं। पिछली शताब्दी के अंतिम दशक में आर्थिक उदारीकरण के नाम पर वैश्विक गांव का नारा दिया गया था। भारत समेत तमाम देशों ने अर्थव्यवस्था ही नहीं, सोच और समझ की दृष्टि से भी अपने खिड़की-दरवाजे पूरी दुनिया के लिए खोल दिए। विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की शर्तों के दबाव में आर्थिक उदारीकरण को गति मिली, लेकिन सभी जानते हैं कि उसके मूल में अपने उत्पादों के लिए दुनिया भर के बाजार हासिल करने की अमेरिकी रणनीति काम कर रही थी। इसलिए भी, अमेरिका के वैचारिक विरोधियों ने अर्थव्यवस्था के उस उदारीकरण और वैश्वीकरण का विरोध किया।

कुछ परंपरागत क्षेत्रों पर नकारात्मक असर के अलावा उससे लाभ भी मिला, लेकिन साढ़े तीन दशक बाद अब विश्व व्यवस्था फिर वापस अपने-अपने दायरे में लौटने को बेताब दिख रही है। विडंबना यह कि इसकी शुरुआत भी अमेरिका से ही हुई। अमेरिका को फिर महान बनाने और अवैध प्रवासियों को बाहर निकालने के नारे के साथ, चार साल के अंतराल के बाद, दूसरी बार राष्ट्रपति बनने में सफल रहे डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों का भले ही अब अमेरिका में भी विरोध होने लगा हो, लेकिन 'स्थानीय बनाम प्रवासी' का मोर्चा खोलने की राजनीति यूरोप समेत दूसरे देशों में भी रंग दिखाने लगी है। ये पश्चिमी देश हर तरह के उदारीकरण के लिए जाने जाते रहे हैं। इसीलिए प्रवासियों की पसंद की सूची में ऊपर रहे हैं। प्रवासियों को वहां बेहतर जीवन स्तर मिलता है तो वे भी उनके सर्वांगीण विकास में अपना योगदान देते हैं। अब अचानक इन देशों को प्रवासी अपने मूल निवासियों और अंततः राष्ट्रीय हितों के लिए खतरा नजर आने लगे हैं। स्थानीयता और राष्ट्रवाद के नाम पर नागरिकों की भावनाएं भड़काने की राजनीति जांची-परखी है। इसलिए इसे आधार बना कर सत्ता-राजनीति की बिसात भी बिछायी जाने लगी है।

अगर अमेरिका सरीखे विश्व के सबसे पुराने लोकतंत्र और मजबूत अर्थव्यवस्था वाले उदार समाज में राष्ट्रवाद डोनाल्ड ट्रंप को दूसरी बार राष्ट्रपति बनवाने वाला 'ट्रंप कार्ड' बन सकता है तो फिर ब्रिटेन, फ्रांस और ऑस्ट्रेलिया समेत अन्य देशों के राजनेता उसे क्यों नहीं आजमाना चाहेंगे? ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया में चुनाव भी होने वाले हैं। बेशक फ्रांस से लेकर ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया तक जनता के सड़कों पर उतरने के मूल में वहां की सरकारों की, जन आकांक्षाओं पर खरा उतरने में नाकामी तथा महंगाई, बेरोजगारी एवं खराब कानून व्यवस्था के चलते बढ़ती जीवन की मुश्किलें ही हैं, लेकिन ट्रंप के 'ट्रंप कार्ड' के बाद तमाम समस्याओं को स्थानीय बनाम प्रवासी का मुद्दा बना कर पेश करने की राजनीति जोर पकड़ रही है।

पिछले दिनों लंदन में प्रवासी विरोधी रैली का हिंसक हो जाना बताता है कि ये भावनाएं लगातार गहरा रही हैं। बेशक आर्थिक विकास की दौड़ में किसी देश के पिछड़ जाने या आगे निकल जाने का कोई एक कारण नहीं होता



और यह अचानक भी नहीं होता, पर महंगाई- बेरोजगारी के साथ-साथ अपराधों में भी वृद्धि की तपिश झेल रहे अंग्रेजों को यह समझा पाना मुश्किल नहीं कि कभी दुनिया पर राज करने वाले ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था लगातार पिछड़ने के मूल में उस पर बढ़ता प्रवासियों का दबाव भी है। आश्चर्य नहीं कि नोजली, लॉटन और केंट के कुछ क्षेत्रों में प्रवासी विरोधी गुट सक्रिय और मुखर हो रहे हैं। कुछ दशक पहले यह कल्पना भी मुश्किल थी कि ब्रिटेन के मूल निवासी अपने ही देश में खुद को असुरक्षित महसूस करने लगेंगे, लेकिन अब राजधानी लंदन में ही कुछ 'नो-गो जोन' बन गये हैं, जहां मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में गैर मुस्लिम जाना असुरक्षित समझते हैं। ब्रिटेन की ही बात करें तो लगातार बढ़ती मुस्लिम आबादी फिलहाल प्रवासी विरोध की बड़ी वजह है। अनुमान है कि 2035 तक ब्रिटेन की कुल आबादी में मुस्लिम आबादी 25 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी।

किसी भी देश और समाज में जब आबादी का स्वरूप और संतुलन बदलता है, तो कई तरह की चुनौतियां पैदा होना स्वाभाविक है। बेहतर जीवन की चाह में विदेश जाने वाले प्रवासी भी अपनी संस्कृति को आने वाली पीढ़ियों के लिए सहेजे रखना चाहते हैं। इस प्रक्रिया में वे संगठित भी होते हैं, लेकिन राष्ट्रवाद के जरिये स्थानीयता की राजनीति करने वाले उनकी सक्रियता और मुखरता को देश की मूल संस्कृति और निवासियों के लिए खतरे के रूप में पेश करते हैं।

इस्लामी संस्कृति से ले कर गाजा पर एकजुटता के प्रदर्शन तक मुस्लिम संगठनों की सक्रियता और मुखरता अंग्रेजी समाज में भविष्य के खतरे के रूप में भी रेखांकित की जा रही है। ऐसा लग सकता है कि ब्रिटेन में प्रवासी विरोध के निशाने पर मुस्लिम ही हैं, पर वास्तव में अवैध प्रवासी हर देश में समस्या बनते जा रहे हैं। अमेरिका की तरह अन्य पश्चिमी देशों में भी अवैध प्रवासियों से सख्ती से निपटने के लिए जनता का दबाव बढ़ रहा है। एक अनुमान के मुताबिक इसी साल लगभग 28 हजार अवैध प्रवासी छोटी नावों से इंग्लिश चैनल पार कर ब्रिटेन में प्रवेश कर चुके हैं। खुद को अवैध प्रवासियों के लिए धर्मशाला नहीं बनने देना किसी भी देश के लिए अच्छा नहीं माना जा सकता। बेशक जिन देशों से ये अवैध प्रवासी आते हैं, वे भी उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई का तर्कसम्मत विरोध नहीं कर सकते। जब अमेरिका ने अवैध भारतीय प्रवासी हथकड़ी-बेड़ी पहना कर भारत भेजे तो हमारे पास भी मानवीय व्यवहार का मुद्दा उठाने के अलावा कहने को ज्यादा कुछ नहीं था। इस विश्वव्यापी समस्या का चिंताजनक पहलू यह भी है कि अवैध प्रवासियों के विरुद्ध मुखर होते इस विरोध की आंच अंततः वैध प्रवासियों तक भी पहुंचेगी, क्योंकि उनके चलते मूल निवासियों के लिए रोजगार के घटते अवसरों और बढ़ती मुश्किलों की बहस शुरू हो चुकी है। बेशक पढ़ाई के लिए ऑस्ट्रेलिया जाने वाले भारतीय छात्र वहां की अर्थव्यवस्था में लगभग छह अरब डॉलर का सालाना योगदान देते हैं।

ब्रिटेन की राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में भी भारतीय पेशेवरों की महत्वपूर्ण भूमिका है, लेकिन कोई भी प्रवासी मूलतः अपने बेहतर जीवन के लिए ही विदेश जाता है, न कि उस देश को बेहतर बनाने में योगदान देने। हां, सत्ता राजनीति अपनी सुविधा के लिए इस तथ्य को छिपा जाती है कि कम वेतन पर स्थानीय पेशेवर न मिलने अथवा उतने कुशल स्थानीय पेशेवर न मिलने से ही प्रवासी पेशेवरों को इन देशों की कंपनियां नौकरी देती हैं, न कि धर्मार्थ भाव से। जरूरत यह भी समझने-समझाने की है कि परस्पर आदान-प्रदान से ही भविष्य की बेहतर दुनिया बनेगी, संकीर्ण सोच से नहीं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।


# मन की कड़वाहट मिटेगी तो संबंध में आएंगी ताजगी



संकलित
दर्शन

हम अपने सोच व विचारों से अपना ऊर्जा क्षेत्र बनाते हैं। हमारे संकल्पों की गुणवत्ता ऊर्जा क्षेत्र की गुणवत्ता निर्धारित करती है। उस ऊर्जा क्षेत्र से हम अपने आपको अलग नहीं कर सकते। उसके सकारात्मक व नकारात्मक प्रकंपन को हम हमेशा साथ लेकर चलते हैं, चाहें घर में प्रवेश करते हुए अथवा घर से बाहर निकलते हुए। जब किसी के बारे में हम अच्छा सोचते हैं और उसके प्रति हमारे विचारों को शुद्ध, सुंदर व सकारात्मक रखते हैं, तो स्वाभाविक है कि हम उसे एक प्रकार से आशीर्वाद देते हैं। आशीर्वाद देने का यह मतलब नहीं कि हम केवल औपचारिक रूप में शुभकामनाएं देते हैं। अगर हमारे पास किसी के लिए उपहार लेने के लिए पैसे नहीं हैं, तो हमारी ओर से उनके लिए सबसे बड़ा उपहार यही होगा कि हम उनके घर-परिवार को आशीर्वाद दें। सामान्यतः दूसरों के लिए हम अपने सोच के साथ बोल को ध्यान में रखते हैं। भले ही हम उस व्यक्ति के लिए मन में नकारात्मक भावनाएं रखते हों, पर एक पल के लिए उसे बधाई भी देते हैं। इसका मतलब है, हम उसके लिए मन में अच्छा सोच भी पैदा कर सकते हैं। संबंधों का अर्थ ही है संकल्प रूपी ऊर्जा का आदान-प्रदान करना। मैं आपके बारे में जो सोचती हूं, वह आप तक पहुंचता है। आप मेरे बारे में जो सोचते हैं, वह मुझ तक पहुंचता है-यही हमारे संबंधों का आधार बनता है। यदि मैं आपके बारे में अच्छा सोच नहीं रखती और आपके लिए अच्छे काम करती हूं, तो मैं कितनी भी कोशिश क्यों न करूं, हमारे संबंध का नींव कभी मजबूत नहीं होगी।

# लक्ष्मी जी कहां निवास करतीं हैं



संकलित
प्रेरणा

एक बार की बात है, राजा बलि समय बिताने के लिए एकान्त स्थान पर गधे के रूप में छिपे हुए थे। देवराज इन्द्र उनसे मिलने के लिए उन्हें ढूंढ रहे थे। एक दिन इन्द्र ने उन्हें खोज निकाला और उनके छिपने का कारण जानकर उन्हें काल का महत्व बताया। साथ ही उन्हें तत्वज्ञान का बोध कराया। तभी राजा बलि के शरीर से एक दिव्य रूपात्मा स्त्री निकली। उसे देखकर इन्द्र ने पूछा- दैत्यराज! यह स्त्री कौन है? देवी, मानुषी अथवा आसुरी शक्ति में से कौन-सी शक्ति है? राजा बलि बोले देवराज! ये देवी तीनों शक्तियों में से कोई नहीं हैं। आप स्वयं पूछ लें। इन्द्र के पूछने पर वे शक्ति बोलीं- देवेन्द्र! मुझे न तो दैत्यराज बलि जानते हैं और न ही तुम या कोई अन्य देवगण। पृथ्वी लोक पर लोग मुझे अनेक नामों से पुकारते हैं। जैसे- श्री, लक्ष्मी आदि। इन्द्र बोले- देवी! आप इतने समय से राजा बलि के पास हैं लेकिन ऐसा क्या कारण है कि आप इन्हें छोड़कर मेरी ओर आ रही हैं? लक्ष्मी जी बोलीं- देवेन्द्र! मुझे मेरे स्थान से कोई भी हटा या डिगा नहीं सकता है। मैं सभी के पास काल के अनुसार आती-जाती रहती हूं। जैसा काल का प्रभाव होता है मैं उतने ही समय तक उसके पास रहती हूं। अर्थात मैं समयानुसार एक को छोड़कर दूसरे के पास निवास करती हूं। इन्द्र बोले- देवी! आप असुरों के यहां निवास क्यों नहीं करतीं? लक्ष्मी जी बोलीं- देवेन्द्र! मेरा निवास वहीं होता है जहां सत्य हो, धर्म के अनुसार कार्य होते हों, व्रत और दान देने के कार्य होते हों। लेकिन असुर भ्रष्ट हो रहे हैं। ये पहले इन्द्रियों को वश में कर सकते थे।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### नए मीटर हटाए सरकार

इलेक्ट्रानिक स्मार्ट मीटर क्या लगे, जी का जंजाल बन गए हैं। पुराने मीटर उपभोक्ताओं के लिए उपयुक्त थे और किसी को शिकायत नहीं थी। जैसे हो बिजली के नए मीटर लगे उपभोक्ताओं के दोगुने बिल आने लगे हैं। चारों तरफ त्राहि-त्राहि है। आर्थिक तंगी में बढ़े हुए बिल जैसे गरीबी में आटा गीला हो गया है। उपभोक्ता चाहते हैं कि इलेक्ट्रॉनिक मीटर हटा कर पुराने मीटर ही लगाए जाएं और नए मीटर हटा कर विभाग जनहित का कार्य करे। इन नए मीटरों की न तो जनता ने मांग की थी और न इन्हें कोई चाहता है। इस कवायद से भले ही विद्युत विभाग की आय बढ़ी है, पर उपभोक्ता इस ट्रंप के से टैरिफ को नहीं सह पा रहे हैं। आशा है जनहित में विभाग और सरकार इस योजना को बंद कर अवश्य अनुगृहीत करेंगे।

*– प्रदीप यदु, रायपुर*

## करंट अफेयर

# अफगानिस्तान के कई प्रांतों में इंटरनेट सेवाएं प्रतिबंधित

अफगानिस्तान में लोगों को "अनैतिक आचरण से बचाने के लिए" तालिबान की ओर से फाइबर-ऑप्टिक इंटरनेट सेवाओं पर लगाया गया पूर्ण प्रतिबंध कई और प्रांतों में प्रभावी हो गया है। अगस्त 2021 में अफगानिस्तान से अमेरिकी बलों की पूर्ण वापसी के बाद सत्ता की कमान संभालने वाले तालिबान ने पहली बार इस तरह का प्रतिबंध लागू किया है। इससे सरकारी कार्यालय, निजी क्षेत्र के दफ्तर, सार्वजनिक प्रतिष्ठान और घर वाई-फाई इंटरनेट सेवा से वंचित हो गए हैं। हालांकि, देश में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं अभी भी चालू हैं। अधिकारियों का कहना है कि "जरूरत पूरी करने के लिए" विकल्प तलाशे जा रहे हैं। उत्तरी बल्ख प्रांत ने मंगलवार को वाई-फाई इंटरनेट सेवाएं बंद होने की पुष्टि की, जबकि देश के अन्य हिस्सों में भी गंभीर व्यवधान की खबरें हैं। बृहस्पतिवार को पूर्वी और उत्तरी क्षेत्रों के अधिकारियों ने बताया कि बगलान, बदख्शान, कुंदुज, नंगरहार और तखर प्रांत में इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई हैं। 'अफगानिस्तान मीडिया सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन' ने वाई-फाई इंटरनेट सेवाओं पर प्रतिबंध की निंदा की। संगठन ने कहा, 'तालिबान के शीर्ष नेता के आदेश पर उठाया गया यह कदम न केवल मुफ्त सूचनाओं और आवश्यक सेवाओं तक लाखों नागरिकों की पहुंच बाधित करता है।



## ऑफ बीट

# हमेशा जीवित रहने अमरत्व बेचने की तैयारी में विशेषज्ञ

क्या आपको मौका मिले तो हमेशा जीवित रहने के लिए भुगतान करना चाहेंगे? सिलिकॉन वैली के कुछ अरबपति अब सिर्फ प्रौद्योगिकी संबंधी उत्पाद ही नहीं बना रहे, बल्कि उनकी नजरें 'अमरत्व' हासिल करने पर हैं। सोशल मीडिया पर स्वास्थ्य संबंधी सोच को प्रभावित करने वाले (इन्फ्लुएंसर्स) बड़ी संख्या में उपयुक्त खाद्य सामग्री, मशरूम पाउडर और अन्य कई 'तरह के आहार' को बढ़ावा दे रहे हैं जो दावा करते हैं कि वे आपकी उम्र को उलट सकते हैं या जीवनकाल को बढ़ा सकते हैं। हालांकि इनमें से अधिकांश उपायों का कोई वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है। बर्फीले स्नान (आइस बाथ), सौना, क्रायोथेरेपी और रेड लाइट थैरेपी जैसे उपाय अब तेजी से बढ़ते एक उद्योग का हिस्सा बन चुके हैं जो लंबे जीवन और युवा दिखने की चाह पर आधारित है। वैज्ञानिक साक्ष्य की बजाय मुनाफे पर ज़ोर विशेषज्ञों का कहना है कि यह उद्योग उन लोगों को लक्षित कर रहा है जो बुढ़ापे और मृत्यु से डरते हैं। हालांकि, आज तक कोई मनुष्य अमर नहीं हुआ, और न ही जैविक रूप से यह संभव है। डार्विन के सिद्धांत पर आधारित विकास प्रक्रिया जीवों को अधिक समय तक जीवित रहने की बजाय सफल प्रजनन और अनुकूलन के लिए तैयार करती है।



## ट्रेंड

### एक पेड़ मां के नाम



सेवा पखवाड़े के तहत 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है बल्कि इसके प्रति हमारी प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। मेरी सभी भारतीयों से अपील है कि वे निश्चित रूप से अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाएं।

- भूपेंद्र यादव, केंद्रीय पर्यावरण मंत्री

### मुश्किल पार करने की ताकत



बारिश की वजह से हुआ कीचड़ हो या इंसानों द्वारा बनाए गए बांध - मुझे मेरे लोगों से मिलने से कोई भी परिस्थिति नहीं रोक सकती। यह रिश्ता हर मुश्किल को पार करने की ताकत रखता हैं।

- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम

### कई कैदियों की रिहाई



हमारी सरकार ने आजीवन कारावास की सज़ा काट चुके कई कैदियों को कानूनी तौर पर रिहा किया है। 2011 से अब तक ऐसे 840 लोगों को रिहा किया जा चुका है। 45 और कैदियों को कानूनी तौर पर रिहा किया जा रहा है। मैं उन्हें बधाई देती हूं।

-ममता बनर्जी, सीएम, प. बंगाल

### प्रभावित परिवारों से मुलाकात



आज मनाली विधानसभा क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गाँवों और कस्बों का दौरा कर आपदा से हुए नुकसान का जायजा लिया। प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। हम मिलकर पुनर्निर्माण और राहत कार्यों को पूरी ताकत से आगे बढ़ाएंगे।

-कंगना रनौत, सांसद, भाजपा

### अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# 30 सितंबर से पहले यूपीएस चुनने का दिया अवसर, अनुरोधों का समय पर हो सकेगा निपटान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को सरकारी कर्मचारियों से कहा कि वे 30 सितंबर की समय सीमा से पहले एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) में स्थानांतरित होने का विकल्प चुन लें ताकि उनके अनुरोधों का समय पर निपटान सुनिश्चित किया जा सके। सरकार 1 अप्रैल, 2025 से केंद्रीय कर्मचारियों के लिए राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के अंतर्गत यूपीएस को एक विकल्प के रूप में लेकर आई है। इसके तहत केंद्र सरकार के कर्मचारियों को सुनिश्चित भुगतान देने की बात कही गई है।

सरकार 1 अप्रैल, 2025 से केंद्रीय कर्मचारियों के लिए राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के अंतर्गत यूपीएस को एक विकल्प के रूप में पेश किया है। इसके तहत केंद्र सरकार के कर्मचारियों को सुनिश्चित भुगतान देने की बात कही गई है।

वित्त मंत्रालय ने कर्मचारियों से की अपील

कर्मचारियों को सुनिश्चित भुगतान की बात कही

## केंद्र सरकार ने अपने कर्मियों को आगाह भी किया



### किसी भी कठिनाई से बचने विकल्प पर ध्यान दें

मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि एनपीएस के तहत पात्र कर्मचारियों और पूर्व सेवानिवृत्त लोगों के लिए यूपीएस चुनने की अंतिम तिथि 30 सितंबर, 2025 है। मंत्रालय ने कहा कि सभी पात्र कर्मचारियों से आग्रह है कि वे अंतिम समय में आने वाली किसी भी कठिनाई से बचने और अपने अनुरोधों पर समय पर कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए समय सीमा से पहले ही अपना विकल्प चुन लें। जो कर्मचारी एनपीएस में बने रहना चाहते हैं, वे इस तिथि के बाद यूपीएस का विकल्प नहीं चुन सकते।

### एक बारगी वन-वे स्विच सुविधा की शुरुआत भी की

20 जुलाई तक लगभग 31,555 केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों ने यूपीएस का विकल्प चुना था और इस योजना के तहत नामांकन की अंतिम तिथि 30 सितंबर है। इसके अलावा, वित्त मंत्रालय ने 25 अगस्त को नई शुरू की गई यूपीएस से एनपीएस में एक बारगी वन-वे स्विच सुविधा की शुरुआत की।

**कई कर्मचारियों को होगा फायदा**

वित्त मंत्रालय ने कहा कि यह निर्णय लिया गया है कि यूपीएस से एनपीएस में एक बारगी, एकतरफा स्विच सुविधा उन सभी केंद्र सरकार के कर्मचारियों को उपलब्ध कराई जाएगी, जिन्होंने यूपीएस का विकल्प चुना है। इससे कई कार्मचारियों को लाभ पहुंचेगा।

### 3 महीने के पहले किया जा सकेगा चुनाव

इसमें कहा गया है कि यूपीएस ऑप्टीज द्वारा इस स्विच सुविधा का उपयोग किसी भी समय किया जा सकता है, जो सेवानिवृत्ति की तारीख से एक वर्ष पहले या स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के मामले में सेवानिवृत्ति की अनुमानित तारीख से तीन महीने पहले हो सकता है, जैसा भी लागू हो।

**'सेवानिवृत्ति ग्रेच्युटी और मृत्यु ग्रेच्युटी' का लाभ**

सरकार ने यूपीएस के अंतर्गत 'सेवानिवृत्ति ग्रेच्युटी और मृत्यु ग्रेच्युटी' का लाभ बढ़ा दिया है। इसके अलावा, एनपीएस के तहत यूपीएस का विकल्प चुनने वाले सरकारी कर्मचारी सेवा के दौरान सरकारी कर्मचारी की मृत्यु या अमान्यता या विकलांगता के आधार पर उसकी सेवामुक्ति की स्थिति में सीसीएस (पेंशन) नियम, 2021 या सीसीएस (असाधारण पेंशन) नियम, 2023 के तहत लाभ प्राप्त करने के विकल्प के लिए भी पात्र होंगे। सरकार ने आयकर अधिनियम, 1961 के तहत एनपीएस के समान ही यूपीएस को भी कर लाभ प्रदान किया है।

## खबर संक्षेप

### 1 अक्टूबर से एनपीएस के नियमों में होगा बदलाव

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय पेंशन योजना में 1 अक्टूबर से बड़ा बदलाव होने जा रहा है। इसके तहत अब गैर-



सरकारी सदस्यों को अपनी पूरी रकम को कई इक्विटी योजनाओं में निवेश करने की अनुमति होगी। अब तक यह सीमा 75 फीसदी तक थी। इससे एनपीएस सदस्यों को पेंशन फंड में अधिक मुनाफा कमाने का मौका मिलेगा।

### मुरादाबाद सपा कार्यालय का आवंटन निरस्त

**मुरादाबाद।** समाजवादी पार्टी को बड़ा झटका देते हुए जिला प्रशासन ने पार्टी के मुरादाबाद कार्यालय का



आवंटन निरस्त कर दिया है। प्रशासन ने आदेश जारी कर सपा को भवन खाली करने के लिए दो सप्ताह का नोटिस भेजा है। नोटिस के अनुसार समयसीमा पूरी होने के बाद भवन पर नगर निगम का कब्जा होगा।

### आजम को क्वालिटी बार पर कब्जा में जमानत

**इलाहाबाद।** रामपुर यहां के चर्चित क्वालिटी बार पर कब्जे के मामला में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जेल में



बंद सपा नेता व पूर्व मंत्री आजम खां की जमानत मंजूर कर ली है। कोर्ट में जस्टिस समीर जैन की सिंगल बेंच ने फैसला सुनाया। कोर्ट में जमानत अर्जी पर वरिष्ठ अधिवक्ता इमरान उल्ला और मोहम्मद खालिद ने बहस की थी।

### बाइक खंभे से टकराई 4 दोस्तों की मौत

**कटरा।** मजार तिराहे के पास स्थित केंद्रीय विद्यालय के सामने बुधवार देर रात बाइकसवार 4दोस्त खंभे से




टकराकर सड़क पर गिर गए। यहां गुजर रहे अज्ञात वाहन के कुचलने से 3 की मौत हो गई। एक युवक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। चारों कटरा रामलीला की दशानन रावण शोभायात्रा देखकर घर लौट रहे थे।

## गृहमंत्री शाह के दमदार भाषण से आरजेडी और कांग्रेस में खलबली

# एनडीए की लहर से तेजस्वी की छूट जाएगी हिम्मत, चुनाव लड़ने की नहीं रहेगी ताकत

### बेगूसराय और रोहतास में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करते विपक्ष पर किया वार



भाजपा में नेता ऊपर से थोपे नहीं जाते



बिहार में चुनाव में गरमागरमी हो गई शुरू

एजेंसी ▶▶ बेगूसराय

बिहार विधानसभा चुनाव का माहौल अभी से गरमा गया है। बेगूसराय और रोहतास में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने दावा किया कि इस बार बिहार में एनडीए दो-तिहाई से ज्यादा बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। उन्होंने आरजेडी और कांग्रेस को घेरते हुए तेजस्वी यादव को चुनाव से भागने वाला बताया। शाह ने बेगूसराय की सभा में कहा कि बिहार में एनडीए की लहर इतनी तेज है कि विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव चुनाव लड़ने की हिम्मत भी नहीं जुटा पाएंगे। शाह ने कहा कि इस बार एनडीए इतनी बड़ी जीत दर्ज करेगा कि विपक्ष पूरी तरह हाशिए पर चला जाएगा। शाह ने अपने संबोधन की शुरुआत में कार्यकर्ताओं को मालिक बताते हुए कहा कि भाजपा में नेता ऊपर से थोपे नहीं जाते। हर कोई कार्यकर्ता से ही आगे बढ़ता है। खुद का उदाहरण देते हुए शाह ने कहा कि उन्होंने राजनीति की शुरुआत बूथ अध्यक्ष के रूप में की थी और आज गृह मंत्री के पद पर हैं।

### कांग्रेस ने बिगाड़ी थी पाकिस्तान की आदत

शाह ने कांग्रेस पर भी बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि आज पाकिस्तान जिस तरह भारत से उलझता है, उसकी जड़ें कांग्रेस की नीतियों में हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की गलत नीतियों ने पाकिस्तान की आदत बिगाड़ दी थी। मोदी सरकार ने तय कर लिया है कि आतंकवाद और घुसपैठियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करेंगे।

**लालू-राबड़ी सिर्फ परिवार की सोच रहे रेलमंत्री रहते क्या किया?**

रोहतास की सभा में शाह ने आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और पूर्व सीएम राबड़ी देवी पर निशाना साधते हुए कहा कि ये लोग सिर्फ अपने परिवार और सत्ता की चिंता करते हैं। उन्होंने कहा कि लालू पूछते हैं मोदी जी ने बिहार के लिए क्या किया? जब वो रेल मंत्री थे तो बिहार को क्या मिला? आज नरेंद्र मोदी ने बिहार के लिए बजट का खजाना खोल दिया है।

**विपक्ष को 'घोटालों की पार्टी' बताया**

अपने संबोधन में शाह ने आरजेडी पर सीधे वार करते हुए कहा कि ये लोग घोटालों की पार्टी हैं। चारा घोटाला, लैंड फॉर जॉब घोटाला, रेलवे टेंडर घोटाला... यही इनकी पहचान है। ये जेल भी जाते हैं तो हाथी पर बैठकर बाहर निकलते हैं।

### हमारा मिशन दो-तिहाई सीटें जीतना

शाह ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि इस चुनाव को सिर्फ सरकार बनाने का चुनाव न समझें। यह चुनाव प्रचंड बहुमत लाकर बिहार की तस्वीर बदलने का मौका है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है दो-तिहाई से ज्यादा बहुमत से सरकार बनाना। हर कार्यकर्ता आज से ही इस मिशन को अपना लक्ष्य बना ले।

### एनडीए ने विकास किए लालू घोटाले करते रहे

उन्होंने कहा कि एनडीए की सरकार ने जो काम किए, लालू यादव पूरे जीवन में उतना नहीं कर सकते हैं। इन्होंने चारा घोटाला किया, लैंड फॉर जॉब स्कैम किया और जेल में घोटाला किया। एक ओर भ्रष्टाचार वाली सरकार है और दूसरी तरफ मोदी सरकार है, जिस पर एक भी भ्रष्टाचार के दाग नहीं हैं।

### विकास बनाम परिवारवाद शुरू

शाहाबाद बेल्ट पर इस बार भाजपा का फोकस खास है। पिछले विधानसभा में पार्टी को सिर्फ 2 सीटें मिली थीं। यही वजह है कि शाह ने खुद यहां मोर्चा संभाला है। शाह ने साफ कर दिया है उनके तीखे हमले ने इस चुनावी समर का एजेंडा भी तय कर दिया है विकास बनाम परिवारवाद और घुसपैठियों की राजनीति।

### एनडीए मजबूत होगा, बिहार समृद्ध होगा

शाह ने दावा किया कि एनडीए जितना मजबूत होगा, बिहार उतना ही समृद्ध होगा। लालू परिवार पर जुबानी हमला करते हुए उन्होंने कहा कि लालू यादव, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव बिहार का विकास नहीं कर सकते हैं। भाजपा ऐसी पार्टी है जहां कार्यकर्ता ही चुनाव जीतते हैं। रोहतास जिले के डेहरी में 10 जिलों के कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित किया।

## रविशंकर का राहुल पर बड़ा पलटवार

# संविधान के फेर में उनके सभी बम हो जाएंगे 'ढेर'



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राहुल गांधी की वोट चोरी के नए आरोपों पर भाजपा ने पलटवार किया। भाजपा ने कहा कि राहुल को कानून के बारे में कुछ नहीं पता है। वे सुप्रीम कोर्ट के निर्देश भी नहीं समझते हैं। आरोपों पर भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि क्या राहुल संविधान को समझते हैं? वेसुप्रीम कोर्ट गए। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश जारी किए। क्या उन्होंने कोई दांव लगाया? वे केवल 'संविधान, संविधान' चिल्लाते हैं। मुख्य बात स्पष्ट है। अगर राहुल को वोट नहीं मिलते हैं, तो हम क्या कर सकते हैं? देश उनके कार्यों को कभी नहीं भूलेगा। वे विपक्ष के नेता हैं। उनके कुछ मूल्य होने चाहिए। वेश के मतदाताओं का अपमान कर रहे हैं। जनता उन्हें फिर से करारा जवाब देगी। उनके सभी बम धराशायी हो जाएंगे। वह किसी पर भरोसा नहीं करते। मैं इसकी निंदा करता हूं।

### नकारात्मक शब्दों का ही इस्तेमाल कर रहे

हरियाणा के मंत्री अनिल विज ने कहा कि वह दुनिया के पहले नेता हैं, जो अपने ही देश पर परमाणु बम या हाइड्रोजन बम गिराना चाहते हैं। अगर उनकी नीयत अच्छी होती, तो वे बेहतर शब्दों का इस्तेमाल करते। वह ज्यादातर नकारात्मक शब्दों का ही इस्तेमाल करते हैं।

### बिहार में फिर से दरकिनार होंगे

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि कोई कितना हताश हो सकता है? आप दिखावे के लिए संविधान की किताब नहीं लहरा सकते। आपको ईडी, सीबीआई, चुनाव आयोग, ईवीएम और जनता पर भरोसा नहीं है। आप ऑपरेशन सिंदूर और सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल उठाते हैं। बिहार में जनता आपको फिर से दरकिनार कर देगी।

### गरजने वाले बादल बरसते नहीं



राहुल की प्रेस कॉन्फ्रेंस पर भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि जिस तरह राहुल ने पूरे देश को भ्रमित करने के लिए प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई और कहा कि वे 'हाइड्रोजन बम' फोड़ेंगे, लेकिन जब उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस की, तो उन्होंने कहा कि आज वे हाइड्रोजन बम फोड़ेंगे। इससे पता चलता है कि गरजने वाले बादल बरसते नहीं। एक तरफ वे 'मोहब्बत की दुकान' की बात करते हैं और दूसरी तरफ हाइड्रोजन बम की।

## कांग्रेस का कंगना पर विवादित बयान

# किसी के कुछ भी कहने से मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता

एजेंसी ▶▶ मंडी

तमिलनाडु कांग्रेस नेता केएस अलागिरी ने भाजपा सांसद कंगना रनौत को लेकर विवादित बयान दिया। उन्होंने कहा कि जब वे भी तमिलनाडु आएं तो उनके साथ वैसा ही व्यवहार किया जाए जो हवाई अड्डे पर पुलिस अधिकारी ने किया था। इस पर रनौत ने कहा कि किसी के कुछ भी कहने से मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। अलागिरी ने कहा कि 10-15 किसान मेरे पास आए और बताया कि एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान रनौत ने खेती करने वाली



महिलाओं के बारे में कहा था कि वे कमजोर जमीन पर काम कर रही हैं, लेकिन वे क्रांतिकारी महिलाएं हैं। वे महिलाएं खेतों में काम कर रही हैं, वे कुछ भी हासिल करने में सक्षम हैं। रनौत ने 'थप्पड़ मारने' वाले बयान पर कहा कि हम कहीं भी जाएंगे, हमें कोई रोक नहीं सकता।

# कृषि मशीनरी पर जीएसटी सुधारों को लेकर चौहान आज करेंगे बैठक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में शुक्रवार को नई दिल्ली में एक अहम बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में ट्रैक्टर एवं कृषि यंत्रीकरण संघ, कृषि मशीनरी निर्माता संघ, अखिल भारतीय कम्बाइन हार्वेस्टर निर्माता संघ तथा पावर टिलर एसोसिएशन ऑफ इंडिया सहित अन्य संबंधित संगठनों के प्रतिनिधि भाग लेंगे।

शिवराज सिंह की पहल पर आयोजित इस बैठक का उद्देश्य कृषि मशीनरी एवं उपकरणों पर हाल ही में घोषित जीएसटी दरों में कमी (12-18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत) के निर्णय पर चर्चा करना, किसानों तक इसके लाभों का व्यापक प्रसार सुनिश्चित करना और सुधार उपायों के सुचारू क्रियान्वयन की रणनीति बनाना होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार द्वारा जीएसटी में कमी से ट्रैक्टर व अन्य मशीनरी की कीमतें किसानों के लिए 7 से 13 प्रतिशत तक घटेंगी, वहीं सब्सिडी योजनाओं व घटे कराधान का दोहरा लाभ किसानों को मिलेगा और 'आत्मनिर्भर भारत' के तहत स्वदेशी कृषि मशीनरी निर्माताओं को भी प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त मिलेगी।

## गांधीनगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान

तड़के सुबह चार बजे शुरू हुआ अभियान

# साबरमती नदी के किनारे 700 अवैध निर्माणों पर आखिरकार चले बुलडोजर

एजेंसी ▶▶ गांधीनगर

गुजरात के राजधानी गांधीनगर में गुरुवार तड़के एक बड़े पैमाने पर कार्रवाई शुरू हुई, जिसमें प्रशासन ने साबरमती नदी के किनारे सरकारी जमीन पर बने सैकड़ों अवैध ढांचों को गिराना शुरू किया। इस अतिक्रमण हटाओ अभियान में करीब 700 अवैध निर्माणों की पहचान की गई है। इनमें से 150 ढांचों को गुरुवार दोपहर तक तोड़ दिया गया, बाकी पर कार्रवाई जारी है। पेटापुर इलाके में यह अभियान सुबह 4 बजे शुरू हुआ। इसमें गांधीनगर नगर निगम, राज्य के रोड्स एंड बिल्डिंग्स विभाग और स्थानीय पुलिस टीम थी।

### 20 टीमों की निगरानी में चलाया अभियान



पुलिस अधीक्षक रवि तेजा वासमसेट्टी ने कहा कि यह अभियान 20 टीमों की निगरानी में चल रहा है। करीब 1 लाख वर्ग मीटर सरकारी जमीन को अवैध कब्जों से मुक्त कराने का लक्ष्य है। यह जमीन साबरमती नदी के किनारे स्थित है। 2-3 दिन में यह पूरा अभियान खत्म हो जाएगा। यह भी बताया कि जिस जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया जा रहा है, उसकी बाजार कीमत करीब 1,000 करोड़ है।

**इलाके में नियोजित विकास कार्य किए जाएंगे**

प्रशासन ने कहा कि यह कार्रवाई लंबे समय से हो रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए की जा रही है। पूरे इलाके को खाली कर वहां नियोजित विकास कार्य किए जाएंगे।

## विष्णु मूर्ति केस में सुनवाई के दौरान चिंता जाहिर की

सॉलिसिटर जनरल मेहता ने कहा

# सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया कहीं ज्यादा हो रही, यह गंभीर चुनौतीपूर्ण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में खजुराहो स्थित भगवान विष्णु की क्षतिग्रस्त मूर्ति के पुनर्स्थापन को लेकर दायर याचिका पर हुई सुनवाई सोशल मीडिया पर बड़ा विवाद बन गई। इस बहस के बीच वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के बयान सोशल मीडिया की ताकत और खतरे दोनों पर गहरी चिंता जताते नजर आए। सॉलिसिटर जनरल मेहता ने कहा कि सोशल मीडिया पर किसी भी घटना या बयान का प्रभाव सामान्य रिएक्शन से कहीं ज्यादा होता है। उन्होंने इसे न्यायपालिका और लोकतांत्रिक संस्थाओं के लिए गंभीर चुनौती बताया। मेहता ने इस प्रवृत्ति को अदालत की गरिमा और गंभीर मामलों के लिए ख़तरा करार दिया।





### सिब्बल ने सोशल मीडिया को बेकाबू घोड़ा बताया

सिब्बल ने कोर्ट में तल्ख अंदाज में कहा कि हम रोज भुगतते हैं। सोशल मीडिया एक बेकाबू घोड़ा है और इसे काबू में करने का कोई तरीका नहीं है। सिब्बल ने कहा कि अदालत में कही गई हर बात सोशल मीडिया पर तुरंत वायरल हो जाती है। उनकी नजर में यह प्लेटफॉर्म अब किसी के भी बयान को अलग रंग देकर पेश करने का जरिया बन चुका है। उन्होंने कहा कि इससे रोजाना लोग और संस्थाएं प्रभावित हो रही हैं।

## डीजीसीए ने चारधाम यात्रा के लिए हेलीकॉप्टर सेवाओं को मंजूरी दी

# उन्नत सुरक्षा उपायों के साथ हेलीकॉप्टर सेवाएं फिर शुरू होंगी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने मानसून अंतराल के बाद 15/16 सितंबर 2025 से चारधाम यात्रा 2025 के लिए हेलीकॉप्टर परिचालन फिर से आरंभ करने की स्वीकृति दे दी है। नागर विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू के नेतृत्व में गहन समीक्षा के बाद चारधाम यात्रा और अधिक सुरक्षित बनाने हेतु महत्वपूर्ण पहल की गई है। सुरक्षा में कोई चूक बिल्कुल बर्दाश्त न करने के स्पष्ट आदेश के साथ, डीजीसीए को सख्त कदम उठाने और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अनुसार नायडू ने डीजीसीए, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, राज्य सरकार और उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने के लिए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ देहरादून और दिल्ली में कई समीक्षा बैठकें कीं। नागर विमानन मंत्री के निर्देशों के अनुसार, डीजीसीए ने 13 से 16 सितंबर 2025 तक अपनी टीम द्वारा सभी हेलीपैड, हेलीकॉप्टरों, संचालकों की तैयारियों और सहायता सुविधाओं का व्यापक निरीक्षण/आकलन किया। इसके बाद उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण और हेलीकॉप्टर ऑपरेटरों को संचालन फिर से आरंभ करने की स्वीकृति दी गई।

**नागर विमानन मंत्री राममोहन नायडू और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने के लिए कई बैठकें की**

इसके अलावा, नागर विमानन महानिदेशालय द्वारा सभी हेलीकॉप्टर संचालक कंपनियों और पायलटों को चुनौतियों तथा तीर्थयात्रा संचालन से संबंधित परिपत्र में अपनाए गए अतिरिक्त सुरक्षा उपायों की जानकारी दी गई। डीजीसीए चारधाम यात्रा हेलीकॉप्टर संचालन पर कड़ी और निरंतर निगरानी रखेगा। मई-जून 2025 में चारधाम सेक्टर में कई हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं के बाद, विभिन्न उच्चाधिकार प्राप्त समितियों ने सुरक्षित हेलीकॉप्टर संचालन में सुरक्षा उपायों की सिफ़ारिश की थी, जिनमें भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण - एएआई द्वारा हवाई यातायात नियंत्रकों, भारतीय मौसम विभाग द्वारा मौसम विज्ञान अधिकारियों और उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण (यूसीएडीए) द्वारा नियंत्रण कक्षों में योग्य कर्मियों की तैनाती शामिल है।

### जमीनी निगरानी के लिए महत्वपूर्ण हेलीपैडों पर तैनात की जाएंगी टीमें

सुरक्षा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए आकस्मिक जांच और आकलन किए जाएंगे। डीजीसीए उच्चतम स्तर की विमानन सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और उसने फिर दोहराया है कि यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा सर्वोपरि है। चारधाम यात्रा के लिए हेलीकॉप्टर सेवा फिर से आरंभ होने से श्रद्धालुओं को इन पवित्र तीर्थस्थलों तक परिवहन का एक सुरक्षित, कुशल और भरोसेमंद साधन उपलब्ध होने की उम्मीद है।

# किरायेदारों को बड़ा झटका! अब फोनपे-पेटीएम से नहीं भर पाएंगे मकान का रेंट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आप भी अगर हर महीने फोनपे, पेटीएम जैसी मोबाइल ऐप्स से अपने घर का किराया क्रेडिट कार्ड से भरते थे, तो अब आपको मुश्किल होने वाली है। ऐसा इसलिए है क्योंकि फिनटेक कंपनियों ने अब अपने ऐप्स पर रेंट पेमेंट सर्विस बंद कर दी है। बता दें कि बीते कुछ वर्षों में क्रेडिट कार्ड के जरिए रेंट पेमेंट करने का चलन बढ़ गया था। भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने हाल ही में भुगतान सेवाओं से जुड़े नए नियम लागू करने के बाद फिनटेक कंपनियों को यह सर्विस बंद करनी पड़ी है। आरबीआई ने 15 सितंबर को इस संबंध में एक सर्कुलर जारी किया था। इस बदलाव का सबसे बड़ा असर उन लोगों पर होगा जो क्रेडिट कार्ड से किराया चुकाकर पॉइंट्स कमाते थे या महीने भर तक बिना ब्याज के पैसे इस्तेमाल करते थे। अब उन्हें फिर से पुराना तरीका अपनाना होगा जैसे कि सीधे बैंक खाते में किराया ट्रांसफर करना या चेक से भुगतान करना।

- कुछ वर्षों से क्रेडिट कार्ड के जरिए रेंट पेमेंट करने का चलन बढ़ गया था


## फिनटेक कंपनियों ने अपने ऐप पर रेंट पेमेंट सर्विस बंद कर दी

### ये हैं आरबीआई के नए नियम

आरबीआई के नए नियमों के अनुसार, अब पेमेंट एग्रीगेटर (पीए) और पेमेंट गेटवे (पीजी) सिर्फ उन्हीं व्यापारियों से लेन-देन कर सकते हैं, जिनसे उनका सीधा अनुबंध है और जिनकी केवाईसी पूरी हो चुकी है। इसका मतलब यह है कि अब कोई ऐप किसी ऐसे मकान मालिक को भुगतान नहीं भेज सकती जो उसके प्लेटफॉर्म पर आधिकारिक रूप से व्यापारी की तरह पंजीकृत न हो।






### भुगतान पर मिलते थे रिवॉर्ड प्वाइंट्स और कैशबैक

अभी तक लोग आसानी से क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करके किराया चुकाते थे। ऐसा करने से उन्हें रिवॉर्ड प्वाइंट्स या कैशबैक भी मिलता था और साथ ही महीने भर का क्रेडिट पीरियड भी मिल जाता था। मकान मालिक को भी तुरंत पैसा मिल जाता था। इस वजह से यह सेवा बहुत तेजी से लोकप्रिय हुई। लेकिन आरबीआई को यह व्यवस्था ठीक नहीं लगी, क्योंकि इसमें मकान मालिकों का पूरा केवाईसी नहीं होता था और फिनटेक कंपनियां बीच में मार्केटप्लेस की तरह काम कर रही थीं।

### बैंकों की पहले से चिंता

बैंकों ने भी पिछले साल से इस पर रोक लगानी शुरू कर दी थी। एचडीएफसी बैंक ने जून 2024 में ही क्रेडिट कार्ड से किराया चुकाने पर 1 प्रतिशत तक का शुल्क लगा दिया था। आईसीआईसीआई बैंक और एसबीआई कार्ड्स ने भी किराया भुगतानों पर रिवॉर्ड पॉइंट्स बंद कर दिए थे। मार्च 2024 से कई ऐप्स जैसे फोनपे, पेटीएम और अमेज़न पे ने यह सेवा रोक दी थी। हालांकि कुछ ने बाद में अतिरिक्त केवाईसी प्रक्रिया जोड़कर इसे दोबारा शुरू किया।

## खबर संक्षेप

### कमजोर मांग से सोना 600 रुपए टूटा, चांदी मजबूत



**नई दिल्ली।** स्थानीय मांग कमजोर होने से बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 600 रुपए गिरकर 1,13,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबार में, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,13,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

### रुपया 28 पैसे टूटकर 88.13 प्रति डॉलर



**मुंबई।** फेडरल रिजर्व के सख्त रुख और डॉलर में तेजी के कारण बृहस्पतिवार को रुपया, अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 28 पैसे टूटकर 88.13 पर बंद हुआ। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के दृष्टिकोण का आकलन किया। अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने उम्मीद के मुताबिक ब्याज दरों में एक चौथाई अंक की कमी की और संकेत दिया कि वह शेष वर्ष के लिए उधारी लागत में लगातार कमी करेगा।

### भारत ने मालदीव के बांड की समयसीमा बढ़ाई



**माले।** भारतीय उच्चायोग ने बृहस्पतिवार को यहां कहा कि भारत ने आपातकालीन वित्तीय सहायता के रूप में मालदीव के पांच करोड़ अमेरिकी डॉलर के सरकारी बॉन्ड को एक और वर्ष के लिए आगे बढ़ा दिया है। मालदीव सरकार के अनुरोध पर पांच करोड़ अमेरिकी डॉलर के ट्रेजरी बिल (टी-बिल) के पुनर्भुगतान की समयसीमा एक बार फिर बढ़ा दी गई है।

## सीईओ नागेश्वरन ने कहा विवाद का समाधान जल्द होगा

# अगले आठ-10 सप्ताह में शुल्क विवाद हल होने की संभावनाः मुख्य आर्थिक सलाहकार

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने बृहस्पतिवार को उम्मीद जताई कि ऊंचे शुल्क को लेकर अमेरिका के साथ पैदा हुए विवाद का समाधान अगले आठ से दस सप्ताह में निकल सकता है। अमेरिका ने रूस से तेल खरीद को लेकर 27 अगस्त से भारतीय उत्पादों पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगा दिया था।

इसके साथ ही भारतीय उत्पादों पर अमेरिका में कुल शुल्क बढ़कर 50 प्रतिशत हो गया है। नागेश्वरन ने यहां उद्योग मंडल की तरफ से आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, ''पर्दे के पीछे दोनों सरकारों के बीच शुल्क विवाद को लेकर बातचीत जारी है। मेरा अनुमान है कि भारतीय वस्तुओं पर अमेरिका द्वारा लगाए गए शुल्क का अगले आठ से दस सप्ताह में समाधान निकल आएगा।''

### दोनों देशों के संबंध में आ गया था तनाव

हालांकि, उन्होंने इस बात को लेकर आगाह किया कि शुल्क जारी रहने की स्थिति में अमेरिका को भारतीय वस्तुओं के निर्यात में गिरावट आ सकती है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शुल्क वृद्धि फैसले के बाद दोनों देशों के संबंध कुछ समय के लिए तनावपूर्ण हो गए थे।

27 अगस्त से भारतीय उत्पादों पर 25 फीसदी शुल्क लगा दिया → भारतीय उत्पादों पर अमेरिका में कुल शुल्क बढ़कर 50 प्रतिशत हो गया → भारतीय वस्तुओं के निर्यात में गिरावट आ सकती है





**जीएसटी में कटौती से उपभोक्ताओं के हाथ में आएगा पैसा**
कोविड महामारी के बाद भारत ने कई देशों की तुलना में तेज वृद्धि दर्ज की है। उन्होंने कहा कि विनिर्माण, सेवा और कृषि क्षेत्रों की प्रगति के साथ ग्रामीण मांग में मजबूती और शहरी मांग में सुधार अगले दो वर्षों में आर्थिक वृद्धि को आधार देंगे। दी गई राहत से उपभोक्ताओं के हाथ में अतिरिक्त आय बढ़ेगी।

**जीडीपी 7.8 फीसदी की दर से बढ़ी** : शीर्ष नेतृत्व के स्तर पर अनुकूल संकेत मिलने के बाद हाल ही में दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते को लेकर चर्चा फिर शुरू हुई है। मुख्य आर्थिक सलाहकार ने भारत को निम्न-मध्य आय वाली आकांक्षी अर्थव्यवस्था बताते हुए कहा कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ा।

### एमएसएमई क्षेत्र के ऋण में हुई वृद्धि

एमएसएमई क्षेत्र को ऋण में वृद्धि हुई है और बड़ी उद्योग इकाइयों को कर्ज वितरण में संरचनात्मक बदलाव आ रहा है। उन्होंने बताया कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में चालू खाते का घाटा जीडीपी का 0.2 प्रतिशत रह गया और विदेशी मुद्रा भंडार भी स्वस्थ है।

### रुपया हो रहा कमजोर

सीईओ ने कहा, ''हालांकि, डॉलर के मुकाबले रुपया कमजोर हो रहा है लेकिन अर्थव्यवस्था की मजबूती को देखते हुए मुझे यकीन है कि दीर्घावधि में रुपया अपने मूल्य को बनाए रखेगा और उसमें मजबूती भी आएगी।'' नागेश्वरन ने कहा कि सरकार की प्राथमिकताओं में पूंजीगत खर्च, निजी निवेश को प्रोत्साहन और विनियामक ढांचे में सुधार शामिल हैं।

### शोध पर अधिक खर्च करने का आह्वान

सीईओ ने निजी क्षेत्र से नवाचार और शोध पर अधिक खर्च करने का आह्वान किया। अर्थव्यवस्था पर कृत्रिम मेधा (एआई) के प्रभाव पर उन्होंने कहा कि इसका असर फिलहाल सीमित है लेकिन कोडिंग संबंधी नौकरियों पर दबाव रहेगा। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में लोगों को अपना कौशल बढ़ाना होगा।

# फेड के रेट कटौती से शेयर बाजार में तेजी सेंसेक्स 320 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लगातार तीसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 320 अंक चढ़कर 83,000 अंक के पार पहुंच गया। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर में 0.25 प्रतिशत की कमी और इस साल दो और कटौती के संकेत से बाजार में तेजी आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 320.25 अंक यानी 0.39 प्रतिशत की बढ़त के साथ 83,013.96 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 447.5 अंक तक चढ़ गया था। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 93.35 अंक यानी 0.37 प्रतिशत चढ़कर 25,423.60 अंक पर पहुंच गया। औषधि, आईटी और वित्तीय कंपनियों के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई, जबकि रियल्टी और ऊर्जा शेयरों में नरमी रही। विश्लेषकों ने कहा कि बाजार धारणा को मुख्य रूप से अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर में कटौती के फैसले से समर्थन मिला। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में इटर्नल सबसे ज्यादा 2.96 प्रतिशत लाभ में रही। इसका कारण ब्रोकरेज कंपनियों का इटर्नल को लेकर सकारात्मक संकेत है।



- अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने नीतिगत दर में 0.25 फीसदी की कटौती की
- एक समय सेंसेक्स 447 अंक तक चढ़ गया था

### एशियाई बाजार में मिला-जुला रुख

एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की बढ़त में रहे, जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के काराबार में तेजी का रुख था। बुधवार को अमेरिकी बाजार मिले-जुले रुख के साथ बंद हुए थे।

## उत्तर रेलवे ने बड़ौदा हाउस में सफाई मित्रों के लिए स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया

**नई दिल्ली।** "स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025" के दूसरे दिन, डॉ.भरतलाल, प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक/उत्तर रेलवे के नेतृत्व में सफाई मित्र सुरक्षा शिविर के अंतर्गत, दिल्ली मंडल की चिकित्सा टीम द्वारा आज दिनांक 18.09.25 को उत्तर रेलवे मुख्यालय बड़ौदा हाउस में एक स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य जाँच शिविर में संविदा कर्मचारियों की चिकित्सीय जाँच की गई और उनका रक्तचाप (**Blood Pressure**), रैंडम ब्लड शुगर (**Random Blood Sugar**) , ऑक्सीजन संतृप्ति (**Oxygen Saturation**), बीएमआई और ईसीजी किया गया। सभी महिला कर्मचारियों की स्त्री रोग संबंधी जाँच भी की गई। इस स्वास्थ्य जाँच में, डॉ. हिरदेश चावला, डीएमओ/ फिजिशियन /दिल्ली और डॉ. जी. दिव्या, डीएमओ / ओबीजी /दिल्ली ने मुख्यालय में कार्यरत सफाई मित्रों को उनकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के लिए परामर् शदिया और उन्हें स्वस्थ आहार और दैनिक व्यायाम दिनचर्या अपनाने की सलाह के साथ दवाएँ दीं।

## भारतीय रेलने कर्मचारियों को NPS से UPS में वन टाइम स्विच की सुविधा हेतु आयोजित किए 1,799 सेमिनार

**नई दिल्ली।** भारतीय रेल ने देशभर में अपने कर्मचारियों को नेशनल पेंशन सिस्टम (**NPS**) से यूनिफाइड पेंशन स्कीम (**UPS**) में वनटाइम स्विच की सुविधा के बारे में विस्तारपूर्ण जानकारी देने के लिए 1,799 सेमिनार आयोजित किए। इनमें सबसे अधिक 768 सेमिनार दक्षिण रेलवे में आयोजित हुए। इसके बाद दक्षिण-पूर्व रेलवे (135), दक्षिण-पश्चिम रेलवे (99), दक्षिण-पूर्व मध्य रेलवे (91), उत्तर-पश्चिम रेलवे (90), उत्तरी रेलवे (88) और उत्तर मध्य रेलवे (80) में महत्वपूर्ण योगदान रहा। अन्य जोन जैसे उत्तर-पूर्व सीमांत रेलवे (70), दक्षिण-मध्य रेलवे (69), पश्चिम-मध्य रेलवे (72), मध्य रेलवे (40), पूर्वी रेलवे (40) और पश्चिम रेलवे (41) ने भी सक्रिय भागीदारी की। वहीं पूर्वी तट रेलवे (27), पूर्व-मध्य रेलवे (9) और उत्तर-पूर्व रेलवे में (16) सेमिनार आयोजित हुए। उत्पादन इकाइयों और प्रशिक्षण संस्थानों ने भी इस अभियान में सक्रिय भाग लिया। इनमें रिसर्च डिज़ाइन्स एंड स्टैंडर्ड्स ऑर्गनाइजेशन (5), रेल कोच फैक्ट्री (6), मॉडर्न कोच फैक्ट्री (6), इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (17), रेल व्हील फैक्ट्री (20), बनारस लोको मोटिववर्क्स (5) और चित्तरंजन लोको मोटिववर्क्स (4) शामिल रहे। विशेषीकृत प्रशिक्षण संस्थानों में इंडियन रेलवे इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग ने भी कर्मचारियों के बीच जागरूकता बढ़ाने हेतु एक सेमिनार आयोजित किया। बता दें कि यूनिफाइड पेंशन स्कीम (**UPS**) को केंद्रीय कर्मचारियों के लिए भारत सरकार के वित्त मंत्रालय ने 24.01.2025 को अधिसूचित किया था।

## ईपीएफओ पोर्टल पर अब सभी जरूरी सेवाएं मिलेगी

नई दिल्ली। सेवानिवृत्ति कोष निकाय ईपीएफओ के सात करोड़ से अधिक अंशधारकों को अब एक ही पोर्टल पर सभी प्रमुख सेवाओं और अपने खाते से जुड़ी जानकारियां एकल लॉगिन के जरिये मिल जाएंगी। श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। मांडविया ने कहा कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने अपने सदस्यों को अधिक पारदर्शी, सरल और उपयोगकर्ता अनुकूल सेवाएं देने के लिए कई सुधार किए हैं। अब तक सदस्यों को पासबुक पोर्टल पर अलग से लॉगिन कर अंशदान एवं निकासी का विवरण देखना पड़ता था। लेकिन अब नए 'पासबुक लाइट' फीचर को सदस्य पोर्टल पर ही शामिल कर दिया गया है। इस सुविधा से अंशधारक ईपीएफइंडिया के यूनिफाइड पोर्टल पर ही सीधे जाकर अपने अंशदान, निकासी और शेष राशि का संक्षिप्त विवरण देख सकेंगे। इसके लिए उन्हें पासबुक पोर्टल पर अलग से लॉगिन करने की जरूरत नहीं होगी। मांडविया ने कहा कि एकल लॉगिन की सुविधा से न केवल उपयोगकर्ता अनुभव बेहतर होगा बल्कि पासबुक पोर्टल पर दबाव घटेगा और तकनीकी संरचना भी आसान होगी। श्रम मंत्री ने कहा कि भविष्य निधि (पीएफ) के स्थानांतरण में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए 'एनेक्सचर-के' (ट्रांसफर सर्टिफिकेट) को भी अब ऑनलाइन डाउनलोड करने योग्य बना दिया गया है।

### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **मनीष कुमार पुत्रः** रविंदर मांगी **पताः** मकान नंबर बीइ–405 गली नंबर 7, हरि नगर, दिल्ली, ने **FIR No. 141/2020 U/s 188 IPC थानाः हरि नगर, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मनीष कुमार,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मनीष कुमार,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि **FIR No. 141/2020 U/s 188 IPC थानाः हरि नगर, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **मनीष कुमार,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री भारती गर्ग
जेएमएफसी–11, कमरा नंबर 31
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/12355/WD/2025
(Court Matter)

### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा

धारा 82Cr.P.C./ 84 BNNS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **गुलाब मोहम्मद उर्फ गुलाब इद्रेश, पुत्रः** मो0 कलाम उर्फ कलाम दर्जी, **पताः** मकान न. 172, विष्णु गार्डन, टैगोर गार्डन, दिल्ली, **और भीः** मकान न. 1ए–512, शारदा इन्कलेव, नियर गौरी शंकर इन्कलेव, किरारी सुलेमान नगर, नई दिल्ली, **और भीः** मकान न. 166–ए, खसरा न. 46/9/1/2, द्वितीय तल, शारदा वत्स इन्कलेव, गली न. 2, नियर गौरी शंकर इन्कलेव, शारदा इन्कलेव, प्रेम नगर, फेस 3, किरारी सुलेमान नगर, जिला नार्थ–वेस्ट, दिल्ली, ने **Case FIR No. 3731/2018, U/s: 138 NI Act, थानाः राजौरी गार्डन, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **गुलाब मोहम्मद उर्फ गुलाब इद्रेश,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **गुलाब मोहम्मद उर्फ गुलाब इद्रेश,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि **Case FIR No. 3731/2018, U/s: 138 NI Act, थानाः राजौरी गार्डन, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त, **गुलाब मोहम्मद उर्फ गुलाब इद्रेश,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **31.10.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री पूनम सिंह, एल.डी.
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (एन आई एक्ट)–04
जिला पश्चिम, कमरा न.04, उप भवन–1
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/12455/CD/2025
(Court Matter)

### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा

धारा 84 BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **श्रीमती लता कपूर पत्नीः** संजीव कपूर **पताः** 5वीं मंजिल, आइकॉन अपार्टमेंट, फ्लैट नंबर एफएफ–1, प्लॉट नंबर 22/21, मेन श्याम पार्क, श्याम पार्क मेट्रो स्टेशन के पीछे, दिल्ली ने **FIR No. 139/24, U/s 318(4)/319(2)/336(3)/338/340(2)/61(2) BNS थानाः आर्थिक अपराध शाखा मंदिर मार्ग, नई दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **श्रीमती लता कपूर** मिल नहीं रही हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **श्रीमती लता कपूर** फरार हो गई है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि **FIR No. 139/24, U/s 318(4)/319(2)/336(3)/338/340(2)/61(2) BNS थानाः आर्थिक अपराध शाखा मंदिर मार्ग, नई दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **श्रीमती लता कपूर** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **11.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री तानिया सिंह
एसीजेएम, कमरा संख्या 296ए, द्वितीय तल
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/12474/EOW/2025
(Court Matter)

## राशिफल

**मेष** — मन परेशान हो सकता है। कारोबार में अभी कठिनाइयां बनी रहेंगी। सचेत रहें। कोई नया निवेश करने से बचें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में संयत रहें। कारोबार विस्तार के लिए परिवार से आर्थिक सहयोग मिल सकता है।

**मिथुन** — मन परेशान हो सकता है। आत्मसंयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**कर्क** — किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में विदेश यात्रा पर जा सकते हैं।

**सिंह** — आत्मविश्वास में कमी आएगी। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या** — मन में निराशा एवं असन्तोष रहेगा। मन अशान्त रहेगा। संयत रहें। परिवार में व्यर्थ के वाद–विवाद से बचें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां तो रहेंगी, लेकिन परिश्रम भी अधिक रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से लाभ के अवसर मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में बदलाव भी हो सकता है।

**धनु** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु अतिउत्साही होने से बचें। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**मकर** — क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु संयत भी रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। खर्चों की अधिकता से परेशान हो सकते हैं।

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

**सूचना**
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**चिकित्सा**
सेक्स रोगों के लिए सलाह मुफ़्त
अशोक क्लीनिक
निकट पीतमपुरा मेट्रो स्टेशन दिल्ली
9811092140 संडे क्लोज

## शब्द पहेली - 5993




**बाएँ से दाएँ**
1.बरस,वर्ष–2
2.आफत,मुसीबत–2
3.यमराज–2
4.तीर, बाण–2
6.आनेवाला दिन–2
7.उत्साह–2
8.उचित, सही–3
9.बंधन–2
10.बाण–2
11.उपवन, जंगल–3
12.सरिता–2
13.शिविर, तंबू–2
14.रुई साफ करना–3
16.फंदा, पाश–2
17.भीरु, डरपोक–3
18.तालाब –2
19.सम्मान–2
20.पासों फैंक कर भविष्य देखने की विद्या–3
21.श्याम,काले रंग का–2
22.देह, तन, बदन–2
23.चुनना, छांटना–3
24.रघुवीर, सियावर–2
26.जलजला–3
27.कोलाहल–2
28.अवरोध–2
29.दलदल–3
30.पत्नी का भाई–2
31.रिवाज, रस्म–2
32.कक्ष, रूम–3
33.गधा, गर्दभ–2
34.जनकपुत्री–2
36.वोट, राय–2
37.विजय–2
38.मां का भाई–2
39.मूल्य–2


**ऊपर से नीचे**
1.परछाई–2
2.दम, ताकत–2
3.यमराज–2
4.सोना, निद्रा लेना–3
5.धूल, मिट्टी–2
6.शारीरिक ऊंचाई–2
7.बल, दम–2
8.पहचानना–3
9.बंधक–2
10.मोमबत्ती (उर्दू–2)
11.विवश–3
12.भीगा हुआ–2
13.क्रीड़ा–2
14.सहमत–3
15.फंदा–2
16.प्राण–2
17.आकांक्षा–3
18.लॉक–2
19.प्रकृति,धन–2
20.धावक–3
21.कार्य–2
22.सवारी गाड़ी–2
23.जंगल–3
24.झगड़ा–2
25.सरल–2
26.कूड़ा–3
27.अंगारा–2
28.वार्तालाप–2
29.दाम, मूल्य–3
30.सारांश–2
31.खाली–2
32.थोड़ा–2
33.पत्र, चिट्ठी–2
34.हद–2
35.बल, ताकत–2

### शब्द पहेली- 5992 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ल | ब | | ब | स | | धा | गा | | ह | य |
| व | ह | म | | ब | म | | ना | ला | | ह |
| | न | म | न | | जा | न | | र | मा | |
| ना | | ता | क | त | | शा | न | | ता | त |
| क | मी | | ल | ल | ना | | म | न | | न |
| | न | ख | | वा | च | क | | ल | क्ष | |
| स | | र | वा | | ना | म | क | | मा | दा |
| खा | द | | त | र | | र | ह | न | | म |
| | म | स्त | | मा | न | | वा | ह | क | |
| दा | | र | स | | या | र | | र | च | ना |
| स | दा | | च | क्षु | | न | भ | | य | ल |



# सचिन ने किया कमाल, रहे चौथे स्थान पर, नीरज को पीछे छोड़ा




एजेंसी ▶▶| टोकियो

वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 के मैन जैवलिन थ्रो फाइनल में नीरज चोपड़ा का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है। नीरज चोपड़ा आठवें स्थान पर रहे। नीरज का बेस्ट थ्रो 84.03 मीटर (दूसरा अटेम्प्ट) का रहा। नीरज के अलावा इस प्रतिस्पर्धा में भारत के लिए सचिन यादव ने भी भाग लिया। सचिन ने अच्छा प्रदर्शन किया और चौथे नंबर पर रहे। सचिन का बेस्ट थ्रो 86.27 मीटर रहा, जो उनका पर्सनल बेस्ट भी है। त्रिनिदाद एंड टोबैगो के केशोर्न वाल्कॉट (88.16 मीटर) ने गोल्ड मेडल जीता।

### सचिन ने फेंका 86.27 मीटर थ्रो

वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप के फाइनल में भारत के सचिन यादव चौथे स्थान पर रहकर भी कमाल कर दिया। सचिन यादव ने फाइनल में नीरज चोपड़ा और ओलंपिक मेडलिस्ट अरशद नदीम से भी दूर भाला फेंका। हालांकि, सचिन मेडल नहीं जीत पाए, लेकिन अब उन्हें भारत का नया बाहुबली कहा जा रहा है। सचिन का फाइनल में बेस्ट थ्रो 86.27 मीटर रहा। ये उनके करियर का पर्सनल बेस्ट थ्रो भी है। सचिन ने 86.27 मीटर का थ्रो अपने पहले ही प्रयास में किया था। उनका दूसरा थ्रो फाउल रहा था। इसके बाद सचिन ने अपने तीसरे थ्रो में 85.71 मीटर की दूरी हासिल की। सचिन का चौथा प्रयास 84.90 मीटर का था। वहीं 5वें थ्रो में उन्होंने 85.96 मीटर थ्रो किया जबकि उनका आखिरी थ्रो 80.95 मीटर का रहा।



### नीरज रहे आठवें स्थान पर

नीरज चोपड़ा का पहला प्रयास 83.65 मीटर और दूसरा अटेम्प्ट 84.03 मीटर का रहा, जबकि तीसरा अटेम्पट फाउल और पांचवां अटेम्प्ट फाउल रहा। नीरज का चौथा अटेम्प्ट 82.86 मीटर का रहा। भारत के ही सचिन यादव ने पहला थ्रो 86.27 मीटर का किया, वहीं दूसरा अटेम्प्ट फाउल रहा, जबकि तीसरा प्रयास 85.71 मीटर का था। सचिन का चौथा प्रयास 84.90 मीटर का रहा, जबकि आखिरी दो प्रयास उनके क्रमशः 85.96 मीटर और 80.95 मीटर रहा। तीन अटेम्पट के बाद दो एथलीट्स एलिमिनेट हुए। जबकि चौथे प्रयास के बाद दो और एथलीट्स को एलिमिनेट होना पड़ा। चौथे प्रयास के बाद अरशद नदीम एलिमिनेटर हुए। वहीं पांचवें प्रयास के बाद नीरज चोपड़ा को भी एलिमिनेट होना पड़ा।

### कौन हैं सचिन यादव

सचिन यादव उत्तर प्रदेश के बागपत जिले के रहने वाले हैं। सचिन ने इसी साल एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल अपने नाम किया था। सचिन पहली बार तब सुर्खियों में आए थे जब उन्होंने 73वीं ऑल इंडिया पुलिस एथलेटिक्स चैंपियनशिप में उन्होंने 84.21 मीटर का दूर भाला फेंका था। ये उनका पर्सनल बेस्ट था। सचिन यादव ने इस चैंपियनशिप में 30 साल पुराने रिकॉर्ड तोड़ा था। सचिन उत्तर प्रदेश पुलिस में कार्यरत हैं। पुलिस में काम करते हुए सचिन ने कई बड़ी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया है। सचिन यादव नीरज चोपड़ा की तरह 90 मीटर की दूसरी हासिल करना चाहते हैं। हालांकि, वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में वह 90 मीटर की दूरी तो हासिल नहीं कर पाए, लेकिन उन्हें अब नीरज की तरह ही बाहुबली कहा जाने लगा है।

## खबर संक्षेप



### यूएई टीम में कोई भारतीय या पाकिस्तानी नहींः वसीम

**दुबई।** भारत और पाकिस्तान के बीच चल रही तनातनी का संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की टीम पर कोई असर नहीं पड़ा है, जिसकी टीम में इन दोनों देश के खिलाड़ी शामिल हैं। यूएई क्रिकेट टीम में भारतीय और पाकिस्तानी मूल के बराबर संख्या में खिलाड़ी हैं। सिमरनजीत सिंह, राहुल चोपड़ा, हर्षित कौशिक, ध्रुव पाराशर और अलीशान शराफू भारतीय जबकि दूसरी तरफ मुल्तान में जन्मे कप्तान मुहम्मद वसीम, हैदर अली, जुनैद सिद्दीकी, मुहम्मद रोहिद और आसिफ खान पाकिस्तानी मूल के हैं। भारतीय खिलाड़ियों ने पहलगाम आतंकी हमले के कारण पाकिस्तान के खिलाड़ियों से हाथ मिलाने से इनकार कर दिया था, जिससे विवाद पैदा हो गया था लेकिन वसीम ने कहा कि यूएई की उनकी टीम एक परिवार की तरह है। यह पूछे जाने पर कि क्या मौजूदा तनाव का टीम के भीतर पारस्परिक संबंधों पर कोई प्रभाव पड़ा है या इस बारे में कोई बातचीत हुई है, वसीम ने ना में जवाब दिया।

### तीरंदाजी प्रीमियर लीग में हिस्सा लेंगे विदेशी खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** विश्व की नंबर एक खिलाड़ी एंड्रिया बेसेरा (कंपाउंड) और ब्रैडी एलिसन (रिकर्व) उन 48 शीर्ष तीरंदाजों में शामिल हैं, जो 2 से 12 अक्टूबर तक यमुना खेल परिसर में होने वाली पहली तीरंदाजी प्रीमियर लीग (एपीएल) में प्रतिस्पर्धा करेंगे। यह पहला फ्रेंचाइजी आधारित टूर्नामेंट है। छह टीम की लीग में शामिल अन्य शीर्ष विदेशी तीरंदाजों में दुनिया छठे नंबर के खिलाड़ी मैक्सिको के मटियास ग्रांडे (रिकर्व) और महिला नंबर एक खिलाड़ी नीदरलैंड की माइक श्लोसेर (कंपाउंड) शामिल हैं। भारतीय तीरंदाजों का चयन विश्व रैंकिंग के साथ-साथ भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआई) के हालिया चयन ट्रायल के आधार पर किया गया।



### दुबई स्टेडियमः रिंग ऑफ फायर बड़ी चुनौती



**दुबई।** भारतीय क्रिकेट टीम के क्षेत्ररक्षण कोच टी. दिलीप ने कहा है कि दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में हवा में लहराने वाले ऊंचे कैच लेने के लिए एक सेकंड के लिए भी गेंद पर से नजर नहीं हटाना जरूरी है। दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में फ्लडलाइट्स की व्यवस्था पारंपरिक व्यवस्था से काफी अलग है। भारतीय टीम ने स्टेडियम की गोल छत की परिधि के चारों ओर लगाई गई उच्च तीव्रता वाली फ्लडलाइट्स से काफी अच्छी तरह से सामंजस्य बिठा गया है।

दुनिया भर के क्रिकेट स्टेडियमों में पारंपरिक रूप से खंभों पर लगाई जाने वाली लाइट्स का इस्तेमाल किया जाता है।

## चाइना मास्टर्स : सिर्फ 41 मिनट में छठी वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वी को हराया

# सिंधू ने थाई शटलर के खिलाफ किया हेड टू हेड रिकॉर्ड 6-5, क्वार्टर फाइनल में पहुंची

एजेंसी ▶▶| शेनझेन

भारत की स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधू तथा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी गुरुवार को सीधे गेम में जीत के साथ चाइना मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए थाईलैंड की छठी वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचुवोंग को 21-15, 21-15 से हराने में सिर्फ 41 मिनट का समय लिया।

हाल ही में हांगकांग ओपन के फाइनल में पहुंची सात्विक और चिराग की जोड़ी ने चीनी ताइपे की जोड़ी सियांग चिएह चियू और वांग ची-लिन को 32 मिनट में 21-13, 21-12 से हराया। इस जीत के साथ विश्व रैंकिंग में 14वें स्थान पर काबिज सिंधू ने थाई शटलर के खिलाफ हेड टू हेड रिकॉर्ड 6-5 का कर लिया है। क्वार्टर फाइनल में सिंधू का सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त कोरिया की एन से यंग से होगा। एन से ने डेनमार्क की मिया ब्लिचफेल्ड को 23-21, 21-14 से हराया।



### थाई प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ शुरू से ही थीं सतर्क

हाल में हांगकांग ओपन के पहले दौर में बाहर होने वाली सिंधू सीधे गेम में मिली जीत से खुश थीं और उन्होंने कहा कि वह अपनी थाई प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ शुरू से ही सतर्क थीं। मैच के बाद भारतीय खिलाड़ी ने कहा, 'मैं जीत से खुश हूं और मेरे लिए शुरुआत से ही सतर्क रहना और अपना शत-प्रतिशत देना बेहद जरूरी था। वह (चोचुवोंग) एक शीर्ष खिलाड़ी है। मैं इंडोनेशिया ओपन में उसके खिलाफ खेली थी और उस बार भी मुकाबला कड़ा था। पहला गेम जीतने के बाद मैं दूसरे गेम में ज़्यादा सतर्क थी। मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और मुझे खुशी है कि मैं जीत हासिल करने में सफल रही।' सिंधु ने कहा, 'मुझे अब कल के लिए तैयारी करनी होगी। यह अच्छी बात है कि अगर आप पहला गेम जीत जाते हैं तो दूसरे गेम में उसे खत्म कर देते हैं। सीधे गेम में जीत हमेशा आपको आत्मविश्वास देती है। लेकिन आपको लंबे मैचों के लिए भी तैयार रहना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि आप तेजी से आगे बढ़ें।'

### पहले गेम से ही रहा भारतीय जोड़ी का दबदबा

सात्विक और चिराग की आठवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने इस वर्ष दूसरी बार चीनी ताइपे की जोड़ी को हराया। उन्होंने इस महीने की शुरुआत में हांगकांग ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के राउंड ऑफ 32 में चियु और वांग को तीन गेम में हराया था। पहले गेम में भारतीय जोड़ी का दबदबा रहा। उन्होंने शुरुआत में 7-2 की बढ़त बना ली और फिर 15 मिनट से भी कम समय में गेम अपने नाम कर लिया। दूसरा गेम भी उम्मीद के मुताबिक रहा और भारतीय जोड़ी शुरू से अंत तक बढ़त बनाए रही। क्वार्टर फाइनल में उनका सामना चीन के रेन जियांग यू और झी हाओनान से होगा।

## एशिया कपः मेंडिस और तुषारा की बदौलत अफगानिस्तान को हरा श्रीलंका सुपर चार में

भाषा ▶▶| अबु धाबी

नुवान तुषारा की तूफानी गेंदबाजी के बाद सलामी बल्लेबाज कुसाल मेंडिस के नाबाद अर्धशतक से श्रीलंका ने एशिया कप टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप बी मैच में बृहस्पतिवार को यहां अफगानिस्तान को छह विकेट से हराकर सुपर चार के लिए क्वालीफाई किया। अफगानिस्तान की टीम तीन मैच में एक जीत से दो अंक ही जुटा सकी और प्रतियोगिता से बाहर हो गई। श्रीलंका की टीम अपने तीनों मैच जीतकर छह अंक के साथ शीर्ष पर रही जबकि बांग्लादेश तीन मैच में चार अंक के साथ ग्रुप से सुपर चार में जगह बनाने वाली दूसरी टीम रही। अफगानिस्तान के 170 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका ने मेंडिस (नाबाद 74 रन, 52 गेंद, 10 चौके) की धैर्यपूर्ण पारी की बदौलत 18.4 ओवर में चार विकेट पर 171 रन बनाकर जीत दर्ज की। मेंडिस ने कुसाल परेरा (28) के साथ तीसरे विकेट के लिए 45 और कामिंदु मेंडिस (नाबाद 26, 13 गेंद, दो छक्के) के साथ पांचवें विकेट के लिए 52 रन की अटूट साझेदारी करके श्रीलंका की आसान जीत सुनिश्चित की।

## आईसीसी ने 'गलत आचरण' के लिए पीसीबी की खिंचाई की, कार्रवाई पर विचार

एजेंसी ▶▶| दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ एशिया कप मैच से पहले पाकिस्तान द्वारा 'टूर्नामेंट के कई नियमों के उल्लंघन' के लिए उसके खिलाफ कार्रवाई पर विचार कर रहा है। टीम ने मैच रैफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट को हटाने की अपनी मांग को वैश्विक संचालन संस्था द्वारा अस्वीकार किए जाने के विरोध में मैच में विलंब किया था। आईसीसी ने बुधवार को हुए मैच से पहले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को एक ईमेल भेजा है जिसमें 'गलत आचरण' और खिलाड़ियों एवं मैच अधिकारियों के क्षेत्र (पीएमओए) प्रोटोकॉल के 'कई उल्लंघनों' का हवाला दिया गया है। टूर्नामेंट से जुड़े एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, ''आईसीसी के सीईओ संजोग गुप्ता ने पीसीबी को पत्र लिखकर कहा है कि बोर्ड मैच के दिन पीएमओए के नियमों के बार-बार उल्लंघन का दोषी है। पीसीबी को ईमेल मिल गया है।'' पता चला है कि कई चेतावनियों के बावजूद पाकिस्तान ने मीडिया मैनेजर नईम गिलानी को टॉस से पहले पाइक्रॉफ्ट, उसके मुख्य कोच माइक हेसन और कप्तान सलमान अली आगा के बीच हुई बैठक को फिल्माने की अनुमति देकर नियमों का उल्लंघन किया। आईसीसी ने स्पष्ट कर दिया था कि मीडिया प्रबंधकों को ऐसी बैठकों में शामिल होने की इजाजत नहीं है।

## पीएसजी ने अटलांटा को 4-0 से हराया

**लंदन।** गत चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने बड़ी जीत दर्ज करके चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट में खिताब बचाने के अपने अभियान की शानदार शुरुआत की जबकि लिवरपूल ने भी सत्र की अच्छी शुरुआत करते हुए अंतिम क्षणों में विजयी गोल किया। पीएसजी ने घरेलू मैदान पर अटलांटा पर 4-0 से जीत हासिल की। उसकी टीम ने शुरू से लेकर आखिर तक दबदबा बनाए रखा और अटलांटा को किसी भी समय वापसी का मौका नहीं दिया। पीएसजी के कोच लुइस एनरिक ने कहा, 'ऐसा प्रदर्शन देखकर खुशी हुई। मुझे लगता है कि हमारे प्रशंसक खुश होंगे।' लिवरपूल के कप्तान वर्जिल वान डिक ने इंजरी टाइम के दूसरे मिनट में हेडर से गोल करके एटलेटिको मैड्रिड पर 3-2 से जीत सुनिश्चित की।

## जुरेल का नाबाद शतक अय्यर रहे नाकाम

**लखनऊ।** विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल के नाबाद 113 रन की बदौलत भारत ए ने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ पहले अनौपचारिक टेस्ट के तीसरे दिन चार विकेट पर 403 रन बनाए। जुरेल ने 132 गेंद की अपनी पारी में 10 चौके और चार छक्के मारे हैं। बल्लेबाज एन जगदीशन (64), बी साई सुदर्शन (73) और देवदत्त पडिक्कल (नाबाद 86) ने अर्धशतक जड़े। हालांकि कप्तान श्रेयस अय्यर (08) नाकाम रहे। भारत ए अब भी ऑस्ट्रेलिया ए से 129 रन से पिछड़ रहा है, जिसने सैम कोनस्टास (109) और जोश फिलिप (नाबाद 123) के शतक से पहली पारी छह विकेट पर 532 रन बनाकर घोषित की थी। अब सिर्फ एक दिन का खेल बचा है और यह मैच ड्रॉ की ओर बढ़ रहा है। दोनों टीम 23-26 सितंबर तक इकाना स्टेडियम में दूसरा चार दिवसीय अनौपचारिक टेस्ट खेलेंगी, जिसके बाद कानपुर में तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला खेली जाएगी। भारत ए ने दिन की शुरुआत एक विकेट पर 116 रन से की। कल के नाबाद बल्लेबाजों जगदीशन और सुदर्शन की जोड़ी ने पारी को आगे बढ़ाया लेकिन मेजबान टीम को जल्द ही झटका लगा। पिछले महीने इंग्लैंड में भारतीय टेस्ट टीम में शामिल जगदीशन 113 गेंद में सात चौके और एक छक्के से 64 रन बनाने के बाद जेवियर बार्टलेट की गेंद पर फिलिप को कैच दे बैठे।

## विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप...



टोकियो। विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की 400 मीटर दौड़ के फाइनल में जीत के बाद खुशी जाहिर करते हुए बोत्सवाना बुसांग (बीच में)।


**अभियुक्ता की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्ता **काजल** पत्नी सुनील निवासी मकान नं. एम–1/50, द्वितीय तल, बुध विहार फेज–1, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 516/2025 धारा 20 (बी) एनडीपीएस अधिनियम, सुल्तानपुरी, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **काजल** मिल नहीं रही है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **काजल** फरार हो गई है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रही है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 516/2025 धारा 20 (बी) एनडीपीएस अधिनियम, सुल्तानपुरी, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त **काजल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **03.11.2025** को हाजिर हो।

आदेशानुसारः श्री शिवाजी आनन्द
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश–02 (विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस), उत्तर पश्चिम)
कमरा नं. 409,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/12486/OD/2025



**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा (इ–प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई–निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | **कार्य का नामः** एडीईएन/एनडीएलएस के अंतर्गत एसएसई/डब्ल्यू/एनडीएलएस/लाइन के खंड में स्टील गर्डर पुलों, आरओबी और एफओबी की पेंटिंग सहित पुलों के कार्य की मरम्मत और रखरखाव का कार्य।। | |
| 2 | **कार्य की अनुमानित लागत (रूपये)** ₹ 1,49,96,444.80 (रुपये एक करोड़ उननचास लाख छियान्वे हजार चार सौ चौवालीस और अस्सी पैसे मात्र) | |
| 3 | **बयाना राशि (रूपये)** | Rs. 2,25,0000/- (रूपये दो लाख पच्चीस हजार मात्र) |
| 4 | **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये)** | Rs. 0.00 |
| 5 | **निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय** | 08.10.2025 को 15:00 तक। |
| 6 | **वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है** | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| 7 | **आवंटन** | 04–310–32 |

- ठेकेदारों को ई–टेण्डर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना चाहिए।
- सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
- मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी।
- निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

सं:128–W/280/ई–निविदा सूचना/33–2025–26/W–3 दिनांक: 16.09.2025
2874/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## एशिया कप : भारत और ओमान के बीच मुकाबला आज रात 8 बजे से

# भारत के पास सुपर 4 से पहले बल्लेबाजों को मौका देने का सुनहरा अवसर

एजेंसी ▶▶| दुबई

पहले दो मैच में छोटे लक्ष्य आसानी से हासिल करने वाली सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम शुक्रवार को अबू धाबी में होने वाले एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के अपने अंतिम ग्रुप लीग मैच में ओमान के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करना और 20 ओवरों का पूरा उपयोग करना पसंद करेगी। भारतीय टीम सुपर 4 के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुकी है और रविवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले महत्वपूर्ण मैच से इससे पहले ओमान के खिलाफ बल्लेबाजों को मौका देने का यह सुनहरा अवसर है।



### गिल को क्रीज पर समय बिताने की जरूरत

भारत ने इससे पहले संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और पाकिस्तान के खिलाफ छोटे लक्ष्य आसानी से हासिल किए थे। अभिषेक शर्मा ने अपेक्षा के अनुरुप तेज शुरुआत की है, लेकिन शुभमन गिल को क्रीज पर कुछ समय बिताने की जरूरत है। कप्तान सूर्यकुमार ने पाकिस्तान के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था, लेकिन वह चाहेंगे कि तिलक वर्मा को बल्लेबाजी करने का कुछ और समय मिले। भारत अगर फाइनल में पहुंचता है तो उसे सात दिन के अंदर चार मैच खेलने होंगे और इसे देखते हुए टीम प्रबंधन हार्दिक पंड्या, संजू सैमसन, शिवम दुबे और अक्षर पटेल को भी बल्लेबाजी का कुछ मौका देना चाहेगा।

### अर्शदीप को परखने का मौका

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर अपनी टीम के साथ ज्यादा प्रयोग नहीं करना चाहेंगे, सिवाय इसके कि वह सुपर 4 से पहले जसप्रीत बुमराह को थोड़ा आराम दे सकते हैं। वह भी अगर वह ऐसा करना चाहें। पाकिस्तान के खिलाफ मैच में चार ओवर गेंदबाजी करने और अच्छी तरह से आराम करने के बाद, बुमराह खुद भी शायद ब्रेक नहीं चाहते होंगे, लेकिन जब बात आपके सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज की हो तो फिर अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत पड़ती है। इससे टीम को अर्शदीप सिंह को परखने का भी मौका मिलेगा। टीम प्रबंधन इस मैच में वरुण और कुलदीप में से किसी एक को विश्राम देकर हर्षित राणा को भी मौका दे सकता है।

## खौफनाक मंजर, घर तबाह


भारी बारिश से नंदानगर में भारी तबाही दिखी

**गोपेश्वर (चमोली)।** उत्तराखंड के चमोली जिले के घाट तहसील के नंदानगर क्षेत्र में बुधवार देर रात कुदरत का कहर टूटा। रात तीन बजे के करीब भारी बारिश और बादल फटने गांव तबाह हो गए। मकान मलबे में दब गए, लोग लापता हैं और आंखों में डर साफ नजर आता है। मलबे में दबे घायलों को नंदानगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। करीब 200 ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। रेस्क्यू टीमें मलबे में जिंदगी तलाश रही हैं।

### उत्तराखंड के चमोली को प्रकृति ने दिए फिर जख्म

# नंदानगर में टूटा कुदरत का कहर, घर बहे मलबे में जिंदगी तलाश रहीं रेस्क्यू टीमें

**दून घाटी में 6 और शव मिले, मृतकों की संख्या 23 हुई**

### 17 अब भी लापता, दून का मसूरी से कटा संपर्क

**देहरादून।** दून घाटी में सोमवार को आई आपदा में लापता हुए छह और लोगों के शव मिले हैं। इनमें चार शव देहरादून में और दो शव सहारनपुर के मिर्जापुर यमुना नदी में मिले हैं। इसके साथ ही मृतकों का आंकड़ा 23 पहुंच गया है। 17 से अधिक लोग अब भी लापता बताए जा रहे हैं। इनमें फुलेत गांव में सहारनपुर के छह मजदूर भी शामिल हैं। प्रभावित गांवों में एसडीआरएफ बुधवार सुबह से सर्च ऑपरेशन चला रही है। देहरादून से मसूरी जाने वाले दोनों मार्ग भी बंद हैं। हालांकि, राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने अधिकारिक रूप से 16 मौत और 17 लोगों के लापता होने की जानकारी मुहैया कराई है।

### एसडीआरएफ की टीम सर्च ऑपरेशन चला रही


मजाड़ा में मलबा हटाती रेस्क्यू टीम

### आवागमन बाधित


भारी बारिश से सड़क और पुल भी बहे

### राहत-बचाव में जुटा प्रशासन


घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया

---

### अफगानिस्तान को आतंकमुक्त करने के लिए यूएन में बोला भारत

# पाक समर्थित लश्कर व जैश संगठनों पर वैश्विक कार्रवाई करना बेहद जरूरी

**भारत के लिए शांति और स्थिरता अहम**

*भारत के स्थायी प्रतिनिधि हरीश ने सुरक्षा परिषद की अफगानिस्तान पर बैठक में कहा कि अफगानिस्तान और भारत के बीच गहरा सभ्यतागत रिश्ता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आतंकियों के लिए किसी भी तरह की जगह छोड़ना दुनिया और खासकर इस क्षेत्र के लिए खतरनाक है। आतंकवाद का मुकाबला करने में सभी देशों की साझा जिम्मेदारी है*

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

संयुक्त राष्ट्र में भारत ने पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद पर बड़ा हमला बोला है। भारत ने साफ कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय यह सुनिश्चित करे कि ये संगठन और उनके मददगार अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल आतंकवाद फैलाने के लिए अब और न कर सकें। यह संदेश भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने सुरक्षा परिषद की अफगानिस्तान पर बैठक में दिया। हरीश ने कहा कि अफगानिस्तान और भारत के बीच गहरा सभ्यतागत रिश्ता है और इसी कारण शांति और स्थिरता भारत के लिए बेहद अहम है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आतंकियों के लिए किसी भी तरह की जगह छोड़ना दुनिया और खासकर इस क्षेत्र के लिए खतरनाक है। भारत ने इस बात पर जोर दिया कि आतंकवाद का मुकाबला करने में सभी देशों की साझा जिम्मेदारी है। हरीश ने कहा कि यूएनएससी द्वारा घोषित आतंकी संगठन, चाहे वह आईएसआईएस हो, अल-कायदा हो या फिर पाकिस्तान समर्थित लश्कर और जैश, इन पर सख्त कार्रवाई जरूरी है।

### जमीन का बेजा इस्तेमाल आतंकवाद फैलाने के लिए न हो

**भारत अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय सहमति का पक्षधर**



### पाक और चीन की मांग

### बीएलए व मजीद ब्रिगेड आतंकी संगठन घोषित

पाकिस्तान और चीन ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और उसकी आत्मघाती शाखा मजीद ब्रिगेड को आतंकवादी संगठन घोषित करने के लिए संयुक्त प्रस्ताव पेश किया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1267 अल कायदा प्रतिबंध समिति के सामने यह प्रस्ताव पेश किया गया है। संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत असीम इफ्तिखार अहमद ने बुधवार को कहा कि आईएसआईएल-के, अल-कायदा, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान, ईस्ट तुर्किस्तान इस्लामिक मूवमेंट, बीएलए और उसकी मजीद ब्रिगेड सहित कई आतंकवादी संगठन अफगानिस्तान से संचालित हो रहे हैं।

### अंतरराष्ट्रीय सहयोग पर भारत का जोर

हरीश ने कहा कि भारत अफगानिस्तान के मुद्दे पर अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय सहमति का पक्षधर है। भारत ने दोहा और अन्य क्षेत्रीय बैठकों में भी सक्रिय भागीदारी की है ताकि शांति, स्थिरता और विकास को बढ़ावा दिया जा सके। उन्होंने बताया कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर दो बार अफगान कार्यवाहक विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी से बात कर चुके हैं। भारत ने अफगानिस्तान की ओर से 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा का भी स्वागत किया।


### आतंकवाद पर नई रणनीति की मांग

भारत का कहना है कि केवल दंडात्मक कदमों से समस्या हल नहीं होगी। हरीश ने कहा कि अफगानिस्तान के लिए नई और व्यावहारिक नीति की जरूरत है। सिर्फ प्रतिबंध या पुराने तरीकों से आगे नहीं बढ़ा जा सकता। उन्होंने कहा कि जैसा चल रहा है वैसा ही चलता रहे वाली नीति से कोई फायदा नहीं होगा। जरूरत है कि सकारात्मक रवैये को प्रोत्साहित किया जाए और नकारात्मक गतिविधियों को हतोत्साहित किया जाए।

---

### जैश कमांडर इलियास कश्मीरी का एक और कबूलनामा

# सैन्य अधिकारियों को आतंकियों के जनाजे में शामिल होने के आदेश मुनीर ने दिए थे



एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान की सेना और आतंकवादी संगठनों के बीच सांठगांठ की बड़ी पोल खुली है। जैश-ए-मोहम्मद के कमांडर इलियास कश्मीरी ने एक वीडियो में दावा किया है कि पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने खुद आदेश दिया था कि ऑपरेशन सिंदूर में मारे गए आतंकियों के अंतिम संस्कार में शीर्ष सैन्य अधिकारी शामिल हों। इस खुलासे ने न केवल पाकिस्तान की नीतियों पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि भारत पर लगातार हो रहे

### 26/11 हमले का जिक्र किया

कश्मीरी ने आगे यह भी स्वीकार किया कि उसका मुखिया मौलाना मसूद अजहर भारत में कई हमलों के लिए जिम्मेदार रहा है। उसने खुलासा किया कि आईसी-814 विमान अपहरण के बाद जब अजहर तिहाड़ जेल से रिहा होकर पाकिस्तान पहुंचा, तो बालाकोट उसकी गतिविधियों का मुख्य ठिकाना बना। वहीं से उसने दिल्ली और मुंबई में आतंकी हमलों की साजिशों को आगे बढ़ाया। उसने कहा कि पाकिस्तान सरकार और सेना खुद लश्कर को फंडिंग

### लश्कर कमांडर ने दी भारत को धमकी

इसी बीच लश्कर-ए-तैयबा के डिप्टी चीफ सैफुल्लाह कसूरी का एक और वीडियो सामने आया है। इसमें वह न केवल 22 अप्रैल को पहलगाम हमले की जिम्मेदारी लेने वाले मास्टरमाइंड के रूप में सामने आया, बल्कि भारत को खुली धमकी भी दी। कसूरी ने कहा कि भारत के बांध, नदियां और जम्मू-कश्मीर की जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की जाएगी। जैश और लश्कर कमांडर के वीडियो से साबित हो गया है कि पाकिस्तान न सिर्फ आतंकियों को पनाह देता है बल्कि उन्हें खुला समर्थन भी

---

### भारत-अमेरिका के मध्य अंतरिक्ष साझेदारी

# नए चरण में चंद्रमा और मंगल मिशनों पर नजर

एजेंसी ▶▶ ह्यूस्टन

भारत और अमेरिका ने वाशिंगटन डीसी में भारतीय दूतावास द्वारा आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में अंतरिक्ष साझेदारी के नए चरण की शुरुआत का संकेत दिया, जहां अधिकारियों और अंतरिक्ष यात्रियों ने इस पर जोर दिया कि कैसे दशकों का सहयोग अब चंद्रमा और मंगल मिशनों का मार्ग प्रशस्त कर रहा है।

'भारत-अमेरिका अंतरिक्ष साझेदारीः भविष्य की भागीदारी की सीमाएं' शीर्षक से यह कार्यक्रम सोमवार को इंडिया हाउस में आयोजित हुआ। इसमें हाल की उपलब्धियों का जश्न मनाया गया, जिनमें नासा-इसरो के संयुक्त निसार उपग्रह और एक्सिओम मिशन-4 शामिल हैं, जिसने भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन तक पहुंचाया। अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा ने इस साझेदारी को ''वैज्ञानिक अन्वेषण, प्रौद्योगिकी विकास और वाणिज्यिक सहयोग को आगे बढ़ाने वाला एक गतिशील मंच'' बताया। उन्होंने कहा भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम कम लागत में नवोन्मेष में एक वैश्विक अग्रणी के रूप में उभरा है।

### ब्रिटेन और फ्रांस के बीच डील

# घुसपैठिए होंगे बाहर, 'एक आएगा और एक जाएगा'

एजेंसी ▶▶ लंदन

प्रवासियों के संकट से निपटने के लिए ब्रिटेन और फ्रांस ने 'वन इन, वन आउट' डील की है। यानी एक आदमी जाएगा और बदले में दूसरा आदमी आएगा। ब्रिटेन ने पहली बार एक प्रवासी को फ्रांस को वापस भेज भी दिया है। इसके तहत ब्रिटेन उन लोगों को, जो छोटी नावों से अवैध तरीके से इंग्लिश चैनल पार करके आते हैं, फ्रांस लौटा देगा। लेकिन इसके बदले उतनी ही संख्या में वैध शरणार्थी, जिनके परिवार ब्रिटेन में हैं, उन्हें ब्रिटेन स्वीकार करेगा। जरूरतमंद और असली शरणार्थियों को मौका देने का इरादा है। यह पहली बार है जब ब्रिटेन ने किसी प्रवासी को फ्रांस लौटाया है। ब्रिटेन का कहना है कि 2025 में 30,000 से अधिक लोग छोटी नावों से देश में घुस चुके हैं और यह संख्या लगातार बढ़ रही है। इनकी वजह से स्थानीय लोगों का हक मारा जा रहा है। ब्रिटेन का दावा है कि वह केवल अवैध प्रवेश करने वालों पर सख्त है। दूसरी ओर, अगर कोई वैध शरणार्थी है और उसके परिवार ब्रिटेन में रहते हैं तो उसे स्वीकार भी किया जाएगा।

---


### रांची में सीडीएस जनरल अनिल चौहान बोले

# सेना में अनुशासन और ईमानदारी ही सबसे बड़ी ताकत

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड के दौरे पर पहुंचे चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने एक कार्यक्रम में कहा कि सेना ही वह जगह है जहां भाई-भतीजावाद या पक्षपात नहीं होता। उन्होंने बताया कि फौज में हर किसी की पहचान उसकी काबिलियत और मेहनत से होती है, न कि रिश्तों या सिफारिशों से। जनरल अनिल चौहान ने युवाओं से देशसेवा के लिए सेना में शामिल होने का आह्वान किया।

उन्होंने यह भी कहा कि सेना में अनुशासन और ईमानदारी ही सबसे बड़ी ताकत है, जो इसे बाकी संस्थानों से अलग बनाती है।जनरल चौहान ने कहा कि अगर बच्चे भारत और दुनिया को जानना चाहते हैं, तो उन्हें सशस्त्र बलों में शामिल होने की इच्छा रखनी चाहिए।



### आज डिफेंस एक्सपो में लेंगे भाग

जनरल चौहान ने कहा कि अगर बच्चे भारत और दुनिया को जानना चाहते हैं, तो उन्हें सशस्त्र बलों में शामिल होने की इच्छा रखनी चाहिए। बता दें कि सीडीएस जनरल अनिल चौहान कल से रांची में शुरू हो रहे तीन दिवसीय डिफेंस एक्सपो - ईस्ट टेक 2025 में भाग लेने के लिए रांची पहुंचे हैं। सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने अपने रांची दौरे के दौरान झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात की है। इस मुलाकात को लेकर राज्यपाल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा कि उनका अनुभव, नेतृत्व और राष्ट्र सुरक्षा के प्रति दृष्टिकोण सदैव

### नागरिकों को नुकसान से बचाया

ऑपरेशन सिंदूर पर भी बात की। इस दौरान उन्होंने बताया कि 7 मई को पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों पर हमले को आधी रात 1 से 1:30 बजे के बीच अंजाम दिया गया। उन्होंने कहा कि यह समय दो वजहों से चुना गया। पहली वजह यह थी कि हमारी सेना को अपनी तकनीकी और खुफिया क्षमताओं पर पूरा भरोसा था कि अंधेरे में भी हम सटीक तस्वीरें और सबूत जुटा सकते हैं। दूसरी और सबसे अहम वजह थी नागरिकों की सुरक्षा। जनरल चौहान ने कहा कि सुबह 5:30 से 6 बजे के बीच हमला करना आसान होता, लेकिन उस समय अजान और लोगों की आवाजाही शुरू हो जाती, जिससे कई निर्दोष लोग मारे जा सकते थे। इसलिए, सेना ने अंधेरे में हमला कर आतंकियों को निशाना बनाया और नागरिकों को नुकसान से बचाया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109